मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 197 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 13 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## पीएम मोदी की शिक्षा नीति में गांधी जी के विचारों का समावेश : गृह मंत्री अमित शाह



अहमदाबाद, एजेंसी दांडी यात्रा के 92 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज अहमदाबाद के कोचरब आश्रम पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिक्षा नीति में गांधी जी के विचारों का समावेश है दांडी यात्रा एक ऐसा आंदोलन था, जिसने दुनियाभर के आंदोलनों में एक अलग पहचान बनाईं इतने बड़ा देश और उस समय कॉम्युनिकेशन के कोई साधन नहीं थे गांधी जी बोले तो उसका लाइव सुनने की कोई व्यवस्था नहीं थी अंग्रेजों के डर की वजह से अखबारों में कुछ प्रकाशित नहीं होता था, लेकिन गांधी जी जो बोलते थे उनके शब्दों में इतनी शक्ति थी कि वह देश के कोने कोने तक पहुंच जाती थी गांधी जी दांडी यात्रा कर देशभर में चेतना जगाई और उस वक्त अंग्रेज भी उनकी दांडी यात्रा को रोक नहीं पाए यह थी सत्य और कर्त्तव्यनिष्ठा की ताकते अमित शाह ने कहा कि आज मोदी शिक्षा जो शिक्षा नीति लेकर आए है, वह मौजूदा दौर की जरूरत के मुताबिक है जिसमें गांधी ने शिक्षा को लेकर जो विचार व्यक्त किए थे, उसे इसमें शामिल किया गया है उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव को देश में तीन तरीकों से मनाने की शुरूआत की है इस महोत्सव के अंतर्गत आजादी के योद्धाओं के नाम, उनके काम और बलिदान का परिचय आज की पेढी को देना और भारत की आजादी के बाद के 75 साल की यशस्वी यात्रा को लेकर लोगों में विश्वास जगाने और 75वें वर्ष पर एक संकल्प लेना कि देश की आजादी के 100 साल पूर्ण होने पर देश दुनियाभर में पहले स्थान पर हो इस मौके पर अमित शाह ने सात दिन की साइकिल यात्रा का प्रारंभ करायो साइकिल यात्रा में 12 लोग शामिल हैं जो 7 दिन बाद दांडी पहुंचेंगे बता दें कि दांडी यात्रा की स्मृति में प्रति वर्ष प्रतिकात्मक दांडी यात्रा का आयोजन किया जाता है इस बार आयोजित साइकिल यात्रा का केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रारंभ कराया और यात्रियों से कहा कि वे जिस गांव में रात्रि विश्राम करें, वहां एक बैठकर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुने गांव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार करें इस साइकिल यात्रा के जरिए फिर एक बार गांधी विचारों से चेतना जगाने का प्रयास करें गांधी जी के विचार हमेशा जीवित रखना यह हम सभी की जिम्मेदारी है

## लॉकडाउन के दौरान लोगों ने देखा पुलिस का मानवीय चेहरा : पीएम मोदी



गांधीनगर, एजेंसी । विधानसभा चुनाव में चार राज्यों में बंपर जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पीएम मोदी के गुजरात दौरे के दूसरे दिन शनिवार को पीएम मोदी ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में अब वेल ट्रेंड मेन पावर समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में रक्षा के क्षेत्र में जो अपना करियर बनाना चाहते हैं उनके लिए ही इस यूनिवर्सिटी का जन्म हुआ है।

पीएम ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान वर्दी में कई पुलिसकर्मियों को लाकडाउन के समय जरूरतमंदों को भोजन और दवाइयां देते देखा, यही पुलिस का मानवीय चेहरा है। मोदी ने साथ ही लोगों को पुलिस के प्रति धारणा बदलने को कहा। पीएम ने युवाओं को कहा कि अपने अगर यूनिफॉर्म पहन ली, तब ये सोचने की गलती मत करना की दुनिया आपकी मुट्ठी में है। यूनिफॉर्म की इज्जत तब बढ़ती है, जब इंसान के भीतर मानवता होती है और जब उसमें करुणा का भाव होता है।

पीएम ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद कानून-व्यवस्था की भर्ती में सुधारों की आवश्यकता थी जिसमें हम पीछे रह गए। उन्होंने कहा कि पुलिस के बारे में एक धारणा है कि उनसे दूर रहो, हालांकि यह सेना के साथ नहीं है। पीएम ने कहा कि यह आवश्यक है, कि पुलिसकर्मियों को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाए कि वे लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें।

पीएम ने शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का नया परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। परिसर के उद्घाटन के दौरान उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इससे पहले गांधीनगर के दहेगाम में पीएम ने रोड शो किया। रोड शो के दौरान मोदी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिनंदन भी किया।

### संक्षिप्त समाचार

## सुरक्षा बलों के साथ 3 अलग-अलग मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर, एक गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों के साथ 3 अलग-अलग मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के पाकिस्तानी कमांडर सहित चार आतंकवादी मारे गए और एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ कश्मीर घाटी के पुलवामा, गंदेरबल और कुपवाड़ा जिलों में हुई। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के चेवाकलां इलाके में रात भर चली मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईम) के दो आतंकवादी और एक पाकिस्तानी नागरिक मारा गया। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट किया, पुलवामा मुठभेड़ में मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादी की पहचान जेईएम कमांडर कमाल भाई ह्यजट्टह्ण के रूप में हुई है। वह 2018 से पुलवामा-शोपियां इलाके में सक्रिय था, कई आतंकी अपराधों और नागरिक अत्याचारों में शामिल था।' अधिकारी ने बताया कि एक अन्य मुठभेड़ मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के सेरच इलाके में तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक आतंकवादी मारा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा के नेचमा रजवार इलाके में सुबह एक और मुठभेड़ हुई, जिसमें लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया। कुमार ने कहा कि सुरक्षा बलों ने चार-पांच स्थानों पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

## हार के बाद भी सिद्धू के तेवर बरकरार हाईकमान पर भी बरसे

अमृतसर, एजेंसी ।पंजाब में कांग्रेस की करारी हार के बाद नवजोत सिंह सिद्धू का आश्चर्यजनक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने जनता के फैसले को सही करार दिया है। सिद्धू ने कहा कि जनता ने परंपरागत राजनीतिक सिस्टम को खारिज कर दिया है, जो अच्छी बात है। सिद्धू ने कहा, ह्ययह बदलाव की राजनीति है। मैं पंजाब के लोगों को बधाई देता हूं कि उन्होंने इस तरह का अच्छा फैसला लिया है। पुरानी व्यवस्था को खत्म करके लोगों ने नई नींव रखी है। लोगों ने बड़ा बदलाव किया है और वे गलत नहीं हैं।ह्ण अमृतसर पूर्व सीट से खुद ह्यआपह्ण कैंडिडेट जीवन ज्योत कौर के हाथों हारने वाले सिद्धू ने कहा, ह्यमेरा लक्ष्य पंजाब का विकास करना है। मैं पंजाब के साथ खड़ा हूं और हमेशा साथ रहूंगा। जो भी पंजाब से प्यार करता है, वह हार और जीत की परवाह नहीं करेगा। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मुद्दा एक ही है कि कैसे पंजाब को जीत दिलाई जाए। यही नहीं एक बार फिर से उन्होंने पार्टी के ही नेताओं पर हमला बोला। सिद्धू ने कहा, ह्यजिन लोगों ने नवजोत सिंह सिद्धू के लिए गड्ढा खोदने का काम किया था, वे 100 गुना नीचे जा गिरे।

## मायावती को जांच एजेंसियों का डर दिखाकर कर दिया साइलेंट तब जीती भाजपा: शिवसेना

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में भाजपा की जीत को लेकर शिवसेना ने भगवा पार्टी के खिलाफ तीखा हमला बोला है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के जरिए बीजेपी पर बसपा प्रमुख मायावती पर दबाव बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। इसमें लिखा गया है कि यूपी चुनावों में बसपा की उपस्थिति महज औपचारिकता थी। पार्टी प्रमुख मायावती को चुनावों से दूर रहने के लिए मजबूर किया गया। मायावती की बसपा यूपी चुनाव से भाग गई और उनके वोटों को भारतीय जनता पार्टी की ओर मोड़ दिया गया। संपादकीय में कहा गया है, ह्लमायावती कभी उत्तर प्रदेश की राजनीति में रोड़ा बनकर घूमती थीं, लेकिन अब आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय एजेंसियों से दबाव बनाकर उन्हें चुनाव से दूर रहने के लिए मजबूर कर दिया गया। जिस पार्टी ने कभी उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता हासिल की थी, उसने राज्य की 403 विधानसभा सीटों में से केवल एक पर जीत हासिल की है। क्या कोई इसे स्वीकार कर सकता है उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में भाजपा की जीत को लेकर शिवसेना ने भगवा पार्टी के खिलाफ तीखा हमला बोला है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के जरिए बीजेपी पर बसपा प्रमुख मायावती पर दबाव बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। इसमें लिखा गया है कि यूपी चुनावों में बसपा की उपस्थिति महज औपचारिकता थी। पार्टी प्रमुख मायावती को चुनावों से दूर रहने के लिए मजबूर किया गया। मायावती की बसपा यूपी चुनाव से भाग गई और उनके वोटों को भारतीय जनता पार्टी की ओर मोड़ दिया गया। संपादकीय में कहा गया है, ह्लमायावती कभी उत्तर प्रदेश की राजनीति में रोड़ा बनकर घूमती थीं, लेकिन अब आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय एजेंसियों से दबाव बनाकर उन्हें चुनाव से दूर रहने के लिए मजबूर कर दिया गया। जिस पार्टी ने कभी उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता हासिल की थी, उसने राज्य की 403 विधानसभा सीटों में से केवल एक पर जीत हासिल की है। क्या कोई इसे स्वीकार कर सकता है

## कांग्रेस के भरोसे नहीं रह सकते भाजपा को हराने की रणनीति भी बताई: ममता

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि अगर भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में परास्त करना है तो पूरे विपक्ष को साथ मिलकर लड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इन चुनावों से साबित हो गया है कि कांग्रेस अपनी विश्वसनीयता खो रही है और 2024 में भाजपा से मुकाबले के लिए इस सबसे पुरानी पार्टी के रुख की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यजो राजनीतिक दल भाजपा से लड़ना चाहते हैं, उन्हें एक साथ आना चाहिए। कांग्रेस अपनी विश्वसनीयता खो रही है। हम कांग्रेस पर निर्भर नहीं रह सकते।ह्ण ममता बनर्जी ने कहा कि अगर कांग्रेस चाहे तो हम सभी (2024 के आम चुनाव) एक साथ लड़ सकते हैं। अभी आक्रामक मत बनें, सकारात्मक रहें। यह जीत (चार राज्यों में विधानसभा चुनाव) भाजपा के लिए बड़ी क्षति साबित होगी। उनका यह कहना अव्यावहारिक है कि 2022 के चुनाव परिणाम 2024 के चुनावों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसके साथ ही ममता बनर्जी ने भाजपा पर चुनावी मशीनरी का उपयोग करके वोट लूटने का भी आरोप लगाया। जीतने के लिए चुनावी मशीनरी का इस्तेमाल ममता ने कहा जीत पर भाजपा को अधिक हल्ला नहीं करना चाहिए। यह फैसला वोटों को लूटने के लिए चुनावी मशीनरी के खुले तौर पर इस्तेमाल के कारण है। बनर्जी की टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के गुरुवार के इस बयान के बाद आई है कि चार राज्यों के चुनावी फैसलों ने 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजे तय कर दिए हैं। पीएम मोदी ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय से पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए गुरुवार कहा था, ह्यजब हमने 2019 में (केंद्र में) सरकार बनाई तो विशेषज्ञों ने कहा कि यह 2017 की जीत (उत्तर प्रदेश में) के कारण है।

## संवेदनशील तकनीक हैंडल नहीं कर सकता भारत : पाकिस्तान

### पाकिस्तानी एनएसए ने की जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। 9 मार्च को भारत द्वारा गलती से मिसाइल फायर हुई जो पाकिस्तान में जा गिरी थी। इस पर पाकिस्तानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) मोईद यूसुफ ने भारत की संवेदनशील तकनीक को संभालने की क्षमता पर सवाल उठाकर घटना की जांच की मांग की है।

भारत ने कहा था कि दो दिन पहले 9 मार्च को गलती से एक मिसाइल फायर हो गई थी, जो पाकिस्तान में जा गिरी थी। भारत का कहना था कि यह बेहद खेदजनक घटना नियमित रखरखाव के दौरान, एक तकनीकी खराबी की वजह से हुई थी।

इस पर मोईद युसूफ ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि भारत सरकार ने पाकिस्तान को इस घटना की जानकारी देने की जहमत तक नहीं की। उन्होंने कहा, इससे भारत की इस तरह की संवेदनशील तकनीक को संभालने की क्षमता पर गंभीर सवाल उठता है। उन्होंने कहा कि मिसाइल अंतरराष्ट्रीय और घरेलू एयरलाइंस के रास्ते के बेहद करीब थी और इससे नागरिकों की सुरक्षा को खतरा था। भारत ने पाकिस्तान को इस बात की तुरंत सूचना नहीं देने के लिए, भारतीय अधिकारियों की आलोचना की। उन्होंने कहा, ह्यपरमाणु वातावरण में, इस तरह की लापरवाही भारतीय हथियार प्रणालियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है। एनएसए ने कहा, 9 मार्च की घटना और इससे पहले की घटनाओं को देखते हुए, दुनिया को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या भारत अपने परमाणु और अन्य अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम है।

यूसुफ ने भारत में यूरेनियम चोरी की रिपोर्ट की गई, कई घटनाओं की तरफ भी इशारा कर कहा कि भारतीय नागरिकों को हाल ही में यूरेनियम की तस्करी करते हुए गिरफ्तार भी किया गया था। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि पाकिस्तान ने बार-बार दुनिया से 'भारत के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार' पर ध्यान देने को कहा था जिसे हर बार अनदेखा किया गया और भारत ने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा करना जारी रखा।

## रूस-यूक्रेन की जंग में मोहरा बना अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन

मास्को, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग में अब अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। रूस लगातार अपने ऊपर लगे कड़े प्रतिबंधों को लेकर न सिर्फ आगाह कर रहा है, बल्कि रुस अब धमकी तक देने लगा है। रूस इस जंग को जीतने और पश्चिमी देशों सहित अमेरिका पर दबाव बनाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

इसी कड़ी में रुस ने धमकी दी है कि उसके खिलाफ लगे पश्चिमी देशों और अमेरिकी प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण बन सकते हैं। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख ने चेतावनी दी, दंडात्मक उपायों को उठाने का आह्वान किया है। बता दें कि जब से रूस और यूक्रेन के बीच जंग शुरू हुई है, तभी से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसके पहले रूसी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा था कि आईएसएस इन हालातों में भारत या चीन पर गिर भी सकता है। पशचिमी देशों और अमेरिका के लगातार बढ़ते प्रतिबंधों के बीच रूसी अंतरिक्ष एजेंसी ने रोस्कोमोस ने इसके संकेत दिए हैं, कि वहां आने वाले समय में अपना स्पेस स्टेशन तक स्थापित कर सकता है। हालांकि इस काम में उस कुछ समय जरूर लग जाएगा। इस बीच बताया है कि अंतरिक्ष स्टेशन की ऊंचाई को बढ़ा दिया गया है।

बता दें कि अंतरक्षि स्टेशन में रूस की अहम भागीदारी रही है। अमेरिका इसके संचालन में रूस का सहयोग लेता रहा है। वहीं अमेरिका और रूस समेत दूसरे देशों के अंतरिक्ष यात्री इस स्टेशन का हिस्सा बनते आए हैं। गौरतलब है कि रूस ने यूक्रेन पर 24 फरवरी को हमला किया था। इसके बाद से लगातार रूस यूक्रेन में बमबारी कर रहा है। बीते कुछ दिनों से रूस ने यूक्रेन के कई शहरों में जबरदस्त हवाई हमले किए हैं। इनमें कई लोगों की मौत हो गई है।

एएफपी के मुताबिक रूस की सेना कीव से अब अधिक दूर नहीं रह गई है। वहीं यूक्रेन के प्रमुख बंदरगाह वाले शहर मारियुपोल पर भी रूस के जबरदस्त हमले जारी हैं। इन हमलों से बचने के लिए लगातार लोग यूक्रेन से भाग रहे हैं। पड़ोसी देशों में अब तक यूक्रेन के करीब 20 लाख शरणार्थी पहुंच चुके हैं। हर रोज इनकी गिनती बढ़ती ही जा रही है।

## सीएम पद की शपथ लेने से पहले मान ने दिया पूर्व मंत्रियों और विधायक को झटका, सभी की सुरक्षा वापस ली



चड़ीगढ़, एजेंसी। भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पहले पंजाब पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य के सभी पूर्व मंत्रियों व पूर्व विधायकों की सुरक्षा वापस लेने के आदेश जारी हुए हैं। यह आदेश एडीजीपी ने सभी पुलिस प्रमुखों को भेज दिए हैं।

मुख्यमंत्री मान ने सत्ता संभालने से पहले पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों, अलग-अलग राजनीतिक पार्टी के पूर्व अध्यक्षों की सुरक्षा वापस लेने का निर्णय लिया। एडीजीपी सिक्योरिटी पंजाब की ओर इस लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

पंजाब की पूर्व चन्नी सरकार में मंत्री रहे लगभग सभी विधायकों की सुरक्षा वापस लेने के आदेश जारी किए हैं। बात दें कि 400 से ज्यादा अलग-अलग बटालियनों व कमांडो फोर्सेस के कर्मचारी इन वीआईपी की सुरक्षा में लगे हुए थे। सुरक्षा तत्काल प्रभाव से वापस लेने का आदेश जारी हुए हैं। पुलिस विभाग की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक 13 पूर्व मंत्रियों, एक पूर्व डिप्टी स्पीकर सहित 122 लोगों की सुरक्षा वापस ली गई है। इनमें 100 से ज्यादा पूर्व और मौजूद विधायक हैं।

सबसे ज्यादा सुरक्षा पंजाब की पूर्व सरकार में मंत्री रहे अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग और वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल की वापस ली गई है। मनप्रीत बादल को सुरक्षा दे रहे 19, अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग से 21, परगट सिंह से 17, अरुणा चौधरी, राणा गुरजीत सिंह से 14-14 कर्मचारी वापस लिए गए हैं। वहीं राजकुमार वेरका से 11, भारत भूषण आशू से 16, ब्रहम मोहिंद्रा से 14, संगत सिंह गिलजिया से 15, रणदीप सिंह नाभा से 15, अजैब सिंह भट्टी से 2, राणा केपी सिंह से 13, राजिया सुल्ताना से 4, गुरप्रीत सिंह कांगड से 6, तृप्त राजिंदर बाजवा से 14, सुखविंदर सिंह सकारिया से 14, बिंदरमीत सिंह से 3, सुखपाल सिंह भुल्लर से 4, कुलजीत सिंह नागरा से 2, कुशलदीप सिंह किकी ढिल्लों से 4, हरप्रताप सिंह अजनाला से चार सुरक्षा कर्मचारी वापस ली गई है। बाकी के पूर्व विधायकों, राजनीतिक पार्टियों के पूर्व अध्यक्षों की सुरक्षा में एक से दो पुलिस कर्मचारी तैनात थे। एडीजीपी सुरक्षा की ओर से संबंधी आदेशों की प्रतियां स्पेशल डीजीपी स्टेट आर्म्ड पुलिस, कमांडेट जनरल पंजाब होम गार्ड एडं डायरेक्ट सिविल डिफेंस पंजाब, एडीजीपी एसपीयू, एसओजी, सीडीओ, सभी रेंजों के आइजीपी को भेजी गई हैं। इन आदेशों पर तत्काल प्रभाव से काम करने को कहा गया है।

## योगी का दिल्ली दौरा पीएम मोदी, नड्डा से मिलेंगे सीएम

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 मार्च को दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। वहां वह पीएम नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है होली के बाद योगी आदित्यनाथ का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। मिली जानकारी के अनुसार योगी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है यूपी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए बीजेपी संगठन ने कुछ तारीखों को केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा है। इस सम्बन्ध में नई दिल्ली में बैठक हुई जिसमें शपथ ग्रहण की तारीख पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। सूचना है कि नई दिल्ली में होने वाली बैठक में बीजेपी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संगठन महामंत्री सुनील बंसल भी मौजूद रहेंगे। 13 मार्च से दिल्ली में यूपी संगठन के साथ बैठकों का दौर शुरू होगा। बताया जा रहा है कि यूपी में योगी सरकार पार्ट-2 के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री और बड़े नेता मौजूद रहेंगे। भाजपा शासन वाले प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी इसका हिस्सा बन सकते हैं। यूपी की सत्ता में बीजेपी की वापसी प्रचंड जीत से हुई है। इस चुनाव में भाजपा ने अकेले 255 सीटें जीती हैं। 403 सदस्यों वाली यूपी विधानसभा में बहुमत के लिए 202 विधायकों की जरूरत होती है। योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलकर उन्हें अपना औपचारिक इस्तीफा सौंप दिया है। इस बीच आज लखनऊ पांच कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। बताया जा रहा है कि चुनाव में भारी जीत के बाद योगी आदित्यनाथ से मिलकर बधाइयों देने का क्रम चल रहा है।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने मृतकों के लिए एक करोड़ एवं घायलों के लिए पांच लाख रुपये देने की मांग की



नई दिल्ली, 12 मार्च। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने आज गोकलपुरी में आग लगने से कुल सात लोगों की हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह भीषण अग्निकांड हृदय विदारक है। यह बेहद दुखद है कि दिल्ली देश की राजधानी होने के बावजूद बिजली का कनेक्शन सही नहीं है। सरकार की गलत नीतियों एवं बिजली की अव्यवस्था के कारण ही आज एक ही परिवार ने अपने पांच सदस्यों को खो दिया है। साथ ही 60 से अधिक झोपड़ी आग के भेंट चढ़ गई है। श्री गुप्ता ने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और अपनी संवेदना प्रकट की।

गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से एक शोकाकुल परिवार से मिलते समय केजरीवाल ने तालियां बजवाई वह मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना है। उनके पास मानवता बची नहीं है। खुद के घरों में 10 करोड़ की स्वीमिंग पुल बनवाने वाले केजरीवाल गरीबों का पूरा घर एवं दहेज देने का सामान के साथ सब कुछ जलकर राख हो जाने पर सिर्फ 25000 रुपये देने की बात कर रहे हैं, इससे बड़ी शर्मनाक बात और क्या हो सकती है। उन्होंने केजरीवाल से मांग की कि जिन लोगों का घर जला है उन्हें पक्का मकान दें और उनके नुकसान की भरपाई करे। साथ ही जिन लोगों की मृत्यु हुई है उनके परिवार वालों को एक करोड़ रुपये और जो लोग घायल हुए हैं उन्हें पांच लाख रुपये दिया जाए।

आदेश गुप्ता ने केजरीवाल सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज अगर जहां झुग्गी वहीं मकान योजना का सही ढंग से क्रियान्वयन हुआ होता तो शायद यह दिन देखने को नहीं मिलते। झुग्गी में रहने वालों को अपना जीवन स्तर सुधारने का मौका मिलता एवं बिजली-पानी की व्यवस्था में सुधार होता। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास में अपना योगदान देने वाले मजदूर आज मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं और उसी का नतीजा है कि इतनी बड़ी दुर्घटना हुई है। इस मौके पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा, प्रदेश मंत्री श्री नीरज तिवारी एवं जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद सहित मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दो भगोड़े घोषित अपराधी गिरफ्तार : अमृता गुगुलोथ आईपीएस

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता







दो भगोड़े अपराधी वीणा रानी आयु-63 वर्ष निवासी मोहन गार्डन उत्तम नगर जिसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास का पुलिस स्टेशन उत्तम नगर में एवं ममरेज खान आयु -54 वर्ष निवासी जिला मेवात (एचआर) जिसके खिलाफ पुलिस स्टेशन दिल्ली कैंट में एक्सीडेंट का मामला दर्ज दर्ज था । नई दिल्ली जिले ने दो अलग-अलग अभियानों में गिरफ्तार किया है । मामले की सुनवाई के दौरान, आरोपी वीणा रानी अदालत में उपस्थित नहीं हुई और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से बच कर छिप रही थी जिसे एमएम, रोहिणी कोर्ट दिल्ली द्वारा 09.05.2008 को भगोड़ा घोषित किया गया। दूसरे मामले में आरोपी ममरेज अदालत में उपस्थित नहीं हुआ और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से भाग कर छिप रहा था। इसके बाद, उसे 06.08.2012 को एमएम/द्वारका कोर्ट , दिल्ली द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया। इन्हे पकड़ने के लिए एक ऑपरेशन टीम का गठन किया गया जिसमें एसआई जय सिंह, एएसआई इंदर सिंह, एचसी सरवनदीप, एचसी रविंदर और महिला कांस्टेम बल रेणु बाला को शामिल किया गया । टीम का नेतृत्व सतविंदर सिंह, एसएचओ / मंदिर मार्ग, नई दिल्ली को सौपा गया और टीम का पूरा सुपरविजन विनय माथुर, एसीपी/कनॉट प्लेस ने किया अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम ने कड़ी मशक्कत की और गोपनीय जानकारियां जुटाईं।अमृता गुगुलोथ आईपीएस उपायुक्त पुलिस नई दिल्ली जिला ने बताया कि गुप्त सूचना एवं नियमित अनुश्रवण के आधार पर टीम ने आरोपी वीणा रानी को उसके वर्तमान पते से गिरफ्तार कर लिया। उसी दिन टीम ने दिल्ली के आउटर रिंग रोड स्थित पुलिस पोस्ट सुबार्टो पार्क के पास चाय की दुकान से एक अन्य भगोड़े अपराधी ममरेज खान को गिरफ्तार किया ।

## संक्षिप्त समाचार

### उपचुनाव का ऐलान; 12 अप्रैल को वोटिंग, नतीजे 16 को आएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, बिहार और महाराष्ट्र में उपचुनाव की तारीख की घोषणा कर दी है। बंगाल की दो और छत्तीसगढ़, बिहार, महाराष्ट्र की एक-एक सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन 17 मार्च से शुरू होगा, नामांकन की आखिरी तारीख 24 मार्च है। 25 मार्च को नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों के दस्तावेज जांचें जाएंगे। वहीं उम्मीदवार 28 मार्च तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। सभी पांचों सीटों पर 12 अप्रैल को वोटिंग होगी और 16 अप्रैल को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, पश्चिम बंगाल की आसनसोल (40) लोकसभा सीट, बैलीगंज (161) विधानसभा सीट, छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ (73) विधानसभा सीट, बिहार की (91) बोचहां विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की कोल्हापुर (276) विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है।

### पीएम मोदी ने दिल्ली के गोकुलपुरी अग्निकांड पर जताया दुख



नई दिल्ली, एजेंसी। पीएम नरेंद्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके के झुग्गी-झोपडी बस्ती में लगी भयानक आग पर दुख जाहिर करते हुए इस अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। देश की राजधानी दिल्ली में हुए इस अग्निकांड पर दुख जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, दिल्ली के गोकुलपुरी में अग्निकांड से हुआ हादसा हृदयविदारक है। इस हादसे में जिन लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मैं गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। ईश्वर उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। गोकुलपुरी इलाके की झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में शुक्रवार देर रात लगी भीषण आग में एक बच्चे सहित कुल 7 लोगों की जलकर मौत हो गई है। इस भीषण आग की वजह से 60 के लगभग झुग्गियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं और 30 के लगभग झुग्गियां तो पूरी तरह से जल गई हैं। लोकसभा सांसद और दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने दिल्ली सरकार से इस अग्निकांड की न्यायिक जांच कराने और मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देने की मांग भी की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गोकुलपुरी पहुंचे, जहां बीती रात झुग्गियों में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, मैं इस हादसे से दुखी हूं जिसमें 7 लोगों की मृत्यु हो गई है। बहुत मेहनत के बाद गरीब अपना ठिकाना बनाते हैं। सरकार मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए, मृतक बच्चों के परिवारों वालों को 5 लाख रुपए और जिनकी झोपड़ियां जली हैं उन्हें 25,000 रुपए देगी।

# नागरिकों के सवालों के जवाब के लिए पुलिस ने किया ट्विटर लाइव का आयोजन



दिल्ली पुलिस के ह्यआस्क मी एनीथिंगह्व लाइव ट्विटर सत्र का 5वां संस्करण आज दोपहर 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन महिला एवं बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई (एसपीयूडब्ल्यूएसी) के पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय एन. टिर्की ने किया। उन्होंने स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वीमेन एंड चिल्ड्रन ,दिल्ली पुलिस से संबंधित लोगों की सभी शंकाओं और आशंकाओं को व्यापक रूप से संबोधित किया। लाइव सत्र पुलिस-सार्वजनिक संबंधों का एक सशक्त माध्यम रहा और नागरिकों को अपने प्रश्न पूछने का अवसर प्रदान प्रदान किया सत्र की शुरूआत डॉ0. जॉय एन. टिर्की, उपायुक्त पुलिस एसपीयूडब्ल्यूएसी ने नागरिकों को एसपीयूडब्ल्यूएसी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मामलों के बारे में जानकारी देने के साथ की, जिस तरह के मामलों से वे निपटते हैं। उनसे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी पूछा गया। उन्होंने दिल्ली पुलिस की विभिन्न महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे शक्ति, निर्भीक और नाजुक का भी उल्लेख किया, जो महिलाओं और बच्चों के कल्याण और सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे हैं। लोगों ने कई सवाल पूछे, कुछ वैवाहिक विवादों में काउंसलिंग, दहेज उत्पीड़न के मामले, बच्चों के खिलाफ अपराध और घरेलू हिंसा आदि से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि इन सभी पर अंकुश लगाया जा सकता है अगर लोगों को अच्छी तरह से सूचित किया जाए और लगभग हर जिले में मौजूद विभिन्न पिंक बूथों से जानकारी ली जाए। नागरिकों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में नागरिकों को जानकारी से अवगत कराते हुए यूनिट के उपायुक्त पुलिस डॉ0. जॉय एन. टिर्की ने सत्र का विधिवत समापन किया । उन्होंने विशेष संवाददाता विजय गौड़ को जानकारी साँझा करते हुए बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वीमेन एंड चिल्ड्रन ( एसपीयूडब्ल्यूएसी) की ओर से दिल्ली के सभी इच्छुक स्कूलों और विश्वविद्यालयों में आत्मरक्षा और लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया है , जिसके लिए शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों की सहमति उनके लिए प्रसन्नता का विषय होगा।

# चार राज्यों में भाजपा की जीत परिवारवाद, भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश : डॉक्टर के लक्ष्मण

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता



ओबीसी मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के. लक्ष्मण ने 4 राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, एवं गोवा विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश है। डॉ लक्ष्मण ने कहा कि राष्ट्रवाद का साथ देकर देश की जनता ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसे राष्ट्र की चिंता है तथा देश के सभी समाज की चिंता है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए जो आजादी के 75 वर्षों बाद भी नहीं हो सका था ।डॉ लक्ष्मण ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति के कारण तथा भ्रष्टाचार और परिवार के कारण आज उसका अंत हो रहा है। अल्पसंख्यक समाज के लिए भी कांग्रेस की सरकार ने कभी कुछ नहीं किया, जबकि आजादी के बाद लगभग 50 वर्षों तक कांग्रेस सत्तासीन रही। आज अल्पसंख्यक समाज भी इस सच्चाई को समझ रहा है तथा वह भाजपा के साथ जुड़ रहा है। राष्ट्रवाद की विचारधारा को किसी परिधि में नहीं बांधा जा सकता इसमें सर्व समाज, सर्व धर्म के लोग समाहित हैं। ऐसे में भाजपा परिवार आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। उन्होंने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होगा। वहीं विश्व के नेतृत्व में भी भारत की भूमिका अहम होगी । आज जब भी विश्व में कोई बड़ी घटना या संकट की स्थिति बनती है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि उसमें अति महत्व भूमिका होती है यह भारत के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

# केजरीवाल का जहां झुग्गी वहीं मकान का वायदा खोखला साबित हुआ : चौ. अनिल कुमार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने गोकुल पुरी झुग्गी झौपड़ी बस्ती में आग लगने के बाद घटना स्थल का दौरा किया जहां बड़ी संख्या में लोग बर्बाद और बेघर हो गए तथा आग में झुलस कर 2 बच्चों सहित 7 लोगों की मृत्यु भी हो गई, जिस पर गहरा दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। प्रदेश अध्यक्ष ने अफसोस जताते हुए कहा कि इतने बड़े हादसे के बाद अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस नेताओं के दौरे के बाद मात्र औपचारिकता पूरी करने के लिए घटना स्थल पहुचे जबकि अपनी पार्टी जीत का जश्न मना रहे है।

गोकलपुरी जेजे कॉलोनी की घटना स्थल दौरे में प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जय किशन, उपाध्यक्ष अली मेंहदी, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, ईश्वर बागड़ी और प्रमोद जयंत भी शामिल थे।

चौ. अनिल कुमार ने सरकार से मांग की कि मृतकों, पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा मिले व प्रभावित लोगों की पुर्नवास की व्यवस्था तुरंत की जानी चाहिए। आग पर नियंत्रण पाने के मामले में अग्निशमन और पुलिस द्वारा भारी लापरवाही बरती गई क्योंकि रात 12 बजे कॉल हुई परंतु 2 बजे अग्निशमन की गाड़ी पहुची। उन्होंने कहा कि गरीब के पास बर्तन कपड़ों के अलावा ज्यादा कुछ होता नही है और वो भी इनका आग में जलकर सब कुछ बर्बाद हो गया। सरकार अपने दायित्व का निर्वहन करे ताकि गरीब लोगां की पीड़ा कम हो सके। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से केजरीवाल के कुशासन में दिल्ली पिछड़ती जा रही है। सरकार के गैरजिम्मेदराना, निष्क्रियता और गरीब विरोधी नीतियों के चलते राजधानी में गरीबों की संख्या लगातार बढ़ रही है तथा पढ़ा लिखा युवक अजीविका चलाने के लिए मजबूरी में मजदूरी कर रहा है, यह कड़वी सच्चाई है।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल कहते है कि दिल्ली में सब कुछ ठीक है परंतु जो दिखाया जा रहा है।

# शुरू हो गया 19 वां नट्सम्राट नाट्योत्सव

» अभिषेक मानव



दिल्ली। भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया 19वां नट्सम्राट नाट्योत्सव शुक्रवार को प्रतिभावान रंगकर्मियों के नेतृत्व में में धूमधाम से शुरू हुआ। बंटवारा शब्द के सभी अर्थों की व्याख्या करने में सक्षम नाटक लाजवंती का मंचन इस समारोह के प्रथम दिन के प्रर्दशन का मुख्य आकर्षण बना। आज कुल दो नाटकों का मंचन हुआ।पहला नाटक लाजवंती और दूसरा नाटक गधे की बारात की प्रस्तुति मझें हुए रंगकर्मियों द्वारा की गई। नाटक के दौरान रेडियो की बात देशों के बंटवारे से संबंधित जरूर है लेकिन जमीन से जुड़ी बातचीत सुनकर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे किसी मानव शरीर के कई टुकड़े कर दिए गए हों। जमीन और नारी के साथ जुड़े विभिन्न पंथों के सदाचारी व धार्मिक मनुष्यों के जीवन को प्रर्दशित कर पाने में सक्षम प्रतीत हुआ नाटक लाजवंती का मंचन। लाजवंती के पात्र के रूप में सरिता शर्मा और नाटक के प्रमुख पात्र चंद्रशेखर शर्मा ने न सिर्फ अपने अभिनय क्षमता से दर्शकों का मन मोह लिया यद्यपि अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में भी सफल साबित हुये ।प्रख्यात रंगकर्मी मुनमुन के मंच संचालन से शुरू हुये इस समारोह का स्वागत उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से किया। दूसरा नाटक गधे की बारात का मंचन विश्व दीपक त्रिखा के निर्देशन में किया गया। भारतीय अध्यात्मिक मान्यताओं पर तंज करते हुए भक्ति के पथ को सुगम बनाने के उद्देश्य से तैयार किए गए इस नाटक ने भी दर्शकों के हृदय पर सांस्कृतिक हस्ताक्षर करने में सफलता पाई। इस नाटक में कलाकार के रूप में सुरेंद्र शर्मा, अविनाश सैनी, सुजाता रोहिल्ला, शक्ति सरोवर त्रिखा, तरूण त्रिखा, रिंकी,मानसी मिडालानी, पंखुरी गुप्ता और नरेश की अभिनय क्षमता को भरपूर सराहा गया। अपने संबोधन में नट्सम्राट समूह के निर्देशक श्याम कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर शर्मा से हमारे 18 साल पुराने संबंध हैं ।इनको स्मृति चिन्ह प्रदान कर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। नाटक में संगीत उदयन गुप्ता ने दिया तो प्रकाश परिकल्पना की जिम्मेदारी विनीत त्रिपाठी ने निभाई।

# पर्यावरण चेतना साइकिल यात्रा व 'फिट इंडिया मूवमेंट' से गुरुग्राम होगा स्वच्छ व ग्रीन



» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। मिलेनियम सिटी को प्रदूषणकारी वातावरण से बचाने के लिए जागरूकता पैदा की जाएगी। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमें ह्लफिट इंडिया मूवमेंटह्व से भी समर्थन मिल रहा है, जो भारत के प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है, जो लोगों को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधि और खेल को शामिल करके स्वस्थ और फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। विषय कार्यक्रम अब रविवार 3 अप्रैल 2022 के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है* जो पहले जनवरी 2022 के महीने में आयोजित किया जा रहा था। इस ह्लपर्यावरण चेतना साइकिल यात्राह्व का लक्ष्य गुरुग्राम के बिगड़ते पर्यावरण को बचाने के लिए होगा जो आज तक उपेक्षित है। जो भी कारण हो और आम नागरिकों को पर्यावरणीय खतरों और संबंधित मुद्दों से अवगत कराने के लिए यह अति आवश्यक है। यह मिलेनियम सिटी आज जिन परिस्तिथियों से गुजर रहा है और आने वाले वर्षों में सामना करने जा रहा है यदि हम सुधारात्मक उपाय नहीं करते हैं तो हमारी आने वाली पीढ़ियां इसके भयानक परिणाम भुगतेंग। इसके सुधार के लिए हम सभी को समय रहते सही कदम उठाने होंगे।

वैली में अंतिम गंतव्य बिंदु तक रूट में शामिल हो सकते हैं। पर्यावरण साइकिल यात्रा में प्रारंभिक अनुमान लगभग चार समूहों के लिए है। चरों समूहों में लगभग 1250 साइकिल चालक शामिल होंगे ।

घर में कचरा अलग करके स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण की रक्षा के लिए एमसीजी हमारी टीम के साथ विशेष कार्यशालाएं भी आयोजित करेगा जहां वृक्षारोपण और अवशिष्ट पृथक्करण अभियान नियमित रूप से आयोजित किए जा सकते हैं। पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता के बारे में विशाल आबादी के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए गुरुग्राम में इलाकों और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज में छोटे कार्यक्रमों की भी योजना बनाई जा रही है जो निरंतर प्रक्रिया है।

# आपका बेटा आपके साथ है, दिल्ली सरकार आगजनी से पीड़ित हर परिवार को देगी आर्थिक मदद : अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में शुक्रवार देर रात झुग्गियों में भीषण आग लगने से हुई सात लोगों की दर्दनाक मौत पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। घटना की जानकारी मिलने पर सीएम अरविंद केजरीवाल खुद मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवारों से मिलकर उनको सांत्वना दी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपका बेटा, आपका भाई आपके साथ है। दिल्ली सरकार आगजनी से पीड़ित हर परिवार को आर्थिक मदद देगी। हम आपके नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकते, लेकिन सरकार की तरफ से जिन बड़े लोगों की जान गई है, उनके लरिवर को 10-10 लाख और जिन बच्चों की जान गई है, उनके परिवार को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही, जिन लोगों की झुग्गियां जली हैं, उन्हें 25-25 हजार रुपए दिए जाएंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक गरीब आदमी बड़ी मुश्किल से अपनी झुग्गी बनाता है और अगर उसके घर में किसी की मौत हो जाए, तो यह बहुत दुख की बात है। हम कोशिश कर रहे हैं कि जल्दी से जल्दी एक-दो दिन में सहायता राशि जारी कर दी जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके।

नार्थ-ईस्ट दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में स्थित झुग्गियों में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर सात लोगों की दर्दनाक मौत होने की बात सामने आई है। इसकी जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर उनको सांत्वना दी और सरकार की तरफ से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिए। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने पीड़ितों से बात कर उनसे घटना के बारे में जानकारी भी ली और पूरे घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा भी लिए। उन्होंने पीड़ित परिवारों से उनके नुकसान की जानकारी ली और उनको सांत्वना देते हुए सरकार की तरफ से पूरी मदद देने का आश्वासन दिए।

-जिन-जिन लोगों की मौत हुई है, उन्हें सरकार की तरफ से आर्थिक मदद दी जाएगी :अरविंद केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोकुलपुरी में आगजनी से पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान कहा कि सुबह जब सोकर उठा और टीवी पर देखा कि यहां पर रात को आग लग गई थी। आग लगने की वजह से यहां कई झुग्गियां जल गई हैं और सात लोगों की मौत भी हो गई है। इन सभी पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मुझे बहुत दुख है कि आगजनी में इतने लोगों की झुग्गियां जल गई। खासकर एक गरीब आदमी बड़ी मुश्किल से अपनी झुग्गी बनाता है। अगर उनके घर में किसी की मौत हो जाए तो यह बहुत दुख की बात है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि जिनकी मौत हुई हैं, उन्हें भगवान शांति प्रदान करे। सीएम श्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम आपके नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकते, लेकिन सरकार की तरफ से जिन-जिन लोगों की मौत हुई है, उन्हें आर्थिक मदद दी जाएगी। जिन बड़े लोगों की मौत हुई है, उनके परिवार को को दिल्ली सरकार की तरफ से 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी और जिन बच्चों की मौत हुई है, उनके परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं, जिन-जिन लोगों की झुग्गियां जली हैं, उन परिवारों को दिल्ली सरकार की तरफ से 25-25 हजार रुपये दिए जाएंगे। हम कोशिश करेंगे कि जल्दी से जल्दी एक दो दिन में सहायता राशि को जारी कर दी जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव छोड़ करते हैं मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट!



अजय सक्सेना, मदरलैंड संवददाता, मैनपुरी । समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा दे सकते हैं । ऐसे में वहां उपचुनाव कराया जाएगा । इसके पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि वर्ष 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं और अखिलेश यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने में जुटेंगे । चूंकि अखिलेश आजमगढ़ से सांसद हैं और यहां की जनता ने उन्हें 10 में से 10 विधानसभा सीटें दी हैं, ऐसे में अखिलेश वहां से सांसद बने रहेंगेउत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 से भी यह साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी का मजबूत विकल्प समाजवादी पार्टी ही बन सकती है । बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ भी उनके नजदीकी रिश्ते हैं । ऐसे में अखिलेश अब मजबूती से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटेंगे ।

### 14 मार्च को निकलेगा रंग भरनी एकादशी मेला

फैजान भारती, मदरलैंड संवददाता, सिकंदराराऊ गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कस्बा में धूमधाम के साथ 14 मार्च सोमवार को मोहल्ला बगिया बारहसैनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से रंग भरनी एकादशी फूल डोल मेला निकाला जाएगा । आयोजको द्वारा तेजी के साथ मेले की तैयारियां की जा रही है । आयोजकों ने लोगो से मेले में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है ।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

मदरलैंड संवददाता, सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला बिहारी निवासी एक महिला को नामजदो ने मारपीट कर घायल कर दिया । पीड़िता ने कोतवाली में एक महिला समेत तीन नामजदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है । पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है । गांव नगला बिहारी निवासी गुड्डो देवी पत्नी दिनेश कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने घर के बाहर बैठी हुई थी । उसी दौरान गांव के ही देवेंद्र पुत्र भूदेव सिंह, मिथिलेश देवी पत्नी देवेंद्र सिंह व वीनेश पुत्र देवेंद्र सिंह गाली गलौज देते हुए आए । जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके ऊपर से लाठी डंडो से प्रहार कर दिया । जिससे वह लहूलुहान हो गए । आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए । रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है ।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष न्यायाधीश ने विधुत के 416 केस समझौता के आधार पर निस्तारित किये

मदरलैंड संवददाता, मैनपुरी । सिविल कोर्ट दीवानी मैनपुरी पर 12 मार्च के राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सिंह द्वारा की गई उनके निदेर्शानुसार विधुत चोरी के केस की सुनवाई विशेष अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती पूनम राजपूत द्वारा की गई उनके विशेष प्रयास से विधुत चोरी के उन केसों को समाप्त किया जिनकी एफ आई आर होने के बाद विधुत विभाग में चोरी का राजस्व व शमन जुमार्ना जमा कर दिया है उनकी जमा रसीदों का सत्यापन अधिशासी अभियंता से कराये जाने पर विभागीय अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह कटारिया की रिपोर्ट पर 416 केसों को समझौते के आधार पर समाप्त करने की कहा गया जिस पर न्यायधीश पूनम राजपूत ने विधुत चोरी के केस को समाप्त किया । लोक अदालत में विधुत विभाग से अधिशासी अभियंता मागेंद्र कुमार प्रथम, आशीष गुप्ता द्वितीय, जी सी एल भटनागर तृतीय, कोर्ट क्लर्क चंद्रहास यादव, सुरेश यादव, धर्मेद्र यादव, हरिपाल सिह, आशीष कुमार उपस्थित रहे ।

### रात के अंदर का फायदा उठा कार सवार चोरों ने चुराई बकरियां

मदरलैंड संवददाता, मैनपुरी करहल । थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि वह रात के अंदरे का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं । पीड़ित आपबीती लेकर थाने में जाते हैं और तहरीर देकर बेरंग वापस लौट आते हैं । क्षेत्रीय जनता की जुबां पर सिर्फ एक ही बात है कि क्या हमारे थाने की पुलिस इन कार सवार चोरों को पकड़ने में सफल हो पाएगी कि नहीं ? शनिवार की दोपहर थाना क्षेत्र के गांव एमनपुर निवासी अमित पुत्र आंछेलाल पाल ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात्रि करीब 03.00 बजे वह घर के बरामदे में सो रहा था । जहां वह लेटा था उसी के पास उसकी दो बकरियां भी बंधी थी । जिन्हें कोई अज्ञात चोर चार पहिया की गाड़ी में खोलकर लाद ले गए तथा गांव के ही रनवीर पुत्र रामकिशन की भी एक बकरी को खोलकर चोरी कर ले गए और वह गांव गुम्हीरा की तरफ भाग गए । गांव गुम्हीरा में लगे सीसीटीवी कैमरे में उस गाड़ी को जाते हुए देखा गया है । पीड़ित ने थाने पर तहरीर देते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई है ।

### घरेलू बंटवारे से नाराज कलयुगी पुत्र और उसकी पत्नी ने मां को पीटा

मदरलैंड संवददाता, मैनपुरी/किशनी । जरा से हिस्सा बांट पर लोग इतने नाराज हो जाते हैं कि रिश्ते और नातों की मयार्दा तक भूल जाते हैं और माता पिता तक पर हाथ उठाने से परहेज नहीं करते हैं । थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दलफ कलां निवासी मुन्नीदेवी पत्नी ग्रीसबाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घरेलू हिस्सा बांट पर हुये विवाद पर उनके पुत्र अंकुश पुत्र ग्रीस, नेहा पत्नी अंकुश जाटव ने उन्हें गालियां दी और लात घूंसों तथा डण्डों से मारपीट की । आरोप है कि नेहा ने उनके बेटे अजय को छेडछाड के आरोप में फंसाने की धमकी दी है । उन्होंने बताया कि उनका एक बेटा गजेन्द्र पुलिस में है उसकी पत्नी नीरज उनकी मारपीट कराते हैं ।

## तुलाराम गीता विद्या मंदिर विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम, संस्कार एवं देश की संस्कृति सिखा रहा है-सहकारिता मंत्री

» मदरलैंड संवददाता




नूंह/मेवात। श्री तुलाराम गीता विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पिनगवां के रजत जयंती समारोह में हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा0 बनवारी लाल ने स्कूल में बने सरदार बल्लभ भाई पटेल सभागार का लोकापर्ण किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने एक से बढकर एक बेहतरीन सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की जमकर वाहवाही लूटी। इस मौके पर बोलते हुए सहकारिता मंत्री डा0 बनवारी लाल ने कहा श्री तुलाराम गीता विद्या मंदिर में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम, संस्कार एवं देश की संस्कृति बताई एवं सिखाई जाती है। जिस प्रकार से देश की फौज पूरी तरह से अनुशासन में रहती है उसी तरह से इस स्कूल के विद्यार्थी अनुशासित, संस्कारवान एवं देशभक्त होते हैं।उन्होंने कहा प्रदेश के इस पिछड़े क्षेत्र में इतनी मेहनत, लगन, त्याग एवं तपस्या के साथ स्कूल चलाना अपने आप में बहुत ही बड़ा काम है। शिक्षा विकास की पहली सीढ़ी है। स्कूल में बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी अवलोकन करते हुए मंत्री ने इसकी सराहना की।इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के लिए 15 लाख रुपये का आर्थिक अनुदान देने की घोषणा की।

स्कूल में पत्रकारों से बात करते हुए सहकारिता मंत्री डा0 बनवारी लाल ने कहा इस बार के विधानसभा चुनावों में लोगों ने क्षेत्र, परिवार एवं जातिवाद को छोडकर विकास, सुशासन एवं सुरक्षा के लिए मतदान किया। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में पांच प्रदेशों में से चार प्रदेशों में हुई भाजपा की जीत को उन्होंने पार्टी के कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम बताया।

डा0 बनवारी लाल ने कहा अक्सर सरकार चलाने के बाद एंटी इनकम्बेंसी हो जाती है, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। केंद्रीय नेतृत्व व चार राज्यों में खासकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। यूपी में सुशासन, भय एवं भ्रष्ट्राचार मुक्त शासन, विकास एवं कानून व्यवस्था बेहतर होने की वजह से जनता ने भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया है।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास हो रहा है। आम नागरिक को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी कुछ नहीं कर पाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यही कोशिश है की मेवात जिले को विकास के मामले में सभी जिलों के बराबर लाया जाए। सीएम ने सात साल में यहां करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री इस जिले को भी विकसित करना चाहते हैं, जहां तक अधिकारियों की नियुक्ति की बात है तो सरकार ने इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। वह दिन दूर नहीं जब सभी विभागों में अधिकारी व कर्मचारियों के नियुक्ति कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा शुगर मील को घाटे को उबारने के लिए शाहाबाद में एथनाल का प्लांट लगाया जा रहा है। इसके अलावा कई प्लांटों में गुड़ - शक्कर बनाई जा रही है। जिससे घाटे से तेजी से उभर रहे हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि चीनी मिलों में घाटे को दूर करने के लिए नए प्रयोग किए जा रहे हैं। जिसका असर धरातल पर दिखने लगा है।

इस अवसर पर भाजपा के नेतागण व विद्यालय के टीचर्स मौजूद रहे।

## कोतवाली भोंगाव परिसर में शनिवार को आगामी त्यौहार होली एवं शब्बे बारात को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई



» मदरलैंड संवददाता

मैनपुरी/भोंगाव। नगर भोंगाव में थाना परिसर में होली एवं शब्बे बारात को लेकर एक पीस कमेटी का आयोजन किया गया बैठक में कोतवाली क्षेत्र के दोनों समुदाय के अगुवा मौजूद रहे। जिसमें नगर के सभी सम्मानित लोगों से त्योहारों के दौरान आपसी प्रेम तथा सौहार्द्ध को बनाये रखते हुए त्याहारों को मनाने की अपील की गई। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी भोंगाव चंद्रकेश ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है इससे लोगों को सीख लेनी चहिए रंग-गुलाल लगाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से संपन्न हो और उन्होंने कहा कि होली पर्व, व शब्बे बारात को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और कस्बे में होलिका दहन का स्थान चिह्नित है, उसी स्थान पर होलिका दहन करें। इस मौके पे इंस्पेक्टर भोंगाव रविंद्र बहादुरी सिंह ने कहा कि सबकी बातों को सुनने के बाद महसूस हुआ कि यह के लोग एक दूसरे के सहयोगी हैं । उन्होंने होली व शब्बे बारात दोनों त्यौहारो को शांतिपूर्वक मनाने की बात कही और कहा कि गलत हरकत पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और उपद्रवी बख्शे नही जाएंगे।

## पांच राज्यों के चुनाव नतीजे, निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की राह आसान करेंगे

» मदरलैंड संवददाता




नूंह/मेवात। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों का प्रभाव जल्द होने वाले निकाय चुनाव पर भी पड़ेगा। खासकर जिला मुख्यालय नूंह की पहली बार नगर परिषद चुनाव के अध्यक्ष पद के दावेदारों की सूची में भी इजाफा हो रहा है और पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका नगरपालिका चुनाव लडने के इच्छुक अधिकांश दावेदारों ने भाजपा से टिकट हथियाने के लिए दौड़ धूप तेज कर दी है और वह भाजपा की टिकट को सबसे सुरक्षित मानकर इसकी अधिक चाहा मे हैं। जून 2021 में जिला की नूंह, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका नगरपालिकाओं का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासन की देख रेख में कामकाज चलाया जा रहा है। 24 अप्रैल को निकाय चुनाव की आहट होने के बाद प्रशासन का चुनावी प्रक्रिया में जुट जाने से संभावित दावेदारों ने अपना जन सम्पर्क अभियान शुरू कर रखा था। अध्यक्ष पद का पहली बार सीधा चुनाव व भाजपा, इनेलो, जजपा आदि दलों द्वारा पार्टी चिहन पर चुनाव लडने के ऐलान के बाद दावेदारों ने सियासी दलों से सम्पर्क साधना शुरू किया हुआ हैं। जबकि कांग्रेस व आप ने पार्टी चिहन पर चुनाव लडने का अभी तक खुलासा नहीं किया हैं। पांच राज्यों के अभी हाल चुनाव नतीजों में 4 भाजपा को मिले बहुमत का प्रभाव का असर निकाय चुनाव में भी जोडकर चल रहे हैं। इस आधार पर निकाय चुनाव का भाजपा के अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि को फायदा पहुंचाऐंगे इससे आगे कहना फिल्हाल जल्दबाजी होगी। लेकिन 4 राज्यों में भाजपा को मिली जीत से मुस्लिम बाहुल्य जिला नूंह(मेवात) में भी हलचल मची हुई है।

## केंटर ने मासूम को रौंदा, मौत, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

### एक घंटे बाद पुलिस ने समझा बुझा कर खुलवाया जाम

» मदरलैंड संवददाता

सिकंदराराऊ कासगंज रोड स्थित गिहारा बस्ती में सड़क किनारे बैठे 3 वर्षीय मासूम बालक को अनियंत्रित गति से जा रहे ट्रक ने रोंद डाला । जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बालक की मौत से कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। घटना की रिपोर्ट ट्रक चालक के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

कासगंज रोड गिहारा बस्ती निवासी विराट उम्र 3 वर्ष पुत्र राज कासगंज रोड पर गिहारा बस्ती में सड़क किनारे बैठा हुआ था। तभी पंत चौराहे की तरफ से एक ट्रक अनियंत्रित गति से आया और विराट को वैक्सीन लगाई गई रोंद डाला। ट्रक के पहिए के नीचे आकर घटनास्थल पर ही विराट की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजनों ने कासगंज मार्ग पर जाम लगा दिया। जिसके चलते यातायात अवरुद्ध हो गया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया तथा मृतक विराट के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रक चालक को पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया। घटना की रिपोर्ट ट्रक चालक के खिलाफ मृतक की नानी राजकुमारी पत्नी महेंद्र निवासी कासगंज रोडस्थित गिहारा बस्ती सिकंदराराऊ ने दर्ज कराई है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



## अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने वीरेंद्र सिंह राणा भाजपा सरकार में मंत्री बनाने की मांग



» मदरलैंड संवददाता

सिकन्दराराऊ नगर की पुरानी सब्जी मंडी के पीछे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य इंजमाम उल हक कुरेशी व पदाधिकारियों ने भाजपा की जीत पर मिठाई बांटकर एक दूसरे को खिलाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा की जीत पर लोगों को बांटी मिठाई बांटते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के इंजमाम उल हक कुरैशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी है। और विधानसभा अच्छी से दोबारा विधायक वीरेंद्र सिंह राणा को बनाए जाने पर कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भाजपा पदाधिकारियों ने विधायक वीरेंद्र सिंह राणा को मंत्रिमंडल में जगह देने की बात कही और मंत्री बनाया जाए।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष फैजान भारती, शाहिद कुरेशी, वसीम कुरेशी, रिजवान कुरेशी, अजीम कुरेशी, शकील सलमानी, शानू सलमानी, कासिम कुरेशी, जमील कुरैशी, जीशान बारिश, इरफान अंसारी, सादात कुरेशी आदि मौजूद थे।

## प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी- अभयसिंह चौटाला

» मदरलैंड संवददाता



नूंह/मेवात। इंडियन नेशनल लोकदल(इनेलो) की शनिवार को सोहना की एक वाटिका में सम्मेलन का आयोजन हुआ। ऐलनाबाद से पार्टी के विधायक व प्रधान महासचिव अभयसिंह चौटाला की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने आरोप लगाकर कहा कि चुनाव के दौरान किए गए वायदों को पूरा नहीं किया गया खासकर बेरोजगारी जैसी जटिल समस्या से पढ़े-लिखे युवक बेरोजगार होने से रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर सभी युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंध किया जाएगा और जब तक रोजगार की व्यवस्था नहीं होती, तब तक 21 हजार रूप्ये बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं का हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि वह पार्टी संगठन मजबूती के लिए जुट जाए और सरकार बनने पर अगली-पिछली सब कसर पूरी कर दी जाएगी। इस दौरान पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता अशोक जैन कैथल समेत अन्य पार्टी नेताओं ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन मजबूती के लिए कार्यकताओं को टिप्स दिए। इस दौरान उनका फूल मालाओं व पगडी बांधकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह का जल्दी हिसार हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का दौरा करने व बकाया कार्यों की ग्रांट जारी करवाने करने का आश्वासन मिलाः योगराज शर्मा

### हॉकी खिलाड़ियों से ज्योति फोगाट ने परिचय किया-- समाजसेवी योग राज शर्मा

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवददाता

हांसी। हिसार एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम पर हॉकी खेल का प्रशिक्षण ले रहे नए उदीयमान हाकी खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर हॉकी खिलाड़ियों से ज्योति फोगाट ने परिचय किया । ज्योति फोगाट के हिसार एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ मैदान पहुंचने पर समाजसेवी योग राज शर्मा, हिसार के पूर्व हॉकी खिलाड़ी जोगिंदर सिंह, हॉकी खिलाड़ी दीपेंद्र शीलू व हॉकी कोच रुचिका ने स्वागत किया ।

यह जानकारी हाकी खेल व खिलाडियों की खेल सुविधाओं के लिए प्रसायरत समाजसेवी योग राज शर्मा ने जारी प्रैस विज्ञाप्ति में दी। गत दिनों भारतीय हाकी टीम के पूर्व कैप्टन, हरियाणा ओलंपिक संघ अध्यक्ष व हरियाणा के खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह सूरमा से हॉकी खेल व खिलाड़ियों की खेल मैनेजमेंट सुविधायाओ के लिए प्रयासरत अवैतनिक समाजसेवी योगराज शर्मा हिसार हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के गेट के दोनों तरफ आरसीसी से पक्का करने के लिए, वीवीआइपी पार्किंग, रात्रि मैचों के लिए लगी करोड़ों की लाइटों के लिए जनरेटर, ऐ सी, वाटर कूलर के लिए डीएसओ कार्यालय से डायरेक्टर स्पोर्ट्स ऑफिस भेजे गए रफ कॉस्ट ऐस्टीमेट पर ग्रांट जारी करवाने की मांग की व हिसार हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का कार्य प्रगति देखने व हिसार के उभरते हाकी खिलाड़ियों को हॉकी खेल के टिप्स देने का निवेदन किया । जिस पर खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह का समाजसेवी योगराज शर्मा को जल्द ही ग्रांट जारी करवाने व हिसार हिसार हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम प्रगति का निरीक्षण करने का आश्वासन मिला । शर्मा ने कहा कि 28 अगस्त 2016 को तत्कालीन हरियाणा के खेल मंत्री अनिल विज भी हिसार हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का समाजसेवी योगराज शर्मा के निवेदन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर योगेश बिदानी के साथ दौरा कर चुके हैं व बचे हुए कार्य सीवरेज, रात्रि मैचों के लिए लगी हुई करोड़ों रुपए लगी लाइटों की संख्या पूरी करने के लिए लगभग 80 लाख की ग्रांट, बिजली, वाटर टैंक से सीधी 6 इंची पीने के पानी की पाइपलाइन की ग्रांट व विश्व के सभी स्टेडियम में अत्याधुनिक स्टेडियम के भव्य गेट आधुनिक गेट के लिए 69 लाख की ग्रांट जारी कर चुके हैं ।



शर्मा ने कहा कि बता दें कि 8 नवंबर 2016 को माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधूरे कामों की वजह से उद्घाटन करने के लिए इंकार किया गया था ।जिसका पूर्व वित्त व ग्रह मंत्री प्रोफेसर संपत सिंह द्वारा समाचार पत्रों में बयान आया था कि आधे अधूरे हिसार हाकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का उद्घाटन कैसे किया जा रहा है ।

समाजसेवी योगराज शर्मा ने कहा कि हरियाणा के सीएम मनोहर लाल व भारतीय हाकी टीम के पूर्व कैप्टन सरदार व हरियाणा के खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह के कार्यकाल में पहली बार सबसे ज्यादा प्राइवेट स्कूलों में खेल नर्सरीया शुरू करवाने की चल रही प्रक्रिया से हरियाणा के खिलाडियों मे उत्साह व खुशी की लहर है आने वाले समय में हरियाणा के प्राइवेट स्कूलों में पहली बार सबसे ज्यादा खेल नर्सरीया शुरू होने पर हरियाणा के खिलाड़ी अतरराष्ट्रीय स्तर वर्ल्ड कप, ओम्पिक खेलों में पकद जीत कर हरियाणा व देश का नाम रोशन करेंगे। हरियाणा महिला हाकी संघ की अध्यक्ष कृष्णा संपत सिंह की सोच व प्रोफेसर संपत सिंह पूर्व मंत्री के प्रयास से एक अलग से अन्य खेलों की गतिविधियों से स्वतंत्र हिसार हाकी एस्टोट्रफ स्टेडियम बनवाने के लिए राजकीय महा विद्यालय प्रांगण की लगभग 10 एकड़ भूमि व होस्टल 2004 में खेल विभाग के नाम स्थानांतरण करवा कर ऐतिहासिक कार्य किया गया ।हिसार में हाकी खिलाडियों के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासो की बदौलत हिसार की भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया टोक्यो ओलंपिक के बाद विश्व का बेस्ट गोलकीपर का खिताब, व हिसार की शर्मिला गोदारा को राइजिंग स्टार का खिताब मिलना हरियाणा महिला हाकी संघ की अध्यक्ष कृष्णा संपत सिंह की सोच व प्रोफेसर संपत सिंह पूर्व मंत्री के प्रयास से एक अलग से अन्य खेलों की गतिविधियों से स्वतंत्र हिसार हाकी एस्टोट्रफ स्टेडियम बनवाने की सोच का परिणाम है ।

शर्मा ने कहां कि भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता का जारी रखता तो उस कार्य को करने से होने वाली 17 साल से लगभग 10 करोड रुपए कमाई कर सकता था होने वाली कमाई को दाव पर लगा कर अवैतनिक समाजसेवी योगराज शर्मा हाकी खेल व खिलाडियो की खेल सुविधायाओ के लिए प्रयासरत का एक प्रयास, हिसार के हाकी खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय हॉकी स्टेडियम जैसी सुविधाएं हॉकी खेल के अभ्यास करने के लिए मिले ।

## संक्षिप्त समाचार

### भागीरथी नदी के तेज बहाव में फंसे हिरण के बच्चे का सफल रेस्क्यू

देहरादून, एजेंसी। एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस का वह अंग है जो जटिल रेस्क्यू कार्यो को अपनी कार्यकुशलता से सफल बनाने के लिए जाना जाता है। आपदा प्राकृतिक हो या मानवजनित एसडीआरएफ ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। वाहन दुर्घटना, उच्च तुंगता रेस्क्यू, फ्लड रेस्क्यू, वनाग्नि, पशु रक्षण में एसडीआरएफ द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभायी गयी है। वहीं एसडीआरएफ ने भागीरथी नदी के तेज बहाव में फंसे हिरण के बच्चे का सफल रेस्क्यू किया है। आज एसडीआरएफ द्वारा पुनः अपनी विशेषज्ञता सिद्ध की है। घटना है जनपद उत्तरकाशी की। जहां एसडीआरएफ को सूचना प्राप्त हुई कि उत्तरकाशी के मणिकर्णिका घाट के पास एक हिरण का बच्चा भागीरथी की तेज लहरों की चपेट में आने से बहते हुए नदी के बीच बने टापू पर फंस गया है। इस अवसर पर घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम मय आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल मौके पर पहुंची। नदी के बीच से हिरण के बच्चे को सुरक्षित निकालना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस अवसर पर रेस्क्यू टीम द्वारा मोटरबोट और क्याक के माध्यम से टापू तक पहुँचा गया। नदी के तेज बहाव से बेपरवाह अत्यंत विषम परिस्थितियों में एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा जाल की सहायता से हिरण के बच्चे डूबने से बचाकर सुरक्षित किनारे लाया गया व वन विभाग के सुपर्द किया गया। इस अवसर पर एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा हिरण के बच्चे का जीवन सुरक्षित कर आज, वन्य जीव संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### महात्मा गांधी की दांडी नमक सत्याग्रह ने किया जन चेतना जगाने का कार्य

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव महेश जोशी ने कहा है कि आज ही के दिन महात्मा गांधी के नेतृत्व में निकाली गई नमक सत्याग्रह यात्रा जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चल पड़े। उन्होंने कहा कि साबरमती से दांडी नवसारी तक की 390 किलोमीटर की यात्रा ने लोगों को ब्रिटिश नमक कानून के विरोध करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि जिसने सम्पूर्ण भारत में लोगों को एकजुट करने का कार्य किया, जिसने ब्रिटिश सरकार को हिला कर रख दिया और यह भारत की स्वतंत्रता आंदोलन में मील का पत्थर साबित हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश जोशी ने कहा कि दांडी नमक सत्याग्रह के ऐतिहासिक दिन पर महात्मा गांधी द्वारा 12 मार्च 1930 को अंग्रेजो के नमक कानून के विरोध में सत्याग्रह दांडी मार्च किया गया। जिसमें महात्मा गांधी की अगुआई में हजारों महिलाएं पुरुष चल पड़े थे जो देश के इतिहास में सबसे बड़ा आंदोलन था जिससे अंग्रेज सरकार की नींव हिल गई जिसकी संपूर्ण विश्व में काफी प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि उनकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता से प्रभावित होकर उनके अहिंसात्मक तरीके से पतले दुबले शरीर के व्यक्ति की अद्भुत नेतृत्व क्षमता से अंग्रेज शासकों की जड़ें हिल गई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की दांडी नमक सत्याग्रह ने जन चेतना जगाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की दांडी यात्रा आज के युग में भी प्रासंगिक है।

### पंडित तेजेंद्र मजूमदार की सरोद प्रस्तुति ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

देहरादून, एजेंसी। स्पिक मैके के तत्वावधान में प्रसिद्ध सरोद वादक पंडित तेजेंद्र मजूमदार द्वारा सरोद प्रस्तुति का आयोजन आज नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द एम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद विजुअल डिसएबिलिटीज (एनआईईपीवीडी) और हिम ज्योति स्कूल में किया गया। इस अवसर पर पंडित तेजेंद्र मजूमदार की सरोद की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर पंडित तेजेंद्र मजूमदार के साथ तबले पर श्री शुभ महाराज थे। मजूमदार ने अपना पसंदीदा राग बसंत पंचम बजाया और अपने खूबसूरत आलाप के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मजूमदार ने राग झिंझोटी की प्रस्तुति दी और एक भावपूर्ण मूड बनाया। उन्होंने मिश्रा खमाज में एक धुन के साथ अपने प्रदर्शन का समापन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, पंडित तेजेंद्र मजूमदार ने कहा कि सितार की तरह, सरोद की भी अपनी परिभाषा होती है, जिसमें श्राश वाद्य के विभिन्न स्थानों से अलग-अलग प्रभाव प्रदान करता है। नोट-निर्वाह इसका मजबूत बिंदु है। इस अवसर पर पंडित तेजेंद्र मजूमदार एक प्रसिद्ध सरोद वादक हैं, जो सेनिया-मैहर घराने के हैं। उन्होंने अपने दादा बिभूति रंजन (मैंडोलिन पर), पंडित अमरेश रॉय चैधरी (मुखर और तबला), और 18 साल उस्ताद बहादुर खान (सरोद) सहित विभिन्न गुरुओं के साथ अध्ययन किया है। इस अवसर पर अनेक शिक्षक व छात्र छात्रायें मौजूद रही।

### किशोरी के साथ बहादराबाद के होटल में दुष्कर्म

हरिद्वार, एजेंसी। कोतवाली रानीपुर की एक किशोरी को बहला फुसलाकर बहादराबाद के होटल में ले जाकर दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीडिता के जीजा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्रतार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। कोतवाली रानीपुर प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा ने बताया कि कोतवाली रानीपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देते हुए शिकायत की हैं कि उसकी नाबालिक साली से बौंगला बहादराबाद निवासी आलोक पुत्र हरि सिंह फोन पर बाते करता था। आरोप हैं कि आलोक ने उसकी नाबालिक साली को बहला फुसलाकर बहादराबाद स्थित एक होटल में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। जिसकी जानकारी उसके साली ने घर पहुंचकर परिजनों को दी। जिसके बाद उक्त युवक ने दोबारा फोन कर बुलाया, जिसपर परिजनों ने बेरियर नम्बर 6 के पास आरोपी आलोक को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सों समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और उसको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

### आदर्श आचार संहिता समाप्त

देहरादून, एजेंसी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने कहा है कि प्रदेश में सामान्य विधानसभा चुनाव के लिए पिछले आठ मार्च से लगाई गई आदर्श आचार संहिता को समाप्त कर दिया गया है। यहां जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में आठ जनवरी 22 से विधानसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई थी और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार समस्त संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के मतगणना परिणाम घोषित किये गये है। उन्होंने कहा कि आयोग के अनुसार उत्तराखंड राज्य में निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब आदर्श आचार संहिता निष्प्रभावी हो गई है। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी आयोग के दिशा निर्देशों से अपने अधीनस्थ विभाग व कार्यालयों को निर्देशित करेंगें।

## संजय सैनी के गलत निर्णय ने आप को पहुंचाया नुकसान

### हरिद्वार सीट पर आप नहीं कर सकी अच्छा प्रदर्शन




हरिद्वार, एजेंसी। हरिद्वार शहर की जनता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप और अखिलेश यादव की पार्टी सपा को पूरी तरह नाकार दिया। दिल्ली सरकार के मंत्रियों समेत नेताओं ने हरिद्वार की जनता को लुभाने के लिए तरह तरह के प्रलोभन दिये, लेकिन शहर की जनता ने उनके लुभावने वादों को ठुकरा दिया। हरिद्वार विधानसभा सीट पर आप प्रत्याशी संजय सैनी को केवल 2,126 मत ही पड़े। जबकि अखिलेश यादव के पार्टी सपा प्रत्याशी डॉ- सरिता अग्रवाल को मात्र 237 ही मत मिले। जबकि आप ने तो उत्तराखण्ड में अपने को तीसरे विकल्प के तौर पर अपनी पार्टी की जीत के दावे किये थे। लेकिन सब टाय-टाय फिस हो गया। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना हैं कि हरिद्वार विधानसभा सीट पर आप अच्छा प्रदर्शन कर सकती थी। लेकिन आप प्रत्याशी संजय सैनी गलत लोगों के हाथों की कठपुतली बनकर रह गये। जिन्होंने उनको भारी मत पड़वाने के सपने दिखाये। जिसके चलते उन्होंने अपनी ही पार्टी के पदाधिकारियों को दरकिनार करते हुए उनको सपने दिखाने वाले लोगों के जाल में फंसकर व बहकावे में आकर अपनी छवि और पार्टी को नुकसान पहुंचाया। यहां बताने की अवश्यकता नहीं कि आप प्रत्याशी संजय सैनी ने जिन लोगों पर विश्वास किया। उन्होंने उनको कोई लाभ नहीं पहुंचाया, बल्कि अपना लाभ साधते रहे और पार्टी के पदाधिकारियों को जरूर नाराज कराया। वहीं सपा की बात करें तो राजनीति जानकारों का कहना हैं कि सपा को हरिद्वार सीट पर चुनाव लड़ने के लिए कोई प्रत्याशी मिल नहीं पा रहा था। जिस कारण उन्होंने भाजपा को छोड कर सपा में शामिल हुई डॉ. सरिता अग्रवाल को ही अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। सपा को मालूम था कि सपा का शहर में कोई जनाधार नहीं है। इसलिए औपचारिकता निभाने के लिए विधानसभा चुनाव 2022 में अपनी उपस्थिति भी दर्ज करानी थी। इसलिए सपा ने अपना प्रत्याशी के तौर पर डॉ. सरिता अग्रवाल को चुनावी मैदान में उतार दिया। लेकिन डॉ. सरिता अग्रवाल को राजनीति का कोई अधिक अनुभव नहीं हैं, मगर फिर भी भाजपा को छोड कर सपा में शामिल हुई डॉ. सरिता अग्रवाल को सपा पार्टी से विधायक का चुनाव लड़ने का मौका मिल रहा था। इसलिए वह भी चुनाव लड़ने से इंकार नहीं कर सकी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना हैं कि डॉ. सरिता अग्रवाल को भी मालूम था कि जहां पर मदन कौशिक और सतपाल ब्रह्मचारी जैसे बडी पार्टी के प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। उनकी जीत तो हो ही नहीं सकती, लेकिन उन्होने सोचा कि कहने को तो मिलेगा कि वह हरिद्वार सीट से सपा की प्रत्याशी रही।

## सिडकुल में चोरी की योजना बनाते तीन गिरफ्तार

### आरोपियों से कुल्हाड़ी, पेंचकस, छेणी और हुंक बरामद




हरिद्वार, एजेंसी। सिडकुल पुलिस ने शुक्रवार की रात को क्षेत्र में गश्त के दौरान चोरी की योजना बनाते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने कुल्हाड़ी, पेंचकस, छेणी और हुंक बरामद किये है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जिनको पुलिस ने मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। सिडकुल प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार उनियाल ने बताया कि बीती रात पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को महिन्द्रा कम्पनी के सामने बिजली घर के पास झुग्गी झोपड़ी के पीछे तीन संदिग्ध नजर आये। जोकि पुलिस को देखते ही भाग खड़े हुए। जिनपर पुलिस को शक होने पर उनका पीछा कर कुछ ही दूरी पर दबोच लिया। जिनके पास से पुलिस ने एक कुल्हाड़ी, पेंचकस, छेणी और हुंक बरमाद किया है। पुलिस तीनों को पकड़ कर थाने पहुंची। जहां पर पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम विकास कुमार पुत्र राधेलाल निवासी पप्पू पाटिल प्रधान के घर के पीछे मोहल्ला शिवलोक सलेमपुर रानीपुर, हिमांशु शर्मा पुत्र निपेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम मझौला विलोच शिवाला कला बिजनौर यूपी और सौरभ दुबे पुत्र देवी प्रसाद दुबे निवासी भरोचा बसधारी अम्बेडकर नगर यूपी बताते हुए खुलासा किया कि वह क्षेत्र में चोरी करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जिनको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गणेश गोदियाल ने ली पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि सूर्यास्त के बाद सूर्योदय होता है, इसे कभी नहीं भूलना चाहिए। आज कांग्रेस भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र के रण में और जनता के हित में पांच साल बुलंद आवाज उठाई, लेकिन इसके बावजूद भी चुनाव में परिणाम कांग्रेस के पक्ष में नहीं रहे, वहीं जनता को समझाने में कहीं न कहीं असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी स्वयं की जिम्मेदारी बनती थी, लेकिन वह भी असफल रहे। इसका उन्हें खेद व दुःख भी है हमने हमारे संकल्पों को पूरा करने को ठान कर यह लडाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता की आवाज उठाई, उन्हें उम्मीद थी कि जनता हकीकत समझेगी, वहीं प्रदेश की जनता ने मौका खोया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने रोजगार का सपना देखा था और हम गरीबों की रसोई को रोशन करना चाह रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बेरोजगारी को खत्म करने का सपना देखा था, जिसमें वह सफल नहीं हो पाई है। उन्होंने भाजपा की सफलता पर उन्हें बधाई दी, साथ ही कांग्रेस के जीते हुए प्रत्याशियों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि सार्थक विपक्ष की भूमिका सदन में निभायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के जन विरोधी नीतियों का विरोध, भ्रष्टाचार के मामले उठाये और घोटालों पर सरकार को माफ नहीं किया जायेग। उन्होंने जनता का आभार जताया और कहा कि जनता ने जिस उत्साह से कांग्रेस का साथ दिया वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भले ही कांग्रेस को सत्ता का लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि हार की कमियों को हर संभव मंथन होली के बाद किया जायेगा। गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा के धनबल और बाहुबल का डटकर मुकाबला किया, वहीं कांग्रेस का इतिहास बलिदान का रहा है। उन्होंने कहा कि वह चार धाम चार काम को मतदाताओं के मन में नहीं बिठा पाये। इस अवसर पर वार्ता में अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## महिला से पर्स व मोबाइल झपटने वाले स्कूटी सवार गिरफ्तार

### पर्स व मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद




हरिद्वार, एजेंसी।ओमपुल घाट पर शाम को टहलती महिला से पर्स व मोबाइल झपटने वाले स्कूटी सवार दोनों आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने महिला का पर्स व मोबाइल बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने नशे की लत को पूरा करने के लिए झपटमारी व चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक राकेन्द्र सिंह कठैत ने बताया कि बीती शाम को रोजना की तरह कमलेश अरोड़ा पत्नी स्व. तिलक राज अरोड़ा निवासी निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार ओमपुल घाट पर टहर रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार दो युवक महिला से पर्स व मोबाइल झपटकर फरार हो गये। महिला ने स्कूटी सवार दोनों झपटमारों को पकड़ने के लिए शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक स्कूटी सवार फरार होने में कामयाब रहे। सूचना पर रोड़ीबेलवाला चैकी प्रभारी अंशुल अग्रवाल अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए स्कूटी सवार बदमाशों की तलाश की। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात स्कूटी सवार झपटमारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घाट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए स्कूटी सवार झपटमारों की शिनाख्त के प्रयास करते हुए उनकी तलाश जा रही रखी। पुलिस ने स्कूटी सवार झपटमारों को दबोचने के लिए मुखबिर की भी मदद ली गयी। पुलिस झपटमारों की तलाश में जुटी थी कि इसी दौरान शनिवार को मुखबिर की सूचना पर रोड़ीबेलवाला चैकी प्रभारी अंशुल अग्रवाल ने स्कूटी सवार दोनों झपटमारों को जयराम आश्रम मोड से गिरफ्रतार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने महिला से झपटा पर्स व मोबाइल बरामद किया। पुलिस आरोपियों को रोडीबेलवाला चैकी लेकर पहुंची। जहां पर पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम काकू पुत्र पवन और सुनील पुत्र नत्थू निवासीगण ब्रह्मपुरी कोतवाली नगर हरिद्वार बताते हुए खुलासा किया कि वह नशे के आदी हैं और नशे की लत को पूरा करने के लिए झपटमारी व चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस नें वारदात में इस्तेमाल स्कूटी को सीज करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जिनको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों का फूल मालाओं से हुआ भव्य स्वागत



देहरादून, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों का भव्य फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने नृत्य कर जमकर जश्न मनाया। आज बलवीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों का भव्य फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने ढोल की थाप पर नृत्य कर जश्न मनाया। इस अवसर पर विधायक व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋतु भूषण खूडूड़ी को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया, साथ ही जीत की बधाई दी गई। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक डा. धन सिंह रावत ने कहा कि अब और तेज गति से विकास होगा तथा अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता ने जो जनादेश दिया है वह उसका सम्मान करते हैं और अब तेजी के साथ विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जायेगा। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने कहा कि दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने का बीजेपी ने वादा किया था उसे पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि जनता ने जो आशीर्वाद उन्हें दिया है जनता के हितों व उनके साथ किये गये वायदों को पूरा करने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर अरविन्द पांडेय ने कहा कि जनता ने जो आशीर्वाद उन्हें दिया है जनता के हितों व उनके साथ किये गये वायदों को पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से विधानसभा क्षेत्र को आदर्श बनाने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक ऋतु खंडूरी ने कहा कि कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाया जायेगा। इस अवसर पर अनेकों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## होली मिलन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

देहरादून, एजेंसी। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति के तत्वावधान में होली मिलन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर कवि सम्मेलन का आनंद लिया। यहां जानकारी देते हुए अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा के अरुण कुमार शर्मा ने साकेत कालोनी, लेन नम्बर 1, कैनाल रोड निकट ब्रह्मकमल चैक, अजंता होटल राजपुर रोड देहरादून पर कविता के माध्यम से प्रेम की पिचकारी लेकर होली की शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर साहित्य जगत के सात अनमोल रत्न डॉ राम विनय सिंह, अंबर खरबंदा, डॉ राकेश बलूनी, रजनीश त्रिवेदी, श्रीकांत श्री, राम प्रताप साकेती, अमित गोदियाल ने अपनी कविताओं के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने होली पर्व पर होली के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

## तिब्बती समाज ने चीन के खिलाफ किया प्रदर्शन



- तिब्बती महिला विद्रोह दिवस की 63वीं वर्षगांठ पर चीन की दमनकारी नीतियों का विरोध करने वाली महिलाओं को अर्पित किए श्रद्धासुमन

देहरादून, एजेंसी। तिब्बती महिलाओं व समाज के लोगों ने सड़कों पर उतर कर चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने तिब्बती महिला विद्रोह दिवस की 63वीं वर्षगांठ पर चीन की दमनकारी नीतियों का विरोध करने वाली उन तिब्बती महिलाओं को श्रद्धापूर्वक याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये और राजधानी में रैली निकालकर विरोध दर्ज किया। आज परेड ग्राउंड स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में महिला एसोसिएशन के तत्वावधान में तिब्बती समाज के लोग इकठठा हुए और वहां पर सभा व श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद उन्होंने राजधानी में रैली निकाली। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तिब्बती महिला संघ, राष्ट्रीय तिब्बती महिला विद्रोह दिवस की 63वी वर्षगाँठ का सम्मान करते हैं। 12 मार्च 1959 तिब्बती महिलाओं के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। जिस दिन तिब्बती महिलायें पोताला के महल द्रेवू यूलेखे के मैदान के बाहर राजधानी शहर लाशा में चीनी सरकार की क्रूर कार्यवाही के खिलाफ एकजुट हुई। महिलाओं के वर्ग विशेष रूप से फामो कुनसँग ने हजारों तिब्बती महिलाओं के साथ मंच पर कम्युनिस्ट चीन द्वारा तिब्बत पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया। इस विद्रोह में सैंकड़ों तिब्बती महिलाओं ने क्रूर कार्यवाही में अपनी जान गवा दी, और उनमें से कइयों को गिरफ्तार कर लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि कई को कैद कर लिया गया, प्रताड़ित किया गया, और बिना मुकदमें के पीटा गया. फामो कुनसँग के लिए, फामो सननांग चोएडक फामो थोचक, भुट्टीओर चार अन्य फामोस, त्योसंगख में यह सब मारे गए और इन्हें जिंदा दफना दिया गया। वक्तओं ने कहा कि हम इन शहीदों द्वारा किए गए सर्वोच बलिदानों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। 12 मार्च 1959 का दिन तिब्बती इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। तिब्बती महिला संघ और क्षेत्रीय अध्याय इस दिन को मनाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि इस दिन दुनिया भर की तिब्बती महिलाओं से अनुरोध करते हैं कि वह उन महान बलिदानों को याद रखे और उनका सम्मान करें, जो इन शहीदों ने हमारी संस्कृति, पहचान और स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए किए हैं। उनके नाम पर हम शपथ लेते हैं कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि हम तिब्बती की पुरानी पीढ़ियों से विनम्र हैं और निर्वासन में भी संघर्ष जारी रखने के लिए प्रेरित हुए है। 10 सितम्बर 1984 को दलाई लामा के आशीर्वाद से तिब्बती महिला संघ को पूरे भारत में 12 शाखाओं के साथ आधिकारिक रूप से बहाल किया गया था। आज तिब्बती महिला संघ के 58 अध्याय हैं और तिब्बत के बाहर 20 हजर से अधिक सदस्य हैं। तिब्बती महिला संघ दूसरा सबसे बड़ा एनजीओ हैं तथा हमारे निर्वासन में पहला एनजीओ हैं जो तिब्बत में तिब्बती महिलाओं के मानवाधिकारों और निर्वासन में तिब्बती महिलाओं के सशक्तिकरण की वकालत करता है खासकर तिब्बत से नई शरणार्थी महिलाओं के लिए इस ऐतिहासिक दिन पर हम तिब्बत महिला संघ अपने शहीदों अतीत वर्तमान और भविष्य की उन पीढ़ियों को उनके संघर्ष और कठिनाई के लिए धन्यवाद देते हैं, जिसके कारण हम तिब्बत की स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए उन बहादुर बहनों द्वारा ली गई विरासत को जारी रख सकें। आज हमारे 38 वर्ष के निर्वासन में पुनः स्थापना के बाद तिब्बती महिला संघ ने ना केवल हमारे निर्वासित समुदाय में बल्कि अन्तराष्ट्रीय स्तर परनिर्वासन में तिब्बती महिलाओं को सशक्त बनाने और हमारे देश की दुर्दशा के बारे में जागरूकता पैदा करने मानवाधिकारों के मुद्दों पर भी अहम भूमिका निभाई है। तिब्बत में महिलाओं का सामनाहम तिब्बत के लिए अत्यधिक दृढ़ प्रतिबद्धता से, दृढ़ रूप से एकजुट हैं। चीन की सरकार द्वारा मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन का स्पष्ट प्रमाण है। यह अन्य देशों के नेताओं के लिए चीन को उसके अत्यचारों से रोकने चीनी मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ उचित उपाय करने और चीनी सरकार के खिलाफ उचित कार्यवाही करने का समय है। इस अवसर पर हिल्टन स्कूल व तिब्बतन स्कूल की छात्रायें के साथ छह शाखाओं के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जुआ खेलते पांच व्यक्ति गिरफ्तार, 2,400 रुपए बरामद

महेंद्रगढ़ जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता, महेंद्रगढ़। थाना शहर पुलिस टीम ने शहर में माता नत्थूवाली चौक के पास जुआ खेलते हुए व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मौके से जुआ खेलते हुए पांच लोगों को पकड़ा गया और दो हजार चार सौ रुपये और ताश की एक गड्डी के 51 पत्ते भी बरामद किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा सट्टेबाजों और जुआ खेलने वालों पर पैनी नजर रखते हुए उन पर शिकंजा कसा जा रहा है। थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम रात में पैदल गश्त करते हुए नत्थूवाली चौक पर एक मकान के पास पहुंचा, मकान का गेट बाहर से खुला हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा पास जाकर देखने पर मिला कि पांच व्यक्ति ताश के पत्तों के साथ जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम ने मौके से मौहल्ला कोका बंगड़ी निवासी सचिन उर्फ माइकल व रवि और महिपाल, मौहल्ला भुरीवाल निवासी नवीन और मौहल्ला नत्थूवाला निवासी महेंद्र योगेश को मौके से पकड़ा गया और मौके से एक ताश की गड्डी के 51 पत्तों सहित 2,400 रुपए बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ थाना शहर महेंद्रगढ़ में मामला दर्ज किया गया है।

### जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजयसिंह चौटाला के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज

संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। जजपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजयसिंह चौटाला के 61वें जन्मदिन पर रविवार को निजामपुर रोड स्थित सिटी मैरिज पैलेस में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में शिविर के आयोजक जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि यह शिविर सुबह नौ बजे आरंभ होगा। इसमें करीब 200 यूनिट एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में सहयोग के तौर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी और फरीदाबाद से रोटरी ब्लड चेरिटेबल ट्रस्ट की टीम तैनात रहेगी। इस दौरान डा. अजयसिंह चौटाला के 61वें जन्मदिन पर 61 किलोग्राम का केक भी काटा जाएगा।

### सफल टीकाकरण शिविर आयोजित



विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। मैक्सेलथ फामेर्सी वीआईपी रोड जीरकपुर मेंबच्चों, वयस्कों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक कोविड -19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सरकारी निकायों के निर्देश पर किया गया था। शिविर के दौरान एक सरकारी डॉक्टर और पैरा-मेडिकल स्टाफ की एक टीम ने 60 से अधिक सदस्यों को टीका लगाया। 4 घंटे के इस कैंप में कोवैक्सिन, कोविशील्ड और बूस्टर डोजेज थीं। उनमें टीकाकरण के महत्व और किए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में भी जागरूकता पैदा की गई। इस मौके पर डॉक्टर राशि और उनकी टीम के सदस्यों को धन्यवाद किया और इस नेक कार्य का समर्थन करने के लिए एक महान सामाजिक कार्यकर्ता सुमन की विशेष प्रशंसा की। शौर्य सरीन और दिलकरन सिंह भाटिया उभरती हुई फामेर्सी श्रृंखला के उद्यमी - मैक्सेलथ) को इस पूरे आयोजन के दौरान सभी आगंतुकों के लिए सभी कम्फर्ट्स सुनिश्चित करने के लिए उनके महान समन्वय और प्रशासन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

### दृष्टि आई हॉस्पिटल ने आयोजित की ग्लूकोमा अवेयरनेस वॉक




मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। दृष्टि आई हॉस्पिटल ने इंटरनेशनल ग्लूकोमा वीक अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत यावनिका पार्क पंचकूला में ग्लूकोमा अवेयरनेस वॉक का आयोजन किया। दृष्टि आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अशोक गुप्ता ने रोग के कारण अपरिवर्तनीय अंधेपन को रोकने के लिए ग्लूकोमा के शीघ्र निदान पर जोर दिया। इस अवसर पर पीजीआई चंडीगढ़ के नेत्र विभाग के हेड डॉ सुरिंदर पांडव और एचसीएस अधिकारी जगदीप ढांडा ने शिरकत की। उन्होंने ग्लूकोमा के बारे में जागरूकता पैदा करने में अस्पताल के प्रयासों की सराहना की, जो एक गंभीर और काफी हद तक बिना लक्षण वाली आंख की बीमारी है। पार्क में मॉर्निंग वॉक करने वालों को अवेयरनेस ब्रोशर वितरित किए गए। दृष्टि आई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित यह चौथा ऐसा सालाना वॉक था।

# एमसीएम ने पीयू में जिम्नास्टिक और मलखंभ चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई





» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। खेल में प्रशंसनीय उपलब्धियों के साथ अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखते हुए, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित विभिन्न चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉलेज की रिदमिक जिम्नास्टिक टीम ने लगातार पांचवें वर्ष पंजाब यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज रिदमिक प्रतियोगिता 2022 जीत कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रतियोगिता के दौरान कॉलेज की जिम्नास्ट देबोप्रिया को सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट घोषित किया गया। देबोप्रिया ने दो व्यक्तिगत स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर यह खिताब अपने नाम किया। इसके अलावा, कॉलेज की टीम ने पंजाब यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। तमन्ना को कलात्मक जिमनास्टिक प्रतियोगिता में दूसरा सर्वश्रेष्ठ जिमनास्ट घोषित किया गया, उन्होंने सभी स्पधाओं में रजत पदक हासिल किए। इन जिम्नास्ट्स ने यूनिवर्सिटी में आयोजित मलखंब चैंपियनशिप भी जीती। प्रतियोगिता में 'मलखंब' खिलाड़ी को सर्वश्रेष्ठ 'मलखंब' कलाकार घोषित किया गया। प्राचार्या डॉ. निशा भार्गव ने बताया कि कॉलेज का खेलों में उत्कृष्ट रिकॉर्ड रहा है, जिसमें कॉलेज ने 39 बार पंजाब यूनिवर्सिटी विमेंस स्पोर्ट्स जनरल एफिशिएंसी शील्ड जीती है। उन्होंने यह भी कहा कि तानिया भाटिया, रिद्धिमा और हरलीन देओल सहित कई नामी खिलाड़ी कॉलेज की देन हैं जिन पर कॉलेज को गर्व है। कॉलेज भविष्य में भी ऐसे ही चैम्पियंस पैदा करता रहेगा।

## फतेह किड्स क्लब ने मनाया वूमेंस डे गुरमात कीर्तन कर महिलाओ को दिया संदेश



» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना: लुधियाना के मॉडल टाउन में फतेह किड्स क्लब की ओर से वूमंस डे मनाया गया अरविंदर कौर ने बताया कि पूरे देश में गुरमीत का प्ले वे स्कूल कोई नहीं जो बच्चो को गुरबाणी के साथ जोड़े इस स्कूल में छोटे बच्चो को जप जी साहिब, सुखमणि साहिब और कीर्तन सभी सिख इतिहास के बारे में ज्ञान दिया जाता है इस अवसर पर विशेष तौर पर डॉक्टर पर्ल प्रीत कौर ने बच्चो को और महिलाओ को अपने दांत कैसे सुरक्षित रखे जाते हैं उसके बारे में जानकारी दें उन्होंने बताया कि जब चेहरे पर रोनक लगानी रौनक चेहरे पर रौनक तभी आती है जब आपके दांत साफ सुथरे हो इसलिए उन्होंने बच्चों और महिलाओं को दातों को सुरक्षित रखने के बारे में बताया इस अवसर पर डाइटिशियन डॉक्टर हरदीप कौर ने भी स्वास्थ्य के बारे में जानकारी थी इस मौके पर फतेह किड्स क्लब की ओर से आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया गया और सम्मानित भी किया गया इस मौके पर बच्चों और पेंट्स ने कीर्तन किया इस अवसर पर मॉडल टाउन एक्सटेंशन सिंह सभा गुरूद्वारा इस्त्री सत्संग की प्रधान प्रितपाल कौर ने महिलाओ के जीवन के बारे में जानकारी दी किस प्रकार सिख समुदाय की महिलाओ ने बलिदान दिया है इस अवसर पर अरविंदर कौर और नवप्रीत कौर ने आए हुए मेहमानो को विशेष तौर पर सम्मानित किया।

## कोआर्डिनेशन कमेटी ने प्रशासक के सलाहकार को लिखा पत्र



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी एम्पलाइज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ ने चंडीगढ़ के प्रशासक के माननीय सलाहकार धर्मपाल को पत्र लिखकर मांग की है कि शेंवे पे कमीशन के आधार पर चंडीगढ़ प्रशासन तथा नगर निगम में काम कर रहे सैकड़ों डेली वेज वर्करों का वेतन भी रैगुलर मुलाजिमों की तरह बढ़ाया जाए और इस संबंध में जल्द निर्देश जारी किए जाए जैसे अतीत में होता रहा है।

जहा जे बताना जरूरी है कि डेली वेज वर्करों का वेतन, बराबर काम के लिए बराबर वेतन, के फामूर्ले के अनुसार बेसिक पल्स डीए तथा अन्य अलाउंसेस के आधार पर निश्चित किया जाता हैं तथा जब भी रेगुलर मुलाजिमों का वेतन तथा भत्ते बढते है तो उसी हिसाब से डेली वेज वर्करों के वेतन मे भी वृद्धि होती है, इस संबंध में प्रशासन अलग निर्देश जारी करता है, प्रशासन ने रेगुलर मुलाजिमों की वेतन वृद्धि के नर्देश तो जारी कर दिए हैं किंतु डेली वेज वर्करों के वेतन वृद्धि के संबंध में निर्देश अभी तक जारी नही किया।

कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी एम्पलाइज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ के प्रधान सतिंदर सिंह तथा महासचिव राकेश कुमार ने प्रेस के नाम बयान जारी करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन से मांग की है कि डेली वेज वर्करों के वेतन वृद्धि के संबंध में जल्द निर्देश जारी किए जाए तथा 01.01.2016 से बनता एरियर भी दिया जाए।

# योग शिक्षण व स्वास्थ्य महाविद्यालय के द्वारा सेक्टर 17 में योग प्रदर्शन सत्र

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रशासन की तरफ से शहर में 6 मार्च से 13 मार्च, 2022 आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं।

इसी के अंतर्गत चंडीगढ़ के राजकीय योग शिक्षण व स्वास्थ्य महाविद्यालय सेक्टर 23 द्वारा कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों के सहयोग से सेक्टर 17, प्लाजा, चंडीगढ़ में 10 से 13 मार्च 2022 तक सामूहिक योग प्रदर्शन सत्र आयोजित किया गया।

सत्र का संचालन महाविद्यालय के योग प्रशिक्षक-एवं -नोडल अधिकारी श्री रोशन लाल द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सपना नंदा के नेतृत्व में कर रहें हैं। इस आयोजन में कॉलेज के लगभग 125 छात्र, आयुष के योग प्रशिक्षक (अंशकालिक) और चंडीगढ़ निवासी भी भाग ले रहे हैं।

सत्र के दौरान विभिन्न योगासन जैसे सूर्यनमस्कार, त्रिकोणासन, ताड़ासन का अभ्यास किया जा रहा है और मानसिक और शारीरिक विश्राम ध्यान तकनीकों के साथ समाप्त किया जाता है। इसके अलावा, सेक्टर 10 की लेजर वैली, में एक प्रदर्शनी स्टाल भी लगाया गया है जहां कॉलेज ऑफ योग एजुकेशन एंड हेल्थ, सेक्टर 23 ए, चंडीगढ़ के छात्रों और कर्मचारियों द्वारा योग के माध्यम से विभिन्न बीमारियों के प्रबंधन और उपचार के बारे में मार्गदर्शन और योग और स्वास्थ्य प्रचार के बारे में जागरूकता दी जा रही है।

# दादा कान्हा ने बलिदान देकर अपना नाम अमर शहीदों में किया शामिल : बिजली मंत्री रणजीत चौटाला

» मदरलैंड संवाददाता



हथीन। दादा कान्हा बहुत बड़े महान योद्धा थे, जिन्होंने अपना बलिदान देकर अपना नाम अमर शहीदों में शामिल किया। यह वक्तव्य बहीन में अमर शहीद दादा कान्हा गौशाला में बलिदान दिवस के रूप में मनाए जा रहे दो दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा के जेल व बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। शनिवार को गांव बहीन में हरियाणा के बिजली एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने दादा कान्हा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में हथीन के विधायक प्रवीण डागर, होडल के विधायक जगदीश नायर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पृथला के गिर्राज मास्टर ने अपनी एक एकड़ जमीन दादा कान्हा गऊशाला के नाम करने की घोषणा की।

हरियाणा के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि रावत पाल के दादा कान्हा ने अंग्रेजो व मुगलों से लडाई लड़ी थी। उन्होंने अपने इलाके के लिए अपनी जान न्यौछावर की। तभी से इस इलाके की जनता उनके बलिदान की गाथा गाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे अमर शहीदों के लिए सरकार ने काफी सराहनीय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके नाम पर गांव बहीन में उनके नाम की मूर्ति के साथ-साथ गौशाला बना रखी है, जिसमें इस समय लगभग एक हजार दो सौ गाय हैं, जिनके रख-रखाव के लिए बिजली मंत्री ने 11 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा दोनों विधायकों से कहा कि दो-दो लाख रुपए वे गऊशाला में दान करेंगे। उन्होंने ग्रामवासियों द्वारा रखी हुई मांग को पूरा करते हुए कहा कि बिजली से संबंधित समस्या जल्द दूर कर दी जाएगी व आस-पास के गांवों को पूरी मात्रा में बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी।

हथीन के विधायक प्रवीण डागर ने बिजली मंत्री रंजीत चौटाला का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य कराए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली मंत्री जो वायदा करते हैं, उन्हें वे पूरा करवाते हैं। उन्होंने हथीन क्षेत्र में दो सब स्टेशन बनवाए हैं, जिससे कि विधानसभा के सभी गांवों में बिजली की आपूर्ति ठीक ढंग से हो रही है। उन्होंने जनता को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने गऊशाला के लिए पिछले वर्ष 65 लाख रुपए दिए थे, जिसमें से 40 लाख रुपए की लागत से गऊशाला के चौक को पक्का करवाया गया है तथा अगले तीन महीने में 25 लाख रुपए की लागत से गऊओं के लिए भूसा डालने के लिए शैड बनवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखना चाहिए, जिससे कि सामाजिक व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि मुझसे जनता गऊशाला के लिए जो भी करने को कहेगी उसे मैं पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने अपने निजी कोष से 1 लाख रुपए गौशाला को दान दिए।

विधायक होडल जगदीश नायर ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से विकास के नाम पर जब भी धन की मांग की जाती है, तो मुख्यमंत्री विकास के लिए धन की कभी मना नहीं करते, जिससे सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य पूरे करवाए जा रहे हैं। कवि राजाराम रावत ने मंच संचालन किया।

इस अवसर पर रावत पाल के मौजिज व्यक्तियों ने बिजली मंत्री रणजीत चौटाला व विधायक जगदीश नायर, विधायक प्रवीण डागर व अन्य आए हुए अतिथियों का पगडी बांधकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जेलदार सुमेर सिंह रावत, कर्ण नम्बरदार, रामप्रसाद, सतबीर डागर, मनधीर मान, एसडीएम हथीन लक्ष्मीनारायण, डीएसपी हथीन रतनजीत बाली सहित आस-पास के सभी गांवों से पंच-सरपंच व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सीएम फ्लाइंग ने मारा राशन डिपो पर छापा

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। सीएम फ्लाइंग द्वारा शुक्रवार को अटेली क्षेत्र में एक डिपो होल्डर पर छापा मार कर कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके पर राशन चैक करने पर डिपो होल्डर के पास गेहूं व चीनी का रिकार्ड सही नहीं पाया गया। खाद्य एवम्-आपूर्ति विभाग के निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने डिपो होल्डर के खिलाफ अटेली थाना में मामला दर्ज कर राशन को अपने कब्जे में ले लिया तथा डिपो होल्डर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से आरोपित नरेन्द्र वासी नारनौल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग और खाद्य एवम् आपूर्ति विभाग की टीम ने अटेली क्षेत्र में राशन डिपो पर छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान टीम को राशन डिपो से 69.5 क्विंटल गेहूं व 5.76 क्विंटल चीनी आनलाइन मशीन रिकार्ड से अधिक मिली। खाद्य एवम् आपूर्ति विभाग की तरफ से डिपो होल्डर अनिल कुमार और उसके साथी नरेंद्र के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई। शिकायत पर डिपो होल्डर अनिल और उसके साथी नरेन्द्र पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर की गई।

मामले में कारवाई करते पुलिस ने आरोपित नरेंद्र को मौके से गिरफ्तार कर पूछताछ की। आरोपित से पूछताछ कर आज न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## कर्ज उतारने के लिए साथी से मांगा था ट्राला, साथियों के साथ मिलकर बेच दिया ट्रॉला

### मामले में पुलिस ने एक ओर आरोपित को किया गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता

महेंद्रगढ़। सतनाली थाना पुलिस टीम ने साथी का ट्रॉला बेचने के मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस द्वारा आरोपित को झुंझुनूं राजस्थान से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कृष्ण निवासी डालनवास के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रामबीर निवासी गादड़वास ने थाना सतनाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह जमींदारे का काम करता है। वर्ष 2016 में उसने गढ़ी गांव में क्रेशर लगाया था और कुलदीप निवासी बास ने भी उसके साथ ही क्रेशर लगाया था। जिससे कुलदीप के साथ उसकी जानझ्रपहचान हो गई थी। 2020 में कुलदीप ने उससे कहा कि क्रेशर में उसे काफी नुकसान हो गया है और उसकी सारी गाडियां बिक गई हैं। कुलदीप ने कर्ज उतारने के लिए शिकायतकर्ता के पास गाड़ी मांगी। जिस पर शिकायतकर्ता ने अपना एक ट्रॉला दस्तावेज सहित किराए पर चलाने के लिए कुलदीप को दे दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि किराए के पैसे मांगने पर कुलदीप टालझ्रमटोल करता रहा और गाड़ी उसके पास ना होने की बात कहकर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने सतनाली थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस द्वारा मामले में कारवाई करते हुए आरोपित कुलदीप को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जिससे पूछताछ में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित कुलदीप ने अपने साथियों के साथ मिलकर ट्राले को बेच दिया था। पूछताछ में पुलिस ने आरोपित के साथियों के बारे में पता लगाया। पुलिस ने इस मामले में एक ओर आरोपित कृष्ण निवासी डालनवास को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जांच करते हुए पता लगाया कि आरोपित पर पहले भी लूट, छीनाझ्रझपटी, मारपीट, लड़ाईझ्रझगड़े और आर्म्स एक्ट के तहत करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। आरोपित अवैध हथियार के साथ छीनाझ्रझपटी के मामले में झुंझुनूं जेल में बंद था। पुलिस द्वारा आरोपित से मामले की पूछताछ की जा रही है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बास में 31मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर एक्स रे किए गए

» मदरलैंड संवाददाता




महेंद्रगढ़। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बास और उप स्वास्थ्य केंद्र बुचोली में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम से आई टीबी जांच मोबाइल टीम ने दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आ रहे मरीजों के स्वास्थ्य जांच की। जिसमे उनकी हिस्ट्री पूछकर उनका वजन चेक किया, बलगम जांचकर सैंपल लिए और उनका एक्स- रे किया गया। जिनमे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बास में 18 और उप स्वास्थ्य केंद्र बुचोली में 13मरीजों के बलगम लेकर उनके एक्सरे किया। टीबी यूनिट कनीना के एसटीएस अमित कुमार यादव ने बताया कि मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम से एक्सरे मशीन लगी मोबाइल बस आई हुई है ये टीम जिले के उन सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जा रही है जिनमे एक्सरे की सुविधा उपलब्ध नही है और निशुल्क एक्सरे करती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बास इंचार्ज डॉक्टर प्रतीक यादव व एल एम ओ डॉक्टर पिंकी रानी ने बताया कि जिन लोगो को दो सप्ताह से खांसी आ रही है बार एमकेबार बुखार आता हो, थकान रहती हो, वजन कम हो रहा हो, भूख ना लगती हो वो अपने स्वास्थ्य की नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच जरूर करवाए और जांच में टी बी की पुष्टि होने के बाद अपना पूरा इलाज लेना चाहिए। उप स्वास्थ्य केन्द्र बुचोली में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने बुचोली में मेदांता हॉस्पिटल द्वारा लोगो की निशुल्क स्वास्थ्य जांच करने पर उनका आभार जताया इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बास इंचार्ज डा.प्रतीक यादव, डा. पिंकी रानी, गुरुग्राम मेदांता हॉस्पिटल मोबाइल टीम के इंचार्ज निखिल, डिंपी, एस टी एस अमित यादव सिसोठिया, एस टी एल एस देविंद्र यादव, मुकेश चौहान, कर्मबीर चौहान, गीता एएनएम, कमला एएनएम, उर्मिला आशा वर्कर, तारामणि आशा वर्कर व गांव के अनेकों लोग उपस्थित रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# बोरवेल में कब तक दम तोड़ती रहेंगी मासूम जानें?



योगेश कुमार गोयल

देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार होते बोरवेल हादसे चिंता का सबब बन रहे हैं। पिछले दिनों महज एक सप्ताह के दौरान तीन बोरवेल हादसों का होना और तीन में से दो हादसों में बच्चों की मौत हो जाना ऐसे हादसों को लेकर आंखें खोलने के लिए पर्याप्त है। 27 फरवरी को मध्य प्रदेश के दमोह जिले के पटेरा गांव में हुई हृदयविदारक घटना में प्रिंस नामक 4 वर्षीय बच्चा खेलते हुए करीब 300 फुट गहरे खुले बोरवेल में गिरकर 15-20 फीट गहराई में फंस गया। हालांकि जिला प्रशासन और पुलिस की टीम द्वारा उसे बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन 6 घंटे के बचाव अभियान के बाद उसे बोरवेल से मृत ही बाहर निकाला जा सका। 15 दिन बाद ही बच्चे का जन्मदिन भी था। बोरवेल का निर्माण बच्चे के पिता द्वारा ही कराया गया था, जिसे ढ़के नहीं जाने के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। इस घटना से पहले 24 फरवरी को राजस्थान के सीकर के बिजारणिया की ढ़ाणी में खेलते-खेलते अपने ही खेत में खुले पड़े 50 फुट गहरे बोरवेल में 4 वर्षीय रविन्द्र गिर गया था। एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा चलाए गए 25 घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद आखिरकार मासूम बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। 23 फरवरी को मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बरछड़ में अपने ही परिवार के खेत में खुले बोरवेल में 4 वर्षीय गौरव संतोष दुबे खेलते हुए गिर गया। हालांकि उसे रेस्क्यू कर बचाव टीमों द्वारा अगले दिन सुबह बोरवेल से निकाल लिया गया लेकिन कटनी जिले के बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाए जाने पर डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

थोड़े-थोड़े अंतराल पर लगातार सामने आते ऐसे दर्दनाक हादसे गहरी चिंता का सबब बन रहे हैं लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि न तो ऐसे हादसों पर लगाम कसने के लिए कड़े कदम उठाने की कहीं कोई पहल होती दिखती है और न ही बोरवेल हादसों को लेकर समाज को जागरूक करने के प्रयास हो रहे हैं। लगातार होते ऐसे हादसों से लोग स्वयं भी सबक सीखने को तैयार नहीं दिखते। हर बार ऐसी हृदयविदारक घटनाओं से सबक सीखने की बातें तो दोहराई जाती हैं लेकिन थोड़े-थोड़े अंतराल बाद जब ऐसी ही घटनाएं सामने आती हैं तो पता चलता है कि न तो आमजन ने और न ही प्रशासन ने ऐसी दिल दहलाने वाली घटनाओं से कोई सबक सीखा।



ऐसे हादसों में प्रायः देखा जाता रहा है कि लोगों द्वारा फसलों की सिंचाई के लिए अपने खेत में बोरिंग कराने के बाद उसके सफल नहीं होने पर बोरवेल के गड्ढे को बंद कराने के बजाय खुला छोड़ दिया जाता है, जो अक्सर ऐसे दर्दनाक हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर लगातार सामने आते बोरवेल हादसों के बावजूद खुले बोरवेलों में कब तब मासूम जानें इसी तरह दम तोड़ती रहेंगी?

अक्सर देखा जाता है कि बहुत सी जगहों पर किसानों द्वारा पानी उपलब्ध नहीं होने पर खराब ट्यूबवैल उखाड़कर दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाता है लेकिन ट्यूबवैल उखाड़ने के बाद भी बोरवेल को कंक्रीट से भरकर समतल करने के बजाय किसी बोरी या कट्टे से ढ़ककर खुला छोड़ दिया जाता है, जो बहुत बार मासूम बच्चों का काल बन जाते हैं। कोई बड़ा हादसा होने पर प्रशासन द्वारा बोरवेल खुला छोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती की बातें दोहरायी जाती हैं लेकिन निरन्तर सामने आते ऐसे हादसे यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सख्ती की ये सब बातें महज बयानों तक ही सीमित रहती हैं। सुप्रीम कोर्ट के सख्त निदेर्शों के बावजूद कभी ऐसे प्रयास नहीं किए गए, जिससे ऐसे मामलों पर अंकुश लग सके। 21 जुलाई 2006 को हरियाणा के हल्दाहेड़ी गांव में पांच वर्षीय प्रिंस के 50 फुट गहरे बोरवेल में गिरने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के दृश्य टीवी चैनलों पर लाइव दिखाये जाने के चलते पहली बार पूरी दुनिया का ध्यान ऐसे हादसों की ओर गया था और तब उम्मीद जताई गई थी कि भविष्य में फिर कभी ऐसे हादसे सामने नहीं आएंगे किन्तु विड़म्बना है कि देश में प्रतिवर्ष औसतन करीब 50 बच्चे बेकार पड़े खुले बोरवेलों में गिर जाते हैं, जिनमें से बहुत से बच्चे इन्हीं बोरवेलों में जिंदगी की अंतिम सांसें लेते हैं। भूगर्भ जल विभाग के अनुमान के अनुसार देशभर में करीब 2.70 करोड़ बोरवेल हैं लेकिन सक्रिय बोरवेलों की संख्या, अनुपयोगी बोरवेलों की संख्या तथा उनके मालिक का राष्ट्रीय स्तर का कोई डाटाबेस मौजूद नहीं है।

ऐसे हादसे न केवल निर्बोध मासूमों की बलि लेते हैं बल्कि रेस्क्यू ऑपरेशनों पर अथाह धन, समय और श्रम भी नष्ट होता है। आए दिन होते ऐसे भयावह हादसों के बावजूद न तो आम आदमी जागरूक हो पाया है, न ही प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की फुर्सत है। कहीं बोरिंग के लिए खोदे गए गड्ढ़ों या सूख चुके कुओं को बोरी, पॉलीथीन या लकड़ी के फट्टों से ढ़ांप दिया जाता है तो कहीं इन्हें पूरी तरह से खुला छोड़ दिया जाता है और अनजाने में ही कोई ऐसी अप्रिय घटना घट जाती है, जो किसी हंसते-खेलते परिवार को जिंदगीभर का असहनीय दर्द दे जाती है। न केवल सरकार बल्कि समाज को भी ऐसी लापरवाहियों को लेकर चेतना होगा ताकि भविष्य में फिर ऐसे दर्दनाक हादसों की पुनरावृत्ति न हो। देश में ऐसी स्वचालित तकनीकों की भी व्यवस्था करनी होगी, जो ऐसी विकट परिस्थितियों में तुरंत राहत प्रदान करने में सक्षम हों। दरअसल ऐसे मामलों में सेना-एनडीआरएफ की बड़ी विफलताओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि अंतरिक्ष तक में अपनी धाक दिखाने में सफल हो रहे भारत के पास चीन तथा कुछ अन्य देशों जैसी वो स्वचालित तकनीकें क्यों नहीं हैं, जिनका इस्तेमाल कर ऐसे मामलों में बच्चों को अपेक्षाकृत काफी जल्दी बोरवेल से बाहर निकालने में मदद मिल सके।

## संपादकीय

# अवसरों की समानता



वित्त वर्ष 2022-23 के बजट की संतोषदायक बात यह मानी जा रही है कि इस वर्ष देश की सकल घरेलू उत्पाद विकास (जीडीपी) दर नौ फीसद से ऊपर बनी रहेगी। यह अर्थव्यवस्था पर महामारी के प्रभाव के बावजूद है। भारत की गिनती दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में की जाती है और अनुमान है कि अगले एक दशक में यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। यह अनुमान उस समय देश के संभावित जीडीपी के आधार पर लगाया गया है। आमतौर पर किसी अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन उसके जीडीपी के ही आधार पर किया जाता है। इसके अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी क्रमशः पहले से चौथे स्थान और भारत पांचवे स्थान पर है। यह ध्यान देने योग्य है कि इनमें से चीन को छोड़ बाकी सभी देशों की आबादी भारत की अपेक्षा कम है, फिर भी वे अर्थव्यवस्था के आकार के लिहाज से भारत से आगे हैं और इनकी गिनती विकसित देशों में होती है। जबकि भारत को विकासशील देश माना जाता है। विकसित देशों में जो अवसंरचना मौजूद है और लोगों का जो औसत जीवन स्तर है, वह भारत से बहुत आगे है। साथ ही ऐसे कई देश हैं जिनकी जीडीपी विकास दर भारत की अपेक्षा कम है, मगर समग्र विकास के मामले में वे भारत से आगे हैं। यही विश्लेषण इस प्रश्न को जन्म देता है कि क्या जीडीपी और विकास दर किसी अर्थव्यवस्था की सही स्थिति को दशार्ते हैं? जीडीपी एक देश की भौगोलिक सीमाओं के दायरे में निर्दिष्ट समयावधि के भीतर उत्पादित माल तथा सेवाओं का मूल्य होता है। इसकी गणना तीन तरीकों से की जाती है- पहला उत्पादनों के मूल्य के आधार पर, दूसरा- व्ययों की राशि के आधार पर और तीसरा आय के आधार पर। आधार कोई भी हो, पर अर्थशास्त्रियों के साथ-साथ समाजशास्त्रियों के भी एक वर्ग का मानना है कि सिर्फ जीडीपी और इसके बढने की दर के आंकड़े को देख कर अर्थव्यवस्था की पूरी स्थिति नहीं जानी जा सकती। जैसे व्यापारिक जगत में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक रूप से दिखती है, वैसे ही विभिन्न देश भी एक दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में हैं। ज्यादातर यह होड़ आर्थिक मोर्चे पर होती है। वैसे भी लोकतांत्रिक सरकारें अपने-अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान लगाती हैं। ऐसा करने के पीछे के प्रयोजनों में एक इसे अपना कर्तव्य समझ कर करना होता है। दूसरा प्रयोजन सरकारों द्वारा अपनी साख बनाने से है, ताकि उनकी आर्थिक उपलब्धियों के आधार पर उन्हें सत्ता में दोबारा आने का मौका मिले। इस प्रकार सकल घरेलू उत्पाद के आर्थिक एवं राजनीतिक दोनों निहितार्थ हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि समग्र रूप से एक देश की माली हालत का आकलन करना एक कठिन कार्य है। ऐसे में यहां सकल घरेलू उत्पाद एक बड़ी मदद बन कर आता है। इसकी अवधारणा के प्रशंसकों की कमी नहीं है। वर्तमान में जो अर्थव्यस्थाएं अपने संसाधनों का भरपूर दोहन कर रही हैं, आंकड़ों में उनका जीडीपी ज्यादा होगा। लेकिन इस दोहन की जो कीमत चुकानी पड़ सकती है, उसका इसमें कोई हिसाब नहीं होता।

# बदलते वैश्विक परिदृश्य में अब खाड़ी के देश भी भारत के साथ मजबूत आर्थिक रिश्ते चाहते हैं

» प्रह्लाद सबनानी

वर्ष 2015 के बाद से भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात कई क्षेत्रों में मिलकर कार्य कर रहे हैं एवं इस दौरान इन दोनों देशों के बीच आपस में सामरिक भागीदारी भी बढ़ी है, चाहे वह सुरक्षा का क्षेत्र हो, चाहे वह समुद्रीय क्षेत्र हो एवं चाहे वह दोनों देशों के नागरिकों के आपसी रिश्ते का क्षेत्र हो। आज संयुक्त अरब अमीरात एक ऐसा अरब देश है जिससे भारत के बहुत मजबूत आर्थिक रिश्ते हैं। हाल ही के समय में आर्थिक रिश्तों के मजबूत होने के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात की आपस में राजनैतिक निकटता एवं सूझबूझ भी बढ़ी है। संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत का निर्यात बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में संयुक्त अरब अमीरात को भारत से 17 अरब डॉलर का निर्यात किया गया वहीं भारत ने 26 अरब डॉलर का आयात किया है। इस प्रकार इस समय भारत के लिए 9 अरब डॉलर का व्यापार घाटा है। परंतु भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात के बीच हाल ही में संपन्न किए गए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के बाद भारत से निर्यात को संयुक्त अरब अमीरात में जीरो ड्यूटी का लाभ मिलेगा इससे भारत से संयुक्त अरब अमीरात को निर्यात अधिक तेज गति से बढ़ेंगे इससे भारत को अपने व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिलेगी।

हाल ही में भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एतिहासिक समझौता न केवल भारत और संयुक्त अरब अमीरात के द्विपक्षीय संबंधों को और भी मजबूती प्रदान करेगा बल्कि दोनों देशों के बीच विदेशी व्यापार को 100 अरब डॉलर के स्तर के ऊपर ले जाने में भी सहायक होगा। इस समय अमेरिका एवं चीन के बाद, संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा विदेशी व्यापार का भागीदार है। भारत का किसी भी अरब देश (मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के देश) के साथ यह पहला व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता है और इस समझौते के अंतर्गत दोनों देशों के बीच विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं का विदेशी व्यापार बढ़ाने के साथ ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा।

साथ ही इस समझौते के अंतर्गत दोनों देश एक दूसरे के साथ की जाने वाली आयात एवं निर्यात की वस्तुओं पर आयात शुल्क एवं कस्टम शुल्क आदि को कम करेंगे एवं विदेशी व्यापार में आने वाली अन्य कठिनाइयों को भी दूर करने का प्रयास करेंगे। वर्तमान में भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात के बीच प्रतिवर्ष 60 अरब डॉलर का विदेशी व्यापार होता है तथा सेवा क्षेत्र में भी प्रतिवर्ष 15 अरब डॉलर का व्यापार होता है। संयुक्त अरब अमीरात एक तरह से भारत के लिए दक्षिण अफ्रीका का प्रवेश द्वार है एवं अफ्रीका आज आर्थिक क्षेत्र की दृष्टि से बहुत बड़ा बाजार है। अतः उक्त समझौते के बाद भारतीय उत्पादों को संयुक्त अरब अमीरात के बाजारों में प्रदर्शित कर अरब के अन्य देशों के साथ ही दक्षिणी अफ्रीकी देशों को भी निर्यात किया जा सकेगा। इससे भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच आर्थिक साझेदारी और भी मजबूत होगी। वैसे भी संयुक्त अरब अमीरात किसी भी आर्थिक क्षेत्र में भारत का प्रतिद्वंद्वी नहीं है अतः भारत द्वारा किया गया यह एक पहला ऐसा समझौता है जो कांप्लिमेंटरी अर्थव्यवस्था के साथ किया गया है अन्यथा भारत द्वारा अभी तक किए गए मुक्त व्यापार समझौते विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत देशों के साथ किए गए हैं जैसे दक्षिण कोरिया, जापान या आसियान देशों के साथ हुआ है।

भारत ने उक्त व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को मिलाकर अभी तक कुल 12 मुक्त व्यापार एवं क्षेत्रीय व्यापार समझौते विभिन्न देशों के साथ किए हुए हैं। यह मुक्त व्यापार समझौते भारत के विदेश व्यापार को रफ्तार देने में अहम भूमिका निभा रहे है। भारत ने पूर्व में श्रीलंका, नेपाल, दक्षिणी कोरिया, जापान, मलेशिया, मारिशस, अफगानिस्तान, चिली, मरकोसुर आदि देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते, व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) अथवा तरजीही व्यापार समझौते किए हैं। इसी प्रकार भारत ने कुछ क्षेत्रीय व्यापार समझौते भी किए हैं जैसे दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौता (एसएएफटीए), भारत एशिया एनएफटीए, एशिया पेसिफिक व्यापार समझौता, सार्क तरजीही व्यापार समझौता (एसएपीटीए), आदि। अब भारत द्वारा ब्रिटेन, अमेरिका एवं यूरोपीयन यूनियन देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्रता से सम्पन्न किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं, क्योंकि जिन अन्य देशों के साथ उक्त देशों के मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए जा चुके हैं उन देशों को उक्त देशों के साथ विदेशी व्यापार करने में वरीयता प्रदान की जाती है जिसके कारण भारतीय व्यापारियों को उक्त देशों के साथ विदेशी व्यापार करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

वर्ष 2015 के बाद से भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात कई क्षेत्रों में मिलकर कार्य कर रहे हैं एवं इस दौरान इन दोनों देशों के बीच आपस में सामरिक भागीदारी भी बढ़ी है, चाहे वह सुरक्षा का क्षेत्र हो, चाहे वह समुद्रीय क्षेत्र हो एवं चाहे वह दोनों देशों के नागरिकों के आपसी रिश्ते का क्षेत्र हो। आज संयुक्त अरब अमीरात एक ऐसा अरब देश है जिससे भारत के बहुत मजबूत आर्थिक रिश्ते हैं। हाल ही के समय में आर्थिक रिश्तों के मजबूत होने के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात की आपस में राजनैतिक निकटता एवं सूझबूझ भी बढ़ी है। संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत का निर्यात बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में संयुक्त अरब अमीरात को भारत से 17 अरब डॉलर का निर्यात किया गया वहीं भारत ने 26 अरब डॉलर का आयात किया है। इस प्रकार इस समय भारत के लिए 9 अरब डॉलर का व्यापार घाटा है। परंतु भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात के बीच हाल ही में संपन्न किए गए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के बाद भारत से निर्यात को संयुक्त अरब अमीरात में जीरो ड्यूटी का लाभ मिलेगा इससे भारत से संयुक्त अरब अमीरात को निर्यात अधिक तेज गति से बढ़ेंगे इससे भारत को अपने व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिलेगी।

भारत के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र एवं फार्मा उद्योग के लिए भी अब संयुक्त अरब अमीरात के द्वार खुल जाएंगे। विशेष रूप से फार्मा क्षेत्र को अपने उत्पाद संयुक्त अरब अमीरात को निर्यात करने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता था क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात भारत से दवाईयों का आयात करने के पूर्व भारतीय फार्मा उत्पादक कम्पनियों का निरीक्षण करना चाहता था, परंतु अब संयुक्त अरब अमीरात द्वारा अमेरिका के यूएसएफडीए द्वारा प्रदान की गई अनुमति के आधार पर भारतीय फार्मा उत्पादक कम्पनियों को संयुक्त अरब अमीरात में दवाईयों के निर्यात की अनुमति प्रदान कर दी जाएगी। साथ ही भारत से रत्नों, रक्षा उत्पादों, ग्रीन इनर्जी उत्पादों, मशीनरी आदि का निर्यात भी बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा। एक अनुमान के अनुसार संयुक्त अरब अमीरात के साथ किए गए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के बाद आने वाले समय में भारत में 10 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे।

उक्त वर्णित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के सम्पन्न होने के बाद भारत के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ ही अब अरब खाड़ी के अन्य देशों यथा बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब एवं इराक के साथ भी विदेशी व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी एवं इन देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते किए जा सकेंगे। वैसे भी अब अरब खाड़ी के देश भारत के साथ न केवल अपने विदेशी व्यापार को आगे बढ़ाना चाहते हैं बल्कि भारत में भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी करना चाहते हैं। क्योंकि, ये देश भी अब समझने लगे हैं कि आगे आने वाले समय में भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है अतः अब भारत से ये देश भी आर्थिक सम्बंध मजबूत करना चाहते हैं। अभी हाल ही में सऊदी अरब द्वारा भारतीय कम्पनी रिलायंस के साथ ही अन्य भारतीय कम्पनियों में भी भारी मात्रा में विदेशी निवेश करने की इच्छा व्यक्त की गई है। अरब खाड़ी के देशों में लगभग 130 लाख भारतीय निवास कर रहे हैं और इन समस्त देशों के नागरिकों तथा भारतीय नागरिकों का आपस में पहले से ही बहुत अच्छा समन्वय है।

अरब खाड़ी के देशों की आय का मुख्य स्त्रोत पेट्रोलियम पदार्थों से है परंतु संयुक्त अरब अमीरात ने अपनी निर्भरता पेट्रोलियम पदार्थों पर कम करते हुए अन्य आर्थिक क्षेत्रों पर ध्यान देना शुरू किया है जिसका परिणाम यह हुआ है कि आज संयुक्त अरब अमीरात के सकल घरेलू उत्पाद में पेट्रोलियम पदार्थों का योगदान केवल 21 प्रतिशत रह गया है अर्थात 79 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद अन्य आर्थिक क्षेत्रों से प्राप्त हो रहा है, जोकि अपने आप में बहुत बड़ा परिवर्तन है। अरब खाड़ी के ही एक अन्य देश बहरीन ने अपनी निर्भरता पेट्रोलियम पदार्थों पर बहुत कम कर ली है एवं इसी प्रकार के प्रयास सऊदी अरब द्वारा भी किए जा रहे हैं। इस प्रकार के परिवर्तनों के चलते खाड़ी के देश अब भारत से अपने व्यापार को बढ़ाना चाहते हैं एवं इन देशों के बड़े बड़े फण्ड एवं घराने अपने निवेश को भारत की मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# सत्ता परिवर्तन के ज्यादा आसार !



डॉ. भरत मिश्र प्राची

देश में गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न हो गये जहां मतदान औसतन 60 से 65 प्रतिशत के बीच रहा। अब सबकी नजर 10 मार्च को आने वाले परिणाम पर टिकी हुई है जहां इस बार ज्यादात्तर सत्ता परिवर्तन के आसार नजर आ रहे है। चुनाव परिणाम चैकान्ने वाले हो सकते है। इस चुनाव परिणाम को लेकर अपने अपने तरीके से आंकलन मीडिया जगत में किया जा रहा है।

इस बार के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों ने आम जनता को अपने पक्ष में कर सत्ता तक पहुंचने के प्रयास में अपने चुनावी घोषणा पत्र में अनेक लुभावने वायदें कर रखे है। जिसके आधार पर सत्ता की दौड़ में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी रही। अब देखना यह है आम जनता पर इनकी लुभावनी घोषणाओं का कितना असर पड़ा है। इस चुनाव में एक दूसरे पर हावी होने के प्रयास में गड़े मुर्दे उखाड़ने, साम्प्रदायिक सदभाव बिगाडने सहित अनेक प्रकार के राजनीतिक हथकडे भी अपनायें गये। सभी राजनीतिक दलों ने राजनीतिक अपराधी को भी टिकट देकर पूर्व की भॉति चुनाव में उतारा है। इस तरह के हालात में इन राज्यों की आवाम किस को सत्ता तक पहुंचाती है। अब सभी की नजर आने वाले चुनाव परिणाम पर है।

उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनती नजर आ रही है पर इस चुनाव में पूर्व जैसे जनमत के आकड़े उसके पक्ष में नजर नहीं आ रहे है। उत्तर प्रदेश में इस बार सपा ने भाजपा से सत्ता हथियाने की भरपूर कोशिश की,



उसे पहले से बेहतर परिणाम मिलने के भी आसार भी नजर आ रहे है पर विपक्ष के बिखराव के कारण सत्ता के पास पहुंच पाना फिलहाल आसान नहीं है। इस परिवेश में भाजपा का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सत्ता पर फिर से आसीन होना संभव दिखाई दे रहा है। वहीं उत्तराखंड में इस विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास से सत्ता जाती नजर आ रही है। वहां कांग्रेस सत्ता के करीब नजर आ रही है। पंजाब में भी सत्ता परिवर्तन के लक्षण दिखाई दे रहे जहां सत्ता कांग्रेस से छिटकर आप के पास जाती नजर आ रही है। आप को पंजाब चुनाव में इस बार ज्यादा जनमत आता दिखाई दे रहा है , वह पंजाब राज्य का इस चुनाव में सबसे बड़ा राजनीतिक दल के रूप में उभर सकता है पर सत्ता तक पहुंचने में उसे अन्य राजनीतिक दल के सहयोग की जरूरत पड़ सकती है। गोवा एवं मणिपुर में भी सत्ता परिवर्तन के आसार नजर आ रहे है। इस तरह इस बार विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन के ज्यादा आसार दिखाई दे रहे है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित मामलों पर की गयी सुनवाई

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। शनिवार को खोदावन्दपुर थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित पांच मामलों पर सुनवाई की गयी. इस मौके पर अंचलाधिकारी अमरनाथ चौधरी, थानाध्यक्ष सुदीन राम, प्रभारी अंचल निरीक्षक कुमार रजनीश, हल्का कर्मचारी अरुण कुमार की मौजूदगी में भूमि विवाद से संबंधित दोनों पक्षों की सहमति से एक मामले का निपटारा किया गया, जबकि तीन नये मामले सामने आये.सभी लोगों को आवश्यक कागजात के साथ अगले जनता दरबार में आने को कहा गया है.

### नट बस्ती से 20 लीटर देशी शराब जब्त

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के मुरलीपुर गांव स्थित नट बस्ती से तरैया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 20 लीटर देशी शराब बरामद किया है। वही इस धंधे में संलिप्त तीन महिला धंधेबाजों के खिलाफ तरैया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मुरलीपुर नट बस्ती में प्रभावती देवी, गंगा देवी तथा मंजू देवी अपने घर के पास शराब छुपा कर रखी हुई हैं और चोरी-छिपे शराब की बिक्री कर रही हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर नट बस्ती को चेक करने लगा तो चेक करने के क्रम में प्रभावती देवी के घर के पास से एक गड्ढे में बोरे से ढक कर रखा हुआ एक गैलन में 10 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। उसके बाद गंगा देवी के घर को चेक किया गया तो घर के पीछे झाड़ी में छुपा कर रखे हुए एक गैलन में 5 लीटर तथा मंजू देवी के घर के बगल में नाले के पास एक गैलन में छिपाकर रखे गए 5 लीटर देशी शराब, कुल बीस लीटर देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस मामले में संलिप्त प्रभावती देवी, गंगा देवी और मंजू देवी को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आगें की कार्रवाई में जुट गई है।

### मुख्य पार्षद ने किया शिव चर्चा के साथ होली मिलन का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। फतुहा के मुख्य पार्षद और उपमुख्य पार्षद के द्वारा मस्ताना घाट स्थित बाबा गंगेश्वर स्थान में शिवर्चचा और होली मिलन का आयोजन किया गया, कोरोना काल के बाद पहली बार लगभग सौ की सख्या में महिला जुटी, और भजन कीर्तन के साथ होली के गाने भी गई और झूमी, महिलाओ ने एक दूसरे को रंग गुलाल भी लगाया, वही मुख्य पार्षद रूपा देवी और उपमुख्य पार्षद सुषमा देवी ने सब को होली की बधाई भी दी, मौके पर पार्षदो में पुनम देवी, बेवी देवी, शारदा देवी,के अलावा मुख्य गायक में प्रदीप बाबा मौजूद थे।

### 19 मार्च को मनेगी होली- आचार्य सुनील तिवारी



मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया इस बार होली का त्यौहार 19 मार्च शनिवार को मनाया जाएगा। वही 17 मार्च गुरुवार को रात्रि 12:57 के बाद होलिका दहन किया जाएगा। आचार्य सुनील कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष युवा ब्राह्मण चेतना मंच सारण, सह जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी सरपंच संघ सारण, ने बताया कि कैलेंडर देखकर लोग मान रहे हैं कि 17 मार्च को होलिका दहन और 18 मार्च को होली मनाया जायेगा। लेकिन पंचांग, ज्योतिष, शास्त्र के अनुसार 17 मार्च को होलिका दहन और 19 मार्च को होली मनाई जायेगी। विश्व पंचांग, अन्नपूर्णा पंचांग, महावीर पंचांग, हनुमान पंचांग, ऋषिकेश पंचांग के अनुसार मध्य रात्रि 12:57 के बाद होलिका दहन का योग बन रहा है। उन्होंने बताया कि होली का त्यौहार प्रेम और सद्भावना से जुड़े त्यौहार है। इसमें अध्यात्म का अनोखा रूप झलकता है। इस त्यौहार को रंग और गुलाब के साथ कई पारंपरिक कथाएं एवं मान्यताएं जुड़ी हुई है। अतः होलिका दहन कि अगले दिन 18 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे तक पूर्णिमा होने की वजह से होली 19 मार्च शनिवार को मनाया जायेगी। आचार्य श्री तिवारी ने बताया कि इस वर्ष होलिका दहन का शुभ मुहूर्त मध्य रात्रि के बाद रात्रि 1:00 बजे है।

### एससी/एसटी अत्याचार निवारण मामले का निष्पादन लंबित ना रखें-जिलाधिकारी



मदरलैण्ड संवाददाता, मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक एवं पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में एससी/एसटी(अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।जिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण मामले का निष्पादन लंबित ना रखें।यथाशीघ्र निष्पादित करें।वहीं पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण मामले में पीड़ित पक्ष को ससमय न्याय दिलाया जाएगा।बता दें कि जिलाधिकारी द्वारा 18 फरवरी को अत्याचार अनुदान भुगतान हेतु कुल 68 मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गई है।वहीं इस अधिनियम के तहत 20 हत्या के मामलों में अपराध की तिथि से माह जनवरी 2022 तक पेंशन हेतु 35 लाख 71 हजार 185 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, भूमि उप समाहर्ता सदर मोतिहारी,एमएलसी प्रतिनिधि, जिला कल्याण पदाधिकारी,कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण,विशेष लोक अभियोजन एससी/एसटीअत्याचार निवारण अधिनियम,सदस्य जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति आदि उपस्थित थे।

---

### होली में कोरोना पर रहेगी सरकार की नजर

## बिहार आनेवाले हर प्रवासी के सैंपल की होगी जांच

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। कोरोना पटना सहित पूरे बिहार में लगभग खत्म हो गया है. सूबे के 25 से अधिक जिलों में रोजाना एक भी केस नहीं आ रहा है, हालांकि पटना व प्रदेश के बड़े शहरों में वर्तमान में भी रोजाना 21 पॉजिटिव केस चिह्नित किये जा रहे हैं. वहीं होली व पिछले साल मार्च में कोरोना के केस प्रदेश भर में मिलने लगे थे.इस बार भी बड़ी संख्या में प्रवासी लोगों के अपने राज्य में लौटने की संभावना है. इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम फिर से अलर्ट हो गयी है. प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी की है.

अधिकारियों ने रेलवे, बस स्टेशन, सब्जी मंडी, एयरपोर्ट, मजदूरों के अड्डों आदि जगहों पर कोरोना के सैंपल लेने के निर्देश दिये गये हैं. 15 मार्च से शुरू फोकस सैंपल लेने का अभियान 28 तक जारी रहेगा.

**50 प्रतिशत सेंपल की आरटीपीसीआर जांच होगी**

फोकस सैंपल में 50 प्रतिशत की आरटीपीसीआर जांच होगी. 50 प्रतिशत एंटीजन जांच होगी. अगर कोरोना जैसे लक्षणों वाले व्यक्ति की एंटीजन जांच निगेटिव होती है, तो आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य रूप से करायी जायेगी. वहीं सिविल सर्जन डॉ विभा कुमारी ने बताया कि कोरोना के केस जिले में पूरी तरह से खत्म हो गये हैं.

यहां तक कि शहर के पीएमसीएच, आइजीआइएमएस और पटना एम्स का कोविड वार्ड पूरी तरह से खाली है. एक भी मरीज भर्ती नहीं है. हालांकि होली की भीड़ को देखते हुए जांच टीम को फिर से अलर्ट कर दिया गया है. पर्व को देखते हुए पुरानी टीम को निर्देश दिये गये हैं. यहां तक कि जांच टीम बढ़ा कर बाहर से आने वाले सभी यात्रियों की कोविड जांच अनिवार्य की गयी है. उन्होंने बताया कि अगर विदेश से आने वाले लोग पॉजिटिव होते हैं, तो उनके सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए आइजीआइएमएस में भेजा जायेगा. सैंपल लेने वाली टीम को कहा गया है कि वह सैंपल लेने से पूर्व हिस्ट्री जरूर ले।

## पदाधिकारियों ने की होली और शब-ए-बरात को लेकर शांति समिति की बैठक



» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। तरैया प्रखंड के रसीदपुर गांव में पूर्व जिला पार्षद अब्दुल्ला खान के आवास पर शनिवार को होली और शब-ए-बरात को लेकर मढ़ौरा एसडीओ योगेंद्र कुमार तथा डीएसपी इंद्रजीत बैठा की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद अब्दुल्ला खान ने किया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से पदाधिकारियों ने होली एवं शब-ए-बरात को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। एसडीओ योगेंद्र कुमार ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बनाये रखने में पंचायत प्रतिनिधि स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। वही डीएसपी इंद्रजीत बैठा ने कहा कि इसबार डीजे बजाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों को नोटिस तामिला कराकर आगाह किया जाएगा। बैठक में तरैया थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार सिंह, सीओ अंकु गुप्ता, पीएसआई रवि रंजन कुमार, सुरेंद्र सिंह, मुख्तार सिंह, शकील खान, अख्तर मियां, मोहन सिंह, मोहम्मद शाह, रियाजुद्दीन अंसारी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शपथ ग्रहण के तीन महीने बाद भी नहीं मिला मुखिया को प्रभार

### प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी का आदेश भी बेअसर

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के नव निर्वाचित मुखिया को अबतक किसी प्रकार का प्रभार नहीं सौंपा गया है. तीन दिनों के अंदर प्रभार सौंपने का पंचायत सचिव को दिया गया निर्देश भी अबतक बेअसर है. बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा ने बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री, डीएम, डीडीसी, एसडीएम, बीडीओ एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को पत्र लिखकर इस आशय की जानकारी दी है.मुखिया ने जल्द से जल्द प्रभार सौंपे जाने की मांग इन अधिकारियों से किया है. मुखिया श्री वर्मा ने बताया है कि पिछले 28 दिसंबर को ही उन्होंने मुखिया के रूप में शपथ ग्रहण किया. प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ने अपने ज्ञापांकः 8, दिनांकः 15 जनवरी 2022 के आलोक में पंचायत सचिव को संबंधित पंचायत के सचिव को तीन दिनों के अंदर संपूर्ण प्रभार सौंपने का आदेश दिया, परन्तु बरियारपुर पश्चिमी पंचायत में इस आदेश का पालन पंचायत सचिव द्वारा नहीं किया गया.प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के निर्देश का पालन नहीं होने पर उन्होंने गत 17 फरवरी को बीडीओ एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को भी पत्र लिखकर प्रभार सौंपवाने का आग्रह किया था, परन्तु इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई. मुखिया ने बताया कि पुनः 12 मार्च को इस आशय की मांग का पत्र आलाधिकारियों को भेजा गया है. मुखिया श्री वर्मा ने बताया है कि प्रभार नहीं मिलने से पंचायत का विभिन्न विकास कार्य बाधित हो रहा है. पंचायत की जनता अपनी समस्याओं को लेकर रोज उनका घेराव कर रही है।

## डीजे बजाने एवं ताड़ी बेचने पर रहेगी पूर्ण प्रतिबंध- एसडीएम

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। होली एवं शव ए बारात के मौके पर ताड़ी की दुकानें बंद रहेगी.साथ ही डीजे बजाने पर पूर्व की तरह पूर्ण प्रतिबंध जारी रहेगा. यह बातें एसडीएम इंजीनियर मुकेश कुमार ने शांति समिति की बैठक में कहीं. होली एवं शव ए बारात को लेकर शुक्रवार को खोदावन्दपुर थाना परिसर में आयोजित इस बैठक में उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द के साथ होली और शव ए बारात का पर्व उल्लास पूर्वक मनायें. इस मौके पर एसडीपीओ सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली एवं शव ए बारात को लेकर आगामी 17 से 19 मार्च तक पुलिस की विशेष गश्ती होगी.उपद्रवी तत्वों पर खास नजर रहेगी.ताड़ी बेचने वालों एवं डीजे बजाने वालों को पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा.एवं डीजे जप्त कर लिया जाएगा.एसडीपीओ ने कहा कि इन दोनों पर्वो को लेकर क्षेत्र के संवेदनशील जगहों पर पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी और दण्डाधिकारी भी मौजूद रहेगें.बैठक में पूर्व मंत्री अशोक कुमार, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद सुभान, प्रखंड प्रमुख संजू देवी, बीडीओ राघवेन्द्र कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी, थानाध्यक्ष सुदीन राम, अपर थानाध्यक्ष अर्चना झा, पूर्व प्रमुख उपेन्द्र प्रसाद सिंह, अंजना कुमारी, मेघौल पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह, बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा, सागी पंचायत के मुखिया इरशाद आलम, दौलतपुर पंचायत के मुखिया उमा कुमार चौधरी, पंसस जुनैद अहमद, विनोद सहनी, सरपंच नवीन प्रसाद यादव, भोला पासवान, नैयर आलम, दिलदार हुसैन, डीलर विवेक कुमार उर्फ मंतोष, व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा, पूर्व मुखिया टिंकू राय, अनिल कुमार, समाजसेवी गुफरान कमर, भोला राय, गोपाल पासवान, अवधेश कुमार, तरुण कुमार रौशन, कैलाश यादव, मदन सहनी, रामकृष्ण पोद्दार सहित अनेक लोग मौजूद थे.

## अमर शहीद जुब्बा सहनी का मनाया गया 78वां शहादत दिवस

### बाबा अमर सिंह स्थान मेघौल में कार्यक्रम आयोजित




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। भारत की आजादी के दीवाने अमर शहीद जुब्बा सहनी का 78वां शहादत दिवस शुक्रवार को बाबा अमर सिंह स्थान मेघौल में मनाया गया.आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी वैद्यनाथ सहनी ने किया. इस मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या मटिहानी के सहायक शिक्षक ओम शंकर कुमार ने शहीद जुब्बा सहनी के बारे में विस्तार से चर्चा की.उन्होंने कहा कि शहीद जुब्बा सहनी का जन्म 1906 ईस्वी में अत्यंत निर्धन निषाद परिवार में मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर थाना अंतर्गत चैनपुर गांव में हुआ था. इनके पिता पांचू सहनी थे.जो मजदूरी करके किसी तरह अपना जीवन यापन करते थे.वे अंग्रेजों भारत छोड़ो अभियान में कूद पड़े थे.सन 1942 के भारत छोड़ों आंदोलन के तहत अंग्रेजी थानाध्यक्ष वालर के द्वारा उनके रिश्ते के भाई वागुर सहनी को गोलियों से भूज दिया. जिसके प्रतिशोध में थाना इंचार्ज ने वालर को पकड़ कर जुबां सहनी ने मीनापुर थाना में ले जाकर वहां के फर्नीचर के साथ साथ वालर को जिंदा जला दिया गया.इस पर अंग्रेज के जज 11 मार्च 1944 को तत्कालीन केन्द्रीय कारा भागलपुर में जुबां सहनी को फांसी की सजा सुनाई और उन्हें फांसी दे दी गयी. वहीं समाजसेवी वैद्यनाथ सहनी ने इस शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया.उन्होंने कहा कि निषाद समाज में शिक्षा के प्रति रुझान पैदा हो, बच्चे शिक्षित होकर आज हमारे समाज की प्रतिष्ठा को ऊंचा कर सकें.श्री सहनी ने कहा कि वर्तमान समय में भी निषाद समाज के बच्चे शिक्षक, पुलिस, दरोगा, इंजीनियर आदि को सुशोभित कर रहे हैं.उन्होंने निषाद समाज के लोगों को नशा को त्याग कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष रुप से ध्यान देने की अपील की.इस कार्यक्रम में शिक्षक रंजीत सहनी, राजकुमार सहनी, इंद्रदेव सहनी, श्याम बिहारी सहनी, लालबाबू सहनी, बाके सहनी, कैलाश कुमार, प्रफुल्ल कुमार, उपेन्द्र सहनी समेत निषाद समाज के दर्जनों लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एस.एस.बी. ने महिलाओं को सेल्फ डिफेंस सिखाया



» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। शनिवार को 56वीं वाहिनी स.सी.ब. मुख्यालय बथनाहा के द्वारा कोविड गाइडलाइंस को निर्वहन करतेहुए ₹देश की हिफाजत देश की सुरक्षा₹ थीम पर महिलाओं की सुरक्षा संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर वाहिनी के महिला कार्मिकों द्वारा समस्त संदीक्षा सदस्याओ के समक्ष सेल्फ डिफेंस से संबंधित 5 डेमोस्ट्रेशन प्रस्तुत कर जागरूक किया गया जिससे विषम परिस्थितियों में महिलाएँ अपनी सुरक्षा स्वयं करने में काबील बन सके। साथ ही मोबाइल में एमरजेंसी बटन का इस्तेमाल कर कैसे अपनों तक प्रॉब्लम में फंसने का मैसेज दिया जाता है यह भी बताया गया ह्व इसके अतिरिक्त ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ विषय पर 56वीं वाहिनी के संदीक्षा प्रेसीडेंट श्रीमति सुमित्रा नाग द्वारा महत्वपूर्ण रूप से इस विषय पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर वाइफ वेलफेयर एशोसियेशन की समस्त सदस्य एवं महिला बल कार्मिक उपस्थित थे।

## त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी चल अचल संपत्ति का ब्यौरा प्रस्तुत करने का निर्देश

त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी चल अचल संपत्ति का व्योरा आगामी 31 मार्च तक प्रखंड कार्यालय में देने का निर्देश दिया गया है. डीएम ने बीडीओ एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को इस आदेश का पालन करवाने का फरमान जारी किया है.पंचायत के मुखिया, ग्राम कचहरी के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं पंचों से यह व्योरा मांगा गया है. जारी पत्र में बताया गया है कि यदि 31 मार्च तक कोई पंचायत प्रतिनिधि अपनी संपत्ति का व्योरा सम्बन्धी प्रतिवेदन नहीं जमा करते हैं, तो उनसे कारण पृच्छा की जाएगी. यदि इस निर्देश के बाद भी निर्धारित अवधि में चल अचल संपत्ति का व्योरा किसी पंचायत प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाएगा तो उनसे अंतिम कारण पृच्छा की जाएगी. यदि फिर भी प्रतिवेदन नहीं समर्पित किया जाता है, तो ऐसे पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## तीन दुकानों में कालाबाजारी की यूरिया जप्त

### खाद दुकान को किया गया सील

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। फलका प्रखंड क्षेत्र में यूरिया खाद की कालाबाजारी की सूचना पाकर जिला पदाधिकारी के टीम गठित एक दल शुक्रवार के ढेर शाम फलका बाजार स्थित जय माता दी इंटरप्राइजेज, कैलाश रुंगटा के खाद दुकान एवं गोदाम, रहटा ग्राम स्थित डोमी गुप्ता के खाद गोदाम में छापेमारी की गई। छापेमारी टीम का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी शंकर शरण ओमी कर रहे थे। छापेमारी के दौरान प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम पुकार पासवान, अंचलाधिकारी दिवाकर कुमार, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक शिवप्रसन्न सिंह आदि दल बल के साथ उपस्थित थे। छापेमारी के दौरान जय माता दी। इंटरप्राइजेज फलका के दुकान एवं गोदाम को अनुमंडल पदाधिकारी शंकर शरण ओमी के नेतृत्व में सील कर दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी शंकर शरण ओमी ने बताया कि जिला पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि फलका प्रखण्ड क्षेत्र में यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कुछ दुकानदारों के द्वारा वृहद पैमाने पर कालाबाजारी की जा रही है। सूचना मिलते ही जिला पदाधिकारी के द्वारा टीम गठित किया गया। फलका बाजार स्थित जय माता दी इंटरप्राइजेज में शुक्रवार की संध्या छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 213 बोरा विभिन्न ब्रांड के यूरिया खाद बरामद किया गया। साथ ही एलमुनियम सल्फेट 111 पैकेट, जिन्क खेतान 15 पैकेट, कैल्शियम 13 पॉकेट, जिम्सन 235 पैकेट, एनपीके 39 पैकेट, सल्फर 17 पैकेट, शक्तिमान पोटाश 7 पोकेत, फास्ट अलमोनियम 23 पॉकेट, श्रीराम पोटाश 51 पैकेट, मोबजी अल्मुनियम सालफेट 7 पैकेट, विभिन्न ब्रांड के यूरिया 213 बोरा समय आदि खाद बरामद हुआ।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में मिली शानदार जीत पर कटिहार में आम आदमी पार्टी ने मनाया जश्न



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आम आदमी पार्टी कार्यालय में पार्टी को पंजाब में मिली शानदार जीत पर जश्न मनाया गया। इस मौके पर कार्यकत्ताओं ने ढोल नगारों पर जमकर नृत्य किया। आपस में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया तथा मिठाइयाँ बांटी। कटिहार जिला प्रभारी बिनोद राज झा ने पंजाब की इतिहासिक जीत को अरविंद केजरीवाल को देश के अगले प्रधानमंत्री की संभावना की ओर इशारा बताया। पार्टी के जिला पर्यवेक्षेक सुदीप राय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने सीमांचल को बर्बाद कर दिया है। कोशी, गंगा, महानंदा आदि नदियों ने सैकड़ों गांवों को निगल लिया है। कटिहार जिले में महिलाओं के उपर अपराधों का सिलसिला जारी है। बाढ़ निरोधी कार्य, नल जल योजना, अंचल में मोटेसन के नाम पर लूट- खशोट, जारी है। कटाव पीड़ितों को मुआवजा तथा पुनर्वास की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। ऐसे में सिर्फ आम आदमी पार्टी ही एक मात्र विकल्प है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुदीप राय, जिला प्रभारी बिनोद राज झा, जिला सह प्रभारी सुनील कुमार यादव, संगठन मंत्री प्रेम कुमार यादव, बुद्धिनाथ झा, राजा खान, साहेब तृदेव, नीरज कुमार दास, लिलानंद मंडल, पवन कुमार यादव, राजू मिश्रा, ललन कुमार, साउद् आलम, सरदार दलजीत सिंह, राजाराम पासवान, नसीम जी, मांगन पासवान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 4 माह से शिक्षकों को वेतन नही मिलने से फीकी रहेगी होली



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के मनसाही प्रखंड अध्यक्ष माखन कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विद्यालय के नियोजित शिक्षकों को एसएसए व जीओबी मद के वेतन दिसंबर माह से नहीं मिला हैं, इससे शिक्षक भुखमरी के कगार पर चले गए हैं, 4 दिन बाद होली हैं, लेकिन वेतन नहीं मिलने से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं, 4 माह से वेतन नहीं मिलने से राशन दुकानदार राशन देना बंद कर दिया हैं। बच्चों का ट्यूशन फीस नहीं दे पा रहे हैं। सभी नियोजित शिक्षकों के ऊपर विषम परिस्थिति आ गई हैं, जिला प्रशासन अविलंब एसएसए मद से वेतन पाने वाले नियोजित शिक्षकों को अविलंब 4 माह का वेतन भुगतान करें, जिससे मनसाही प्रखंड के नियोजित शिक्षकों का होली अच्छी तरीके से मन सके। राशन दुकानदार को रुपए दे सकेंगे, साथ ही ट्यूशन फीस भी जमा कर सकेंगे। साथ ही 15% वृद्धि के साथ वेतन दिया जाय।

### थाना में जनता दरबार का हुआ आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कदवा थाना प्रांगण में आज शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये पांच मामले में कुल तीन मामले का निष्पादन किया गया। इस संबंध में कदवा थानाध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने बताया कि कदवा आज जमीनी विवाद के कुल पांच मामले आये थे जिसमें दोनों पक्षों को सुनते हुए तीन मामले का निष्पादन किया गया। बहरहाल जो भी हो कदवा थाना में प्रत्येक शनिवार को जमीनी विवाद के निपटारे के लिए जनता दरबार तो आयोजन किया जाता है लेकिन क्षेत्र में लगभग दिन जमीनी विवाद का मामला बढ़ता ही जाता है और ना ही जनता दरबार मामले की कमी होती है। वहीं इस दौरान मौके पर राजस्व कर्मचारी सब्बीर आलम, जदयू नेता अंजार आलम, सरपंच मुशा अली, समाजसेवी अमरेंद्र नाथ ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### होली व शब ए बारात पर्व को लेकर थाना में हुई शांति समिति की बैठक



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। हसनगंज थाना परिसर में होली व शब ए बारात पर्व में शांति व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित कर पर्व को परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्षता बीडीओ रितेश कुमार, थानाध्यक्ष रामचंद्र मंडल ने संयुक्त रुप से की। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित सामाजिक कार्यकताओं व गणमान्य के लोगों ने अपनी हिस्सेदारी दी एवं होली में बिना हुड़दंग के संस्कार युक्त होली मनाने को लेकर सहमति व्यक्त की। बीडीओ रितेश कुमार ने कहा की शब ए बरात व होली पर्व को लेकर बैठक त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य के साथ किया किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया पूर्व साल की भांति इस साल भी शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराया जाएगा। किसी भी लोगों को कानून की उल्लंघन करने की छूट नहीं मिलेगा। होली का पर्व और शब ए बरात पर्व को लेकर लोगों में उल्लास है। भाईचारा बनाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की गई। बैठक में होलिका दहन के सम्वेदनशील स्थल को लेकर भी जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगे गए। इस बैठक को सफल बनाने में प्रखंड प्रमुख नीलू देवी, जिला महामंत्री प्रशांत झा, पैक्स अध्यक्ष राधा उरांव, समाजसेवी अमरनाथ यादव, उप प्रमुख प्रतिनिधि विनोद कुमार मंडल, मुकेश श्रीवास्तव, ज्योतिष कांत कुमार, सदानंद तिर्की, मो मोहसिन, सरपंच मो इस्ताप, गौतम कुमार आदि जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# 24 घंटे के भीतर किराना थौक व्यवसायी के गोदाम से चोरी किए सामानों को पुलिस ने किया बरामद

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। नगर थाना पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब आरक्षी अधीक्षक जितेंद्र कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन कर नगर थाना अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह एवं छापेमारी दल द्वारा 10 एवं 11 मार्च की बीती रात नगर थाना क्षेत्र के किराना व्यवसाई के गोदाम से लाखों रुपए के किराना सामानों की चोरी की घटना का पदार्फाश कर दिया घटना के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान आरक्षी अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि नगर थाना क्षेत्र में 10 एवं 11 मार्च की रात्रि नया टोला के विनोद कुमार महासेठ पे०झस्व0 महावीर महासेठ, सा0-नया टोला वार्ड नं0-35 थाना-नगर, जिला-कटिहार के गोदाम से अज्ञात चोर द्वारा भारी मात्रा में सलौनी कच्ची घानी सरसों तेल का कार्टन एवं टीन चोरी कर लिया गया था इस संबंध में विनोद महासेठ द्वारा चोरी की घटना से पुलिस को अवगत कराया गया वादी कटिहार शहर के एक थोक किराना विक्रेता है इनके प्रतिष्ठान का नाम उत्कर्ष ऐजेन्सी है, जो नगर थाना अंतर्गतनया टोला अवस्थित है उन्होंने बताया कि दिनांक-11 मार्च को सुबह 06:30 बजे वादी को गोदाम मे चोरी की घटना घटित हुई इस संदर्भ में नगर थाना मे विक्रेता द्वारा मामला दर्ज कराया गया जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा का अवलोकन एवं तकनिकी साक्ष्य संकलन से इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मी किशन यादव पिता-मनोज यादव सा0-नया टोला, थाना-नगर जिला कटिहार को गिरफतार किया गया एसपी ने बताया कि गिरफतार अभियुक्त किशन यादव ने अपना अपराध स्वीकार किया, साथ ही बताया कि ये अपने अपराधी दोस्तो के मदद से इस घटना को अंजाम दिया है और चोरी किये गये सभी समानों कोआ अपने साथी के मदद से इनके द्वारा संदलपुर में मो0 आफताब आलम पिता मोलवी अयुब अली थाना-कोढ़ा, जिला-कटिहार के गोदाम मे छिपाकर रखा गया। छापामारी टीम के द्वारा उसे भी गिरफतार कर लिया गया। अभियुक्त किशन यादव के आपराधिक स्वीकारोक्ति बयान में आधार पर संदलपुर थाना कोढ़ा स्थित मो0 आफताब आलम के गोदाम से चोरी गये समानों की 100 प्रतिशत बरामदगी महज 24 घंटे की भीतर की गई उन्होंने बताया कि छापेमारी टीम द्वारा 84(चौरासी) काटुन सलौनी कच्ची घानी सरसों तेल प्रत्येक काटुन 16 लीटर कुल-1344ली0 सरसों तेल।

सलौनी कच्ची घानी सरसों तेल 40(चालीस) टीन प्रत्येक टीन 15 किलो ग्राम कुल-600 किलो ग्राम सरसों तेल मोबाईल-01(एक) यह किराना सामान बरामद कर लिए गए साथी इस मामले में दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई जिसमें गिरफ्तार अभियुक्त का नाम किशन यादव पिता -मनोज यादव सा0-नया टोला, थाना-नगर जिला आफताब आलम पिता-मोलवी अयुब अली थाना-कोढ़ा, जिला-कटिहार शामिल है जब की अन्य अभियुक्तों की गिरफतारी एवं पिकअप माल वाहक गाड़ी की बरामदगी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है वह इस मामले के पदार्फाश करने गई छापामारी टीम पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार-05 नगर थाना, पुलिस अवर निरीक्षक रूपेश कुमार रंजन नगर थाना। पु0अ0नि0 रामरतन कुमार नगर थाना। प0पु0अ0नि0 पंकज प्रताप नगर थाना शामिल थे।

## सीसीटीवी कैमरे से शहर की गतिविधि पर रखी जाएगी नजर : आरक्षी अधीक्षक



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। शहर के 24 मुख्य चौक चौराहा पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जाएगी। एक स्पताह के अंदर और कई जगहो पर 16 और कैमरे लगाए जाएगे। सीसीटीवी कैमरे से शहर की गतिविधि पर भी नजर रखी जाएगी। आम लोगो से भी अपील है कि वे अपने घरो और प्रतिष्ठान में भी सीसीटीवी कैमरा लगाए। ये बाते नगर थाना परिसर में शहर में लगे सीसीटीवी कैमरा के नियंत्रण कक्ष में सीसीटीवी कैमरा के उदघाटन के अवसर पर जिलाधिकारी उदयन मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से कही। इस अवसर जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में भी जो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है उसे भी देखा जा रहा है और सभी कैमरो का मेंटेनेंस एक ही कंपनी को दिया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि अपराध के अधिकांश मामलो का उदभेदन सीसीटीवी के आधार पर ही होता है। इसलिए इसतरह शहर के मुख्य चौक चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगने से अपराध पर नियंत्रण के साथ साथ अपराधी को पकड़ने में भी सहूलियत होगी। उन्होने आमलोगो से भी अपील किया कि अपने अपने घरो के साथ साथ प्रतिष्ठान में भी सीसीटीवी कैमरा लगाए ताकि किसी भी तरह की होनी अनहोनी पर नजर रखा जा सके। इस अवसर नगर थानाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सहित नगर थाना के पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## कॉंग्रेस ने डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम राय ने कोढा एवं फलका प्रखंड में कार्यकताओं के साथ डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेम राय ने कोढा प्रखंड के साधु बाबा स्थान बहरखाल नंदग्राम जरलाही मूसापुर फलका प्रखंड के रहटा पीरमोकाम सालेहपुर बभनी आदि कई इलाकों में पहुंच कर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं एवं आम लोगों के बीच डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया। डिजिटल सदस्यता अभियान में कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रखंडों के निचले स्तर तक डिजिटल सदस्यता को गति प्रदान करने के लिए प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में कांग्रेस पार्टी के सदस्यता के लिए दौरा भी किया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया वहीं इस दौरान कांग्रेस का संदेश भी लोगों के बीच दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सह पूर्व विधायक पूनम पासवान ने बताया कि कोढा एवं फलका के विभिन्न पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाया गया है। जहां बड़ी तादाद में लोग कांग्रेस के सदस्य बन रहे हैं। कांग्रेस को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। बढ़ती बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार के विरुद्ध लोगों में काफी नाराजगी है। 31 मार्च तक पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वर्तमान में एमएलसी चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने के कारण जिला प्रशासन से अनुमति लेकर होली के बाद सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए वे पंचायतो के दौरा पर रहेंगी। इस बीच प्रखंड कांग्रेस के इनरोलर सदस्यता अभियान चलाते रहेगें। मौके पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता पियूष मिश्रा, कोढ़ा प्रखंड कांग्रेस के प्रभारी प्रभु लाल पासवान, फलका प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल कलाम आजाद, अमरजीत यादव, युवा कांग्रेस के मो0 मासूम, महिला प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विभा मिश्रा, तबरेज अंसारी, मनीष यादव, सौरभ कुमार, मसरूर आलम, अमित यादव, फारूक आजम, गौरव गब्बर, विवेक कुमार, दीपक यादव सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

# मुखिया संघ के अध्यक्ष बने मसलेउद्दीन कहा भ्रष्टाचारियों के खिलाफ रहेंगे तत्पर

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। मुखिया संघ अध्यक्ष के चयन के लिए शनिवार को केसरी चौक स्थित सामुदायिक भवन प्रांगण में एक बैठक मर्वतपुर मुखिया मोहम्मद नजरुल आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में प्रखंड क्षेत्र के 28 मुखिया में से 25 मुखिया शामिल हुए

सर्वप्रथम बैठक में सभी मुखियाओं ने कई मुद्दों पर विस्तार से बात करते हुए प्रखंड को भ्रष्टाचार मुक्त कराए जाने के लिए संकल्प दोहराया इसके लिए कई योजनाएं भी बनाए गए तत्पश्चात संगठन को मजबूत बनाने के लिए मुखिया संघ का अध्यक्ष का चयन करने का निर्णय लिया गया बैठक में आजमनगर मुखिया डॉ भरत कुमार राय ने मुकुरिया पंचायत के पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष मोहम्मद मसलेउद्दीन को पुनः फिर से आजमनगर मुखिया संघ का अध्यक्ष चयन के लिए प्रस्ताव रखे बैठक में उपस्थित समस्त मुखिया ने एक स्वर में मोहम्मद मसलेउद्दीन को आजमनगर मुखिया संघ का अध्यक्ष निर्विरोध चयन कर लिया गया जबकि उपाध्यक्ष गजाला परवीन कोषाध्यक्ष डॉ भरत राय बनाए गए

मुखिया संघ का अध्यक्ष बनने के बाद मोहम्मद मसलेउद्दीन ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है पिछली बार की तरह इस बार भी भरोसे पर खरा उतरने का काम करेंगे। सभी जनप्रतिनिधियों ने आजमनगर मुखिया संघ के अध्यक्ष मस्लेउद्दीन को माला पहनाकर स्वागत किया

वहीं बैठक में उपस्थित मुखिया महबुब आलम, निर्मला देवी, डॉ भरत कुमार राय, गफ्फार आलम, राहिला इरम, उदुल उर्फ अनिफुल, गुलाम सरवर उर्फ फुलटू, अमित कुमार, इजहार आलम, सिकन्दर भांट, मोती लाल तांती, प्रदीप घोष, कबिरुद्दीन, कुलसुम बेगम, तनवीर अहमद, नजरुल आलम, रीना बेगम, बमबम मंडल, इंतजार आलम उर्फ मुन्ना आदि जनप्रतिनिधियों ने नव चयनित मुखिया संघ के अध्यक्ष मोहम्मद मसलेउद्दीन को बधाई दिए

# लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर राज्य स्तरीय टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव संबंधी बेहतर सेवाएं सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर हर स्तर पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्यस्तरीय टीम ने अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत लक्ष्य कार्यक्रम के तहत चयनित जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोढ़ा व फलका का निरीक्षण किया। राज्य स्तरीय टीम में शामिल डॉ प्रवीण महाराणा, डॉ संध्या शुक्रवार जहां कोढ़ा स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर प्रसव कक्ष में उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से मुआयना किया। वहीं शनिवार को विशेष टीम ने फलका सीएचसी का निरीक्षण करते हुए प्रसव संबंधी उपलब्ध सेवाओं का जायजा लिया। इस क्रम में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक पूर्णिया नजमूल हौदा, डीपीएम स्वास्थ्य किसलय कुमार, डीटीएल केयर प्रदीप बेहरा, डीटीओएफ भावना राणा सहित संबंधित स्वास्थ्य संस्थान के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

**निरीक्षण के नतीजों पर राज्यस्तरीय टीम ने जताया संतोष :**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोढ़ा व फलका के निरीक्षण के उपरांत प्राप्त नतीजों पर राज्यस्तरीय टीम ने संतोष व्यक्त किया। टीम में शामिल डॉ परबीर महाराणा ने बताया कि प्रसव कक्ष में मरीजों को जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के क्रम में लक्ष्य प्रमाणीकरण के लिये निर्धारित सभी इंडिकेटरों का बारीकी से मुआयना किया गया। इस क्रम में उजागर कमियों के सुधार को लेकर संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये गये हैं। राज्य स्तरीय टीम में शामिल डॉ संध्या सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव संबंधी उपलब्ध सेवाओं पर गहनता पूर्वक मुआयना किया गया। इस क्रम में मातृत्व व शिशु इकाई में दी जा रही सेवाओं संतोषप्रद पाया गया। इसके लिये उन्होंने दोनों स्वास्थ्य केंद्र पर लक्ष्य प्रमाणीकरण प्राप्त करने को लेकर किये जा रहे प्रयास को सराहा। उन्होंने जल्द ही दोनों स्वास्थ्य इकाई के लक्ष्य प्रमाणीकृत होने का भरोसा दिलाया।

● **निरीक्षण के नतीजे से संतुष्ट टीम के सदस्यों ने जल्द ही लक्ष्य प्रमाणीकरण प्राप्त होने का दिया भरोसा**

**जल्द प्राप्त होगा लक्ष्य प्रमाणीकरण :**

इस क्रम में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक पूर्णिया नजमूल हौदा ने बताया कि लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर विभागीय निर्देश के आलोक में दोनों ही स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। मूल्यांकन टीम ने निरीक्षण के नतीजों पर संतोष जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही एनक्यूएएस की टीम द्वारा दोनों स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जाना है। डीपीएम स्वास्थ्य किसलय कुमार ने बताया कि बीते साल भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलका, कायाकल्प कार्यक्रम के तहत राज्य में दसवां व जिले में पहले स्थान पर रहा था। उन्होंने बताया कि लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर हर स्तर पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। जल्द ही केंद्रीय स्तर से भी दोनों स्वास्थ्य केंद्रों को लक्ष्य प्रमाणीकरण प्राप्त होने का भरोसा उन्होंने जताया।

**अगले चरण में बेहतर प्रदर्शन का भरोसा :**

राज्यस्तरीय टीम के निरीक्षण के उपरांत टीम के सदस्यों की प्रतिक्रिया से फलका सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार व कोढ़ा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ गिरीश चंद्रा, डॉ आनंद कुमार सहित अन्य ने संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय टीम से प्राप्त प्रोत्साहन व मार्गदर्शन से उनके टीम का हौसला बढ़ा है। मजबूत हौसले के दम पर अपने लक्ष्य प्रमाणीकरण के अगले चरण में बेहतर प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं। निरीक्षण के क्रम में बीएचएम फलका मुश्ताक अंसारी, कोढ़ा के बीएचएम मुकेश कुमार सिंह सहित संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों के तमाम कर्मी मौजूद थे।

# होली और शबेबारत को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार एवं बंगाल की सीमा पर अवस्थित रोशना ओपी के प्रागंण में होली व शबे बरात पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को सीओ कुमार नलिनीकांत व ए.एस.आई उमाशंकर यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में क्षेत्र के त्रिस्तरीय पंचायती राज के बुद्धिजीवी, समाज सेवी व गणमान्य लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त बैठक को संबंधित करते हुए सीओ नलिनीकांत ने सभी जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवी व समाज सेवी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली व शबे बरात पर्व मनाने की अपील करते हुए असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने की बातें कही। वहीं एस आई उमाशंकर यादव व राम कुमार सिंह ने कहा कि शराब पीने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाएगी, अश्लील गाने एवं जोर जबरदस्ती किसी भी ब्यक्ति पर रंग लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख रोशनी खातून, स्थानीय मुखिया तनबीर अहमद, दक्षिणी लालगंज पंचायत पूर्व मुखिया मोहम्मद सऊद आलम, दक्षिणी लालगंज पंचायत के मुखिया जुलूम सिंह, गौरीपुर पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार सिंह, सरपंच असगर अली, पूर्व जिला परिषद सदस्य राधेश्याम क्रांति, पूर्व मुखिया खुर्शीद आलम, गौरीपुर पंचायत के सरपंच नवल कुमार मंडल, जयप्रकाश मंडल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## थाने में जनता दरबार का आयोजन छः मामले को लेकर पड़े आवेदन

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। हसनगंज थाना प्रांगण में शनिवार को भूमि संबंधी समस्याओं को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में थाना क्षेत्र से भूमि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिसमें निष्पादन को लेकर अगली तारीख निर्धारित किया गया। अंचल निरीक्षक सदानन्द मंडल ने कहा की जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान 06 नये मामलों का आवेदन प्राप्त हुआ है। सभी को अगले तारीख दिया गया। कहा कि भूमि संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए प्रत्येक सप्ताह थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इसमें दोनों पक्षों की आपसी सहमति एवं न्याय संगत तरीके से मामलों का निपटारा किया जाता है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष रामचंद्र मंडल, अंचल कर्मी एवं फरियादी पक्ष और विपक्ष लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बरवा परसौनी गोलीकांड मामले में एक गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ इनरवा थाना के बारवा परसौनी गांव में पुराने जमिनी विवाद को लेकर युवक कयामुदीन शेख की पहले दोनों पैर काट फिर गोली से मारकर हत्या कर देने के मामले में 9 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था, जिसमें से एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। इनरवा थानाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि इम्तियाज आलम के आवेदन पर 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया था। इसमें से एक अपराधी लालू पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी शुरू कर दी है। साथ ही शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस लगातार कैंपिंग कर रही है।

### नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा सहोदरा थाना क्षेत्र के कैरी गांव निवासी एक शराब कारोबारी यमुना नाथ को 58.100 लीटर नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। घटना के सम्बन्ध मे सहोदरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की शुक्रवार को बलबल बीओपी के एसएसबी के जवान गश्ती के दरम्यान एक व्यक्ति को कैरी गांव के समीप से हिरासत मे ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 58 लीटर 100 एमएल नेपाली शराब बरामद किया गया। एसएसबी के जवानों ने शराब सहित उक्त शराब कारोबारी को शुक्रवार की रात्रि करीब 12 बजे सहोदरा पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जिसे शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### होली को लेकर शराब के विरुद्ध जारी रहेगा छापामारी अभियान:-उत्पाद अधीक्षक



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। बेतिया मद्य निषेध को सफल बनाने हेतु मध निषेध एवं उत्पाद विभाग पश्चिम चंपारण की टीम पूरे जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चला रही है कल दिनांक 11/ 3 /2022 को पश्चिम चंपारण जिले के उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी बगहा तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा द्वारा संयुक्त रुप से रामनगर एवं गोवर्धना थाना क्षेत्र में छापामारी किया गया रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पलिया में छापामारी के क्रम में सुनील सहनी को 5.5 लीटर प्रतिबंधित देसी चूलाई शराब परिवहन में प्रयोग किए जा रहे एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया तथा करीब 20 लीटर शराब बनाने के मटेरियल गुड़ घोल को वीनिस्ट किया गया मधुबनी गांव एवं मधुबनी धाकड़ टोली में छापामारी के क्रम में शराब बनाने योग्य करीब 33.80 लीटर गुड़ मिश्रित गोल को नष्ट किया गया शराब निर्माण करने वाले के स्वामित्व का पता नहीं चल पाने के कारण तत्काल अज्ञात के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है गोवर्धना थाना क्षेत्र अंतर्गत झूवाहवा गांव में छापामारी के क्रम में इसी तरह का अवैध उत्पाद शराब बनाने संबंधित उत्पाद या किसी भी प्रकार का मटेरियल बरामद नहीं हुआ वही उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के द्वारा बताया गया की आसन होली पर्व को देखते हुए पूरे पश्चिम चंपारण जिले में प्रतिबंधित शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा जिसमें अवैध शराब निर्माण बिक्री परिवहन तथा सेवन करने वालों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी टीम द्वारा प्रतिबंधित शराब को पकड़ने हेतु ड्रोन का भी उपयोग किया जा रहा है

## भारत के पांच राज्यों में भाजपा को मिली जीत जनता ने दिया होली का सौगात: सांसद



» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। बगहा के बॉम्बे बाजार में माँ जगदम्बा पूजा समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जयसवाल ने कहा कि ' होली मिलन समारोह के पहले ही जनता ने देश में पांच राज्य के हुए चुनाव में चार राज्य देकर होली का सौगात दे दी हैं, उसमें भी उत्तर प्रदेश में का बा, त बाबा बाड़न । आगे कहा कि बगहा विधायक बड़े भाई राम सिंह के कहने पर आना पड़ा है, उन्होंने बताया कि बगहा में होली मिलन समारोह सुंदर ढंग से मनाया जाता है, जो यहां खुशनुमा माहौल दिखाई पड़ रहा है। वहीं राज्य सभा सदस्य सतीश चन्द्र दुबे ने आये हुए बगहा नगर के तमाम बुद्धिजीवियों को होली की शुभकामना व्यक्त किया।

बगहा विधायक राम सिंह ने मंच से होली की शुभकामना आये हूए आगंतुकों के प्रति प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। विधायक के सम्बोधन के तत्पश्चात देवरिया से आये हुए भोजपुरी कवि बादशाह तिवारी और मुजफ्फरपुर से आये हुए कवि सुनील कुमार ने हास्य व्यंग कविता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बीच बगहा भाजपा के तरफ से जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह द्वारा हुडदूंग होली कविता पाठ करके लोगों को लोटपोट कराया। मंच पर लौरिया-योगापट्टी विधायक विनय बिहारी ने भी अपने होली गीत सुनाकर मंच पर शमा बांधते हूए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बगहा विधायक राम सिंह तथा संचालन भाजपा प्रवक्ता दीपक रही ने किया। मंच पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्रधर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव, भाजपा के सतीश बर्मा, महासचिव भूपेंद्र नाथ तिवारी, जिलामंत्री रितु जयसवाल, अमरेश श्रीवास्तव, रतेंद्र नाथ तिवारी, सतीश बर्मा, राजन गिरी, सोमेश पाण्डेय,, शुभम पाणेय, हिरदया दुबे के अलावा श्रोतागण में चुन्नू पांडेय, संजय पाण्डेय, संजय नाथानी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## लोकसभा सांसद चिराग का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

- सांसद ने गिद्धौर निवासी दिवकार सिंह के आवास विवाह उपरांत
- वर वधु को दिया आशीर्वाद
- मौके पर क्षेत्रीय जनसमस्याओं से हुए अवगत, कहा समस्याओं के निदान के लिए हमेशा हूं तत्पर

गिद्धौर. प्रखंड के पतसंडा पंचायत निवासी दिवकार सिंह के आवास पर लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का शनिवार को क्षेत्रीय कार्यकताओं एवं ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इस मौके पर सांसद श्री पासवान द्वारा गिद्धौर निवासी दिवाकर सिंह एवं सुनीता सिंह के पुत्र गौरी शंकर सिंह के विवाहोत्सव उपरांत निजी समारोह में शिरकत कर पुत्र एवं पुत्रवधु को शुखद दाम्पत्य जीवन का आशीष दिया व उनके मंगल जीवन की कामना की. इस दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय जनसमस्याओं से भी सांसद चिराग अवगत हुए जिसपर उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा गिद्धौर रेलवे स्टेशन जानेवाली सड़क की जन समस्या सहित अन्य समस्याओं को तत्परता के साथ निदान की बात कही. इस मौके पर जिलाध्यक्ष जीवन सिंह, प्रदेश युवा महासचिव राष्ट्रदीप सिंह, लोजपा नेता रुबेन सिंह, चन्दन सिंह, चन्दा देवी, के



अलावे घर के अभिषेक सिंह, रविशंकर सिंह, पत्रकार कुमार सौरव, आनंद कंचन सिंह, जितेन्द्र कुमार पिन्टू, अभिषेक कुमार झा, सदानन्द पण्डित आदि मौजूद रहे।

## आग से 8 मवेशी जलकर मरे वंही चार बुरी तरह झूलसे

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



बेतिया। गौनाहा सहोदरा थाना क्षेत्र के डोमाठ गांव मे शुक्रवार की रात्रि 8 बजे लगी आग से आनंद गुरो के दो खासी पांच बकरी व एक बछड़ा बुरी तरह जल जाने के कारण उनकी मौत हो गयी है। जबकि दो गांव एक बकरी और एक खसी बुरी तरह झुलस गयी है। घर मालिक आनंद गुरो ने बताया की घाटी घोठा मे मच्छड़ लगने की डर से धुआं कर घर खाना खाने चले गए। इसी बीच खपरैल फुस के घर मे आग लग गयी। अचानक आग लगने से पम्पसेट, डिलेवरी पाइप, पम्पसेट का सामान जलावन कपड़ा, बिछावन सहित अन्य सभी सामान जलकर राख हो गया है। घर भी आग लगने के कारण बुरी तरह जल गया है। घर मालिक द्वारा आग से हुई बबार्दी की सुचना सहोदरा थाना व गौनाहा अंचल कार्यालय को भेज दी गयी है। सीओ अमीत कुमार ने बताया की सम्बंधित राजस्व कर्मचारी को स्थल पर भेजा जा रहा है।

## शिक्षक बना शैतान दरिंदगी की सारी हदे पार कर मासूम छात्र को बेरहमी से पीट कर किया लहुलहान

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। बेतिया में एक शिक्षक ने पांचवीं क्लास के छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी. इससे छात्र को गंभीर हालत में जीएमसीएच में भर्ती कराना पड़ा. मौके पर पहुंचे पिता के साथ भी शिक्षक ने बदसलूकी की. पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है. पढ़ें रिपोर्ट..

बेतियाः बेतिया में शिक्षा के मंदिर में एक शिक्षक की हैवानियत देखने को मिली है. शिक्षक ने पांचवीं क्लास के छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी. पिटाई भी ऐसी की कि छात्र जीएमसीएच में भर्ती हो गया. उसका इलाज चल रहा है. घटना चनपटिया प्रखंड के लालगढ़ के बुनियादी विद्यालय की है. परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिक्षक राजेश कुमार राय ने बच्चे की पिटाई की है।

पूछताछ करने पहुंचे पिता का भी कॉलर पकड़ कर शिक्षक ने दिया जाती सुचक गाली

बच्चों के विवाद में छात्र की पिटाई की सूचना पर छात्र के परिजन स्कूल पहुंचे और हंगामा हो गया. शिक्षक ने पिता का कॉलर पकड़ लिया और कहा कि तुम यहां क्यों आए हो. जाओ जो करना है कर लो. शिकायत पर मुफस्सिल थाना पुलिस भी पहुंची और बच्चे को अस्पताल पहुंचाया. आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले पुलिस थाने लाई है और मामले की जांच की जा रही है.





आंखमिचौली खेलने का शिकार हुआ बच्चा, दोस्त को खेलने के क्रम में शौचालय में कर दिया बंद।

घायल छात्र अजित कुमार अपने सहपाठियों के साथ खेल रहा था. परिजनों ने बताया कि बच्चे आंख मिचौली खेल रहे थे. तभी एक छात्र शौचालय में छुप गया. अजित को मस्ती सूझी तो उसने शौचालय का गेट बाहर से बंद कर दिया. ये गलती अजित को भारी पड़ गई. शिक्षक ने अजित को पीटते समय हैवानियत और दरिंदगी की सभी हदें पार कर दी. पांचवीं क्लास के मासूम की इतनी पिटाई की गई कि अब वह जीएमसीएच में इलाजरत है. स्थानीय लोगों में आक्रोश है. फिलहाल आरोपी स्कूल टीचर फरार है, उसका मोबाइल भी स्विचऑफ है.

## होली के मद्देनजर शराब के विरुद्ध गहन जांच अभियान रहेगा जारी: थानाध्यक्ष

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। होली के मद्देनजर चोरी छिपे शराब सेवन या कारोबार की संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने गहन अभियान पिछले दिनों से जारी कर दिया है। मालूम रहे कि प्रदेश में शराबबंदी से पहले होली पर नशापान की परंपरा रही है। पहले लोग इस अवसर पर भांग का शर्बत वगैरह का इस्तेमाल करते थे। लेकिन समय के साथ भांग का प्रचलन कम होता गया एंव इसकी जगह शराब सेवन की वृत्ति जगह बनाने लगी



। परिणामस्वरूप ऐसे अवसरों पर बड़ी मात्रा में शराब की खपत बढ़ जाती थी। हालांकि प्रदेश में तब शराबबंदी नहीं था। लेकिन सरकारी फरमान से ही होली के त्यौहार के दिन सरकारी ठेके की दुकानें बंद रखी जाती थी। लेकिन पियक्कड़ भी कम न थे। लोगों की मानें तो घर मे शराब त्यौहार से पहले ही सुरक्षित कर लेते थे। लेकिन शराबबंदी की नई फिजा में शराब पर अब पूर्ण प्रतिबंध है। आज प्रदेश में शराब का किसी भी तरह का चलन कानूनन जुर्म है। बावजूद इसके पियक्कड़ और शराब कारोबारी अक्सर पुलिस के हत्थे चढ़ रहे हैं। उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर आगामी होली के अवसर पर चोरी छिपे शराब सेवन या कारोबार की सम्भावना है। इस संभावना को लेकर बगहा पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में स्थानीय पुलिस ने थानाक्षेत्र में अभियान छेड़ दिया है। इस अभियान के तहत शराब निर्माण व सेवन के लिए बदनाम रहे मदरहनी, तोनवा, त्रिभवनी, नड्डा व भोलापुर खरहट आदि गांव शामिल हैं। आशय की पुष्टि करते हुए भैरोगंज थानाध्यक्ष लालबाबु कुमार ने बताया कि इस अभियान में स्थानीय थाना के जवानों के अलावा बगहा से आये एएलटीएफ के बड़ी संख्या में जवान शामिल रहे। उन्होंने बताया के उपरोक्त टीम विशेषकर शराब के विरुद्ध कार्यवाही के लिये गठित हुई है। थानाक्षेत्र के उपरोक्त स्थानों पर शुक्रवार को शराब के संभावित ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाने के अलावा ध्वनि-विस्तारक यंत्र से आम आदमी को शराब सेवन न करने की हिदायत दी गई। लोगों को शराब सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से भी सजग किया गया है। कई लोगों का ब्रेथ-एनालाइजर मशीन से शराब सेवन की जाँच की गई। हालांकि इस अभियान में कोई व्यक्ति पकड़ में नहीं आया है और ना ही कहीं से शराब बरामद हुई है। बहरहाल पुलिस के इस वृहद और लगातार अभियान से कतिपय तत्त्वों में दहशत अवश्य व्याप्त है।

# बेटियों को देवी का दर्जा देने से पहले समानता का दें अधिकार:उपायुक्त

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

देवघर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में नगर निगम परिसर में दहेज कूप्रथा के विरूद्ध कार्यक्रम एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित बच्चियों, महिला अतिथियों व उपायुक्त द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान बाजला महिला कॉलेज, हिन्दी विद्यापीठ एवं तेजस्वीनी क्लब की बालिकाओं द्वारा महिला उत्थान व दहेज कूप्रथा के विरूद्ध विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तति से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया, ताकि समाज से दहेज कूप्रथा जैसी विसंगतियों को खत्म किया जा सके।

इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रुप से सशक्त बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति को अपनी सोच व नजरिया बदलने की आवश्यकता हैं। इस वर्ष का थीम दहेज कूप्रथा के विरूद्ध लोगों को जागरूक करना है, ताकि समाज ऐसी कुरीतियों को खत्म किया जा सके। वहीं पिछले वर्ष कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्ध विशेष जागरूकता थीम जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की गयी थी। हर वर्ष 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी कतिपय कारणों से 8 मार्च की जगह आज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यूं तो एक दिन की जगह पूरे साल महिला दिवस मनाने की आवश्यकता है। वहीं दूसरी ओर 8 मार्च को आत्म अवलोकन करने की आवश्यकता है कि हम किस और जा रहे हैं। वर्तमान में बेटियों की उत्थान व सशक्तिकरण को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार के साथ जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। इसके अलावे जिले में दहेज कूप्रथा को पूर्ण रूप से खत्म करने के उदेश्य से हम सभी को मिल कर सोचने और इस पर कार्य करने की आवश्यकता है। दहेज कूप्रथा, कन्या भ्रूण हत्या व बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाज से खत्म करने के उदेश्य से सबसे महत्वपूर्ण है कि बेटियों को शिक्षित बनाया जाय, ताकि वो समाज को एक नई दिशा देने में सक्षम हो सके। हमारे देश की संस्कृति समृद्ध है, मगर दो चीजें (दहेज प्रथा व जाति प्रथा) हमारे समाज को जिस गति बदलना चाहिए उसमें कहीं न कहीं बाधक बन रही है। ऐसे में हमारी आने वाली पीढ़ी को बेहतर परिवेश व बेटियों को शिक्षा से जोड़ते हुए ऐसी कुरीतियों को समाज से खत्म करने में सभी का सहयोग आपेक्षित है। साथ हीं इस समस्या के निराकरण के लिए भय, प्रीत व जागरूकता के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा, ताकि अभियान को सरकारी कार्यक्रम न समझकर इसे सामाजिक मुहिम बनाते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इसके अलावे दहेज कूप्रथा को समाज से खत्म करने के उदेश्य से सबसे महत्वपूर्ण है कि आम जनमानस को जागरूक करते हुए सामाजिक, पारिवारिक व धार्मिक दृष्टिकोण से दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या से देश व समाज को होने वाले क्षति से अवगत कराया जायेगा, ताकि इस कूप्रथा को समाज से खत्म किया जा सके। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि हमारे देश की महिलाएं हमेशा से सशक्त और सबल रहीं हैं लेकिन बदलते वक्त ने महिलाओं के सम्मान को धूमिल कर दिया था। आज महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रुप से मजबूत करने की जरूरत है। जिसके लिये सरकार और समाज को मिल कर काम करने की आवश्यकता है।

आगे उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं त्याग के साथ अपने घर परिवार और समाज को नित्त नई दिशा देने का कार्य कर रही हे। ऐसे में आवश्यकता है कि उन्हें शिक्षित व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाय। वहीं पुराने जमाने में लड़की वालों की तरफ से लड़के वालों को उपहार स्वरूप कुछ वस्तुएं दी जाती थी। लेकिन फिर जैसे-जैसे भारत में प्रगति की तो लोगों के सोचने विचारने की मानसिकता भी बदलती गई। लड़कों वालों को जो वस्तुएं उपहार स्वरूप मिलती थी अब वे लड़की वालों पर उपहार देने के लिए विशेष मांग करने लगे है। जब से लड़के वालों की तरफ से यह विशेष मांग होने लगी है तब से दहेज प्रथा की उत्पत्ति होने लगी थी। इसका एक अन्य पहलू यह भी है कि जब लड़की और लड़के की शादी कर दी जाती है तो उनकी आर्थिक सहायता के लिए उनको कुछ रुपए दिए जाते थे ताकि वह अपना जीवन ठीक प्रकार से निर्वाह कर सकें। लेकिन



समय बदलते के साथ दहेज प्रथा का जहरीला दंश सदियों से चला आ रहा है और अब लोगों ने इसको एक परंपरा का रूप दे दिया है जिसके कारण लोगों को लगता है कि दहेज देना अनिवार्य है। दहेज प्रथा के कारण सभी लोग अमीर परिवारों में ही शादी करना चाहते है क्योंकि उनको उम्मीद होती है कि वहां से उनको ज्यादा दहेज मिलेगा। जिससे गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी नहीं हो पाती है और अगर कोई करना भी चाहता है तो लड़के वाले इतना दहेज मांगते है कि गरीब परिवार वाले दहेज की रकम को चुकाने में असमर्थ होते है। इसके कारण एक और गंभीर समस्या जन्म ले रही है। लड़कियों को कोख में ही मारे जाने लगा है क्योंकि हमारे आधुनिक भारत में अब गर्भ में ही पता लगाया जा सकता है कि लड़का होगा या लड़की, अगर गर्भ में लड़की पाई जाती है तो उसको कोख में ही मरवा दिया जाता है क्योंकि लोग सोचते है कि लड़कियां किसी काम की नहीं होती और उनकी शादी पर दहेज भी देना पड़ेगा। दहेज प्रथा अभी इतनी नासूर बन गई है कि इतने कई अमीर और गरीब परिवारों की जिंदगी तबाह कर दी है। जिसके कारण कई हंसते खेलते परिवार अब टूट गए है। दहेज प्रथा का यह विकराल रूप धारण करने के कई कारण है जैसे की हमारे समाज में चले आ रहे पुराने रीति रिवाज और लोगों का लालच, अशिक्षा, लोगों की दकियानूसी सोच के कारण इस प्रथा को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे में आवश्यकता है कि हम सभी को अपनी सोच व बेटियों के प्रति अपनी भावना को बदलते हुए उन्हें शिक्षित व सामर्थवान बनाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि समाज से दहेज प्रथा, बाल विवाह व कन्या भ्रुण हत्या जैसी कुरीतियों को समाज से खत्म किया जा सके। साथ हु उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने संबोधन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के द्वारा दिव्यांग जनों के बीच अनुश्रवण यंत्र एवं ट्राय सायकिल का वितरण किया। साथ ही नगर निगम परिसर में जेएसलपीएस, तेजस्वनी, समाज कल्याण विभाग एवं प्रोजेक्ट पंछी के तहत लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान सबल और शिक्षित समाज के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका को सलाम करते हुए जिला अंतर्गत शिक्षा, खेल, सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली 64 बालिकाओं व महिलाओं को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सम्मनित किया। इस दौरान वर्षा कुमारी व यासमीन प्रवीण बिना दहेज दिये शादी करने हेतु, ऋतिका भारती, कृतिका गुप्ता, संबिता कुमारी व साक्षी कुमारी कक्षा-12 वीं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु, प्राची कुमारी, खुशी कुमारी, अंकिता कुमारी, वेता कुमारी व अयमन रूमी कक्षा 10 वीं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु, प्रिया कुमारी व वर्षा कुमारी को देहज के खिलाफ आवाज उठाने हेतु व छोटी कुमारी, पूजा कुमारी व उजाला कुमारी को घर में शौचालय निर्माण करवाने हेतु, ज्योति कुमारी, रूपा कुमारी, काजल कुमारी, पूनम कुमारी को बाल विवाह रोकने हेतु, अनीता देवी को आजीविका कृषक सखी, शांति देवी को आजीविका पशु सखी, अलीजा मिर्जा को बीसी सखी, सोनी देवी बैंक सखी एसबीआई सोनारायठाढ़ी, संगीता देवी को बैंक सखी एसबीआई सोनारायठाढ़ी, मधु कुमारी श्रीमति मति किस्कु, पूर्णिमा पाल, गीता कुमारी सिंह, मीना कुमारी हेम्ब्रम, पूजा गुप्ता, जीवनलता सोरेन, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी को विभागीय योजना का शतप्रतिशत उपलब्धि, न्यूट्री, गार्डेन, साफ-सफाई, पंजी अद्यतन, शौचालय, बाल विवाह रोकथाम एवं दहेज प्रथा आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु, रेखा देवी, प्रियंका कुमारी, स्नेहलता कुमारी, श्रीमती कुमारी सुमन लता, मेरीन मंजूषा कुजुर, श्रीमती मिनाक्षी, श्रीमती मिक्की रानी, श्रीमती शोभा कुमारी, श्रीमती कुमारी, श्रीमती रून्नु कुमारी मिश्रा, सोनी मरांडी, आरती कुमारी, पनपतिया देवी, कोलिया देवी, पूनम देवी, सानी देवी, विमला मेहतराईन को सफाई मित्र हेतु, व नीतू कुमारी, कुमारी अर्चना, रेखा नितु गुप्ता, बेबी पाण्डेय, चंचला देवी, चंदा देवी, रत्ना कुमारी, मिना देवी, मधु राणा, खुशबू देवी, रिता देवी एवं सुषमा देवी को सामुदायिक संसाधन सेवी हेतु प्रमाण पत्र दिया गया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# हरियाणा के सांसद ने एचडीएफसी बैंक परिवर्तन द्वारा स्थापित सोनीपत सिविल अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया

सोनीपत, 12 मार्च, 2022: श्री. सोनीपत से सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने आज सोनीपत सिविल अस्पताल में एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रायोजित मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया। संयंत्र शहर की चिकित्सा सुविधा को मजबूत करने और COVID-19 लहर के खिलाफ तैयार करने के लिए स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में मदद करेगा। बैंक ने अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के माध्यम से विभिन्न राज्यों के अस्पतालों में ऐसे कई पीएसए संयंत्र स्थापित किए हैं। बैंक ने इस पीएसए प्लांट को शहर में हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए लगाया है। सोनीपत सिविल अस्पताल महामारी की शुरूआत से ही एक नामित उडश्क्क 19 उपचार केंद्र है। ऑक्सीजन प्लांट अस्पताल को आत्मनिर्भर बनाएगा और दूर-दूर से ऑक्सीजन ले जाने के लिए क्रायोजेनिक टैंकरों पर निर्भरता को खत्म करेगा, उद्घाटन जय किशोर की उपस्थिति में किया गया, सिविल सर्जन सिविल अस्पताल सोनीपत, उत्तम सिंह अहलूवालिया, जोनल हेड, जीआईबी नॉर्थ, राजेंद्र वर्मा स्टेट हेड जीआईबी हरियाणा एचडीएफसी बैंक भी इस अवसर पर उपस्थित थे।




जीआईबी नॉर्थ एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड उत्तम सिंह अहलूवालिया ने कहा, ह्लएचडीएफसी बैंक कोविड से लड़ने और फ्रंटलाइन वर्कर्स को सपोर्ट करने में देश के साथ है ह्व ह्लबैंक इस महामारी के दौरान लोगों को होने वाली कठिनाइयों के बारे में जागरूक है। हमने अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत हर संभव मदद की है। उडश्क्क से प्रभावित छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने और युवाओं, किसानों और महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण देने के अलावा, बैंक को संभावित तीसरी लहर के लिए राज्य की तैयारियों को मजबूत करने पर गर्व है ह्व परिवर्तन ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल विकास और आजीविका वृद्धि, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता और वित्तीय साक्षरता के क्षेत्रों में अपने हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाने में एक उत्प्रेरक रहा है।

# पिना कोलाडा ब्लूज और यश नरवेकर द्वारा 'हाय' के साथ रिश्ते के सबसे अनमोल क्षणों को याद कीजिए

चंडीगढ़, 12 मार्च, 2022: प्यार हो जाने पर दुनिया ज्यादा खूबसूरत और जीवंत हो जाती है। लेकिन हर रोमांटिक सफर मिलन तक नहीं पहुंच पाता। कुछ ऐसी खूबसूरत कहानियां भी हैं, जिनका अंत कड़वा होता है, और कुछ ऐसी कहानियां हैं, जिनमें हर मिठास होती है, लेकिन वो पूरी नहीं होतीं। हालांकि हर प्रेम कहानी में ढेर सारी भावुक और मीठी यादें होती हैं, जो हमेशा मन में संजोकर रखी जानी चाहिए। अब पिना कोलाडा ब्लूज और यश नरवेकर की मधुर धुनों और और स्वरों के माध्यम से अपने रिश्तों के उन अनमोल क्षणों को याद करने का समय आ गया है। सोनी म्यूजिक के डिवीजन, डे वन के सहयोग से उनका लेटेस्ट ट्रैक, हाय उस प्रेम के बारे में है, जो कभी खत्म नहीं हुआ हालांकि इस प्यार का अंत खुशनुमा नहीं रहा। यह गीत दर्द को कम करता है और एक साथ बिताए समय की मीठी यादों को पुनः ताजा करता है।




इस गाने के लॉन्च के बारे में पिना कोलाडा ब्लूज ने कहा, हाय एक अलग तरह का ब्रेकअप सॉंग है, जो सबसे मुश्किल समय में आपका मूड ठीक करके आपको अच्छा महसूस कराएगा। ऐसे गाने रोज-रोज नहीं बनते। हमने अच्छी चीजों को बनाए रखने और खराब चीजों को भुलाकर आगे बढने का प्रयास किया है। यश नरवेकर के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा है। पॉप एवं सोल म्यूजिक के फ्यूजन ने एक सुकूनभरी धुन का निर्माण किया और मुझे उम्मीद है कि जितनी मेहनत से हमने यह गाना बनाया है, दर्शकों को यह देखने में उतना ही मजा आएगा।'

## संक्षिप्त समाचार

### ईपीएफओ ने पीएफ पर ब्याज दर घटाई

मुंबई, एजेंसी। चालू वित्त वर्ष के लिए एंप्लॉयी प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन ने ब्याज दर घटाकर 8.1 फीसदी कर दी है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए प्रोविडेंट फंड पर मिलने वाली ब्याज दर 8.5 फीसदी थी। हालांकि चालू वित्त वर्ष में इसें 40 आधार अंक से घटा दिया गया है। ईपीएफओ के फैसले का असर 7 करोड़ सब्सक्राइबर्स पर होगा। ब्याज दर को लेकर गुवाहाटी में ईपीएफओ सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की दो दिनों से बैठक जारी थी। इसी बैठक में यह फैसला लिया गया है। मौजूदा बाजार की स्थिति और रूस-यूक्रेन क्राइसिस को देखते हुए यह माना जा रहा था कि ब्याज दर में कटौती की जा सकती है। पिछले दो वित्त वर्षों से ब्याज दर में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। पहली बार वित्त वर्ष 2019-20 में ब्याज दर घटाकर 8.5 फीसदी किया गया। वित्त वर्ष 2020-21 में भी इसे 8.5 फीसदी रखा गया। वर्तमान में ईपीएफओ से करीब 7 करोड़ सब्सक्राइबर्स से जुड़े हुए हैं। मोदी सरकार जब सत्ता में आई थी तब ब्याज दर 8.75 फीसदी थी। वित्त वर्ष 2014-15 में ब्याज दर 8.75 फीसदी, वित्त वर्ष 2015-16 में ब्याज दर 8.80 फीसदी, वित्त वर्ष 2016-17 में ब्याज दर 8.65 फीसदी, वित्त वर्ष 2017-18 में ब्याज दर 8.55 फीसदी, वित्त वर्ष 2018-19 में ब्याजदर 8.65 फीसदी और वित्त वर्ष 2019-20 से ब्याज दर 8.5 फीसदी पर बरकार है।

### रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां जमा करने की तारीख 25 मार्च तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा नियुक्त प्रशासक ने कर्ज में फंसी रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां जमा करने की समय सीमा बढ़ाकर 25 मार्च कर दी है। आरबीआई ने पिछले वर्ष 29 नवंबर को भुगतान में खामियां और गंभीर शासन मुद्दों के मद्देनजर अनिल अंबानी समूह द्वारा प्रवर्तित रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) के निदेशक मंडल को भंग कर दिया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि बोली के लिए रूचि पत्र भेजने की अंतिम तिथि 25 मार्च तक बढ़ा दी गई है, जो पहले 11 मार्च थी। इससे पहले सितंबर 2021 में रिलायंस कैपिटल ने अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को सूचित किया था कि कंपनी का एकीकृत ऋण 40,000 करोड़ रुपए है। वहीं कंपनी का दिसंबर 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरा तिमाही में घाटा 1,759 करोड़ रुपए था। गौरतलब है कि यह तीसरी बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जिसके खिलाफ केंद्रीय बैंक ने हाल में ऋणशोधन एवं और दिवालिया संहिता के तहत कार्रवाई शुरू की है।

### आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए खाते खोलने से रोका

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम पेमेंट्स बैंक में नजर आईं सामग्री निगरानी से जुड़ी चिंताओं के बीच उसे नए खाते खोलने से रोक दिया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए खाते खोलने से रोकने वाला आदेश जारी किया। उसने कहा कि आरबीआई ने अपने अधिकार क्षेत्र के तहत अन्य कानूनों के साथ-साथ बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को नए ग्राहकों के बैंक खाते पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है। आरबीआई ने भुगतान बैंक से अपने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली की व्यापक समीक्षा करने के लिए एक आईटी ऑडिट कंपनी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। रिजर्व बैंक ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक का नए ग्राहकों के खाते खोलना आईटी लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद आरबीआई द्वारा दी जाने वाली विशिष्ट अनुमति के अधीन होगा। पेटीएम पेमेंट्स बैंक का गठन अगस्त 2016 में हुआ था और इसने मई 2017 में औपचारिक रूप से अपना काम शुरू किया था।

### बायजू ने आईपीओ लांच से पहले 80 करोड़ डॉलर का फंड जुटाया

नई दिल्ली, एजेंसी। शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू को उसका आईपीओ लाने से पहले एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। दरअसल, बैजू रवींद्रन के नेतृत्व वाली इस कंपनी ने वित्तपोषण दौर में 80 करोड़ डॉलर (करीब 6,000 करोड़ रुपए) का फंड जुटाया है। कंपनी के अनुसार इस वित्तपोषण दौर में सुमेरु वेंचर्स, विट्रुवियन पार्टनर्स और ब्लैकरॉक ने भी भाग लिया। इस संबंध में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बायजू ने 22 अरब डॉलर के उद्यम मूल्य पर ताजा फंड जुटाया है, जो 18 अरब डॉलर के कंपनी के पिछले मूल्यांकन से लगभग 22 प्रतिशत अधिक है। गौरतलब है कि कंपनी को यह सफलता ऐसे समय में मिली है, जब वह अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 9 से 12 महीनों में कंपनी अपना आईपीओ लॉन्च कर सकती है। आईपीओ के जरिए बायजू भारतीय शेयर बाजार में लिस्ट हो जाएगी। कंपनी से मिली जानकारी के मुताबिक बायजू के संस्थापक रवींद्रन भी इस दौर में शामिल हुए और उन्होंने निजी तौर पर 40 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। इसके साथ कंपनी में रवींद्रन की हिस्सेदारी 23 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत हो गई है। गौरतलब है कि शैक्षिक प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू की स्थापना रवींद्रन और दिव्या गोकुलनाथ द्वारा 2011 में की गई थी। कथित तौर पर बायजू के प्लेटफॉर्म पर 150 मिलियन से अधिक शिक्षार्थी हैं।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 631.92 अरब डॉलर पहुंचा



मुंबई, एजेंसी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार मार्च को समाप्त सप्ताह में 39.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 631.92 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। इससे पूर्व 25 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.425 अरब डॉलर घटकर 631.527 अरब डॉलर रह गया था। इससे पूर्व तीन सितंबर, 2021 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 अरब डॉलर के सर्वकालिक स्तर पर जा पहुंचा था। आरबीआई द्वारा जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) के बढ़ने की वजह से हुई जो कुल मुद्राभंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आंकड़ों के अनुसार 18 फरवरी को समाप्त सप्ताह में एफसीए 63.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 565.466 अरब डॉलर हो गया। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्रा के मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.7 करोड़ डॉलर घटकर 42.32 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.981 अरब डॉलर रह गया। आईएमएफ में रखे देश का मुद्रा भंडार 3.4 करोड़ डॉलर घटकर 5.153 अरब डॉलर रह गया।

# उपभोक्ता बिना हॉलमार्क वाले सोने के गहनों की भी करवा सकते हैं शुद्धता जांच



नई दिल्ली, एजेंसी।। उपभोक्ता अब भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से बिना हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की भी शुद्धता जांच करवा सकते हैं। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि सोने के चार आभूषणों के परीक्षण का शुल्क 200 रुपए है। वहीं पांच या अधिक आभूषणों के लिए शुल्क 45 रुपए प्रति इकाई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि अनिवार्य हॉलमार्किंग को सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है, जिसमें हर दिन तीन लाख सोने की वस्तुओं को एचयूआईडी (हॉलमार्क विशिष्ट पहचान) के साथ प्रमाणित किया जा रहा है। बीआईएस ने अब एक आम उपभोक्ता को बीआईएस से मान्यता-प्राप्त एसेइंग एंड हॉलमार्किंग सेंटर (एएचसी) में से किसी में भी अपने बिना हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की शुद्धता की जांच कराने की अनुमति देने का प्रावधान किया है। एएचसी को प्राथमिकता के आधार पर आम उपभोक्ताओं से सोने के आभूषणों का परीक्षण करना चाहिए और उपभोक्ता को एक परीक्षण रिपोर्ट प्रदान करनी चाहिए। बयान के मुताबिक उपभोक्ता को जारी की गई परीक्षण रिपोर्ट उपभोक्ता को उनके आभूषणों की शुद्धता के बारे में आश्वस्त करेगी और अगर उपभोक्ता अपने पास पड़े आभूषणों को बेचना चाहता है तो भी यह उपयोगी होगा। उपभोक्ता द्वारा खरीदे गए एचयूआईडी नंबर के साथ हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की प्रामाणिकता और शुद्धता को बीआईएस केयर ऐप वेरीफाई एचयूआईडी का उपयोग करके भी सत्यापित किया जा सकता है, जिसे प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

# अमेरिका ने रूस से सर्वाधिक तरजीही देश का दर्जा वापस लिया

## रूस से समुद्री खाद्य उत्पादों (सीफूड), शराब एवं हीरों के आयात पर भी लगाई रोक

वाशिंगटन, एजेंसी। यूक्रेन पर रूस के हमले से नाराज अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस को दिए गए सर्वाधिक तरजीही देश (एमएफएन) का दर्जा वापस ले लिया है। साथ ही रूस से समुद्री खाद्य उत्पादों (सीफूड), शराब एवं हीरों के आयात पर भी रोक लगा दी। अमेरिकी सरकार ने रूस से एमएफएन का दर्जा वापस लेने का निर्णय यूरोपीय संघ और जी-7 समूह के देशों के साथ मिलकर निर्णय लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के रूजवेल्ट रूम से बाइडेन ने अपने बयान में कहा कि स्वतंत्र दुनिया पुतिन का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़ी हो रही है। सर्वाधिक तरजीह वाले देश का दर्जा वापस लेने से अमेरिका और उसके सहयोगी देश रूस से किए जाने वाले आयात पर भारी शुल्क लगा सकेंगे। इस निर्णय से अमेरिका और सहयोगी देश रूस की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करना चाहते हैं। इसके अलावा अमेरिका ने रूस के केंद्रीय बैंक की संपत्ति को जब्त, निर्यात को सीमित करने समेत रूस के कुलीन वर्गों और उनके परिवारों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का भी निर्णय किया है। बाइडन प्रशासन पर रूस के खिलाफ सख्त व्यापारिक कदम उठाने के लिए चौतरफा राजनीतिक दबाव बना हुआ था। अमेरिका द्वारा पिछले एक महीने के दौरान लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों से रुस की मुद्रा रूबल डॉलर के मुकाबले 76 प्रतिशत गिर गई है। यूक्रेन पर रूस का सैन्य हमला दो हफ्ते बाद भी जारी रहने से भू-राजनीतिक तनाव की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका की अगुआई में तमाम पश्चिमी देश रूस के खिलाफ सख्त कदमों की घोषणा कर रहे हैं। पिछले हफ्ते सबसे पहले कनाडा ने रूस से एमएफएन का दर्जा वापस लिया था।



# एडवेंचर के लिए हो जाएँ तैयार - टूक ने लॉन्च की हॉरिजन स्मार्टवॉच




चंडीगढ़: भारत का अग्रणी ऑडियो ब्रांड टूक बहु-प्रतीक्षित विशिष्ट रूप से निर्मित टूक हॉरिजन डब्लू20 स्मार्टवॉच लॉन्च करने की तैयारी में है। यह स्मार्टवॉच रोमांच पसंद करने वालों और घर के बाहर समय बिताने का आनंद लेने वालों के लिए बिल्कुल परफेक्ट होगी और इसकी शुरूआती कीमत 2999 रुपये होगी। हॉरिजन एडवेंचर स्मार्टवॉच ग्लोनास के साथ अंतःस्थापित उच्च सटीकता वाले जीपीएस, आईपी68 रेटिंग के साथ डीप वाटर रेजिस्टेंस, मल्टीपल-सपोर्ट मोड, और 168 घंटे* तक चलने वाली एक बड़ी बैटरी से लैस है। गौरतलब है कि टूक साउंड प्रोफेशनल्स और संगीतप्रेमियों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली वायरलेस स्टीरियोज, वायरलेस हेडफोन, इयरफोन और बीस्पोक ध्वनि उपकरण का निर्माण करता है पेशेवर उपयोक्ताओं और संगीत के प्रति समर्पित लोगों, दोनों के लिए हाई क्वालिटी हेडफोन और हेडसेट प्रदानकरने के मामले में टूक की एक लम्बी परम्परा रही है। इस स्मार्टवॉच की पेशकश के साथ टूक ने इस नई दिशा में कदम बढ़ाने के अपने इरादे का खुलासा कर दिया है ताकि वह स्मार्टवॉच सेगमेंट के बड़े हिस्से को नियंत्रित कर सके। इस स्मार्टवॉच में 43 एमएम (1.69 इंच) टाइप फुल-स्क्रीन टच एचडी कलर डिस्प्ले है , यह बेहतर कनेक्टिविटी के लिए ब्लूटूथ 5.0 के साथ भी मिलता है, एडवेंचर स्मार्टवॉच स्वास्थ्य संबंधी अनेक प्रकार की महत्वपूर्ण मॉनिटरिंग, जैसे कि 24x7 हार्ट-रेट सेंसर, ब्लड प्रेशर मॉनिटर, वास्तविक ब्लड ऑक्सीजन लेवल (स्प्व्र्ड2), पीडोमीटर, और स्लीप मॉनिटर को सपोर्ट करता है, एक इन-बिल्ट 9-ऐक्सिस ग्रैविटी सेंसर से लैस है, इसलिए आप अपनी सभी दैनिक गतिविधियों को सही-सही रिकॉर्ड कर सकते हैं, बेहतर परफॉरमेंस के लिए 300एमएएच की क्षमता वाली बैटरी जो 45 दिनों तक का स्टैंडबाई टाइम देती है* इसमें जीपीएस फंक्शन से रहित 168 घंटे* और जीपीएस फंक्शन सहित 5 दिनों* तक की बैटरी लाइफ भी है इस स्मार्टवॉच में दूसरे गुण भी हैं, जैसे कि स्मार्ट नोटिफिकेशन, डीएनडी मोड, सेडेंटरी रिमाइंडर, मौसम का अपडेट, म्यूजिक कंट्रोल और हर मौके के लिए नया लुक देने के लिए 100 से अधिक क्लाउड बेस्ड वाच फेस, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ टूक हॉरिजन डब्लू20 स्मार्ट वाच अनेक शानदार खूबियों से भरपूर है। इस लॉन्च के बारे में टूक इंडिया के सीईओ, श्री पंकज उपाध्याय ने कहा कि, ह्लभारतीय स्मार्टवॉच सेगमेंट जबर्दस्त तेजी से वृद्धि कर रहा है और इस संभावनाशील श्रेणी में हमारा कदम बढ़ाना स्वाभाविक ही था। हमें इस बात का पक्का यकीन है कि हमारी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एडवेंचर स्मार्टवॉच न केवल रोमांच की चाहत रखने वाले एवं आउटडोर गतिविधियों के शौकीनों के बीच बल्कि तकनीक और गुणवत्ता के मामले में समझौता नहीं करने वालों के बीच भी जबरदस्त लोकप्रियता हासिल करेगा ह्व

# इस महीने शनिवार को भी खुलेंगे आयकर विभाग के कार्यालय




मुंबई, एजेंसी। करदाताओं की शिकायतें दूर करने के लिए आयकर विभाग से सक्रिय भूमिका निभाने संबंधी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सख्त निर्देश के बाद देश भर में आयकर विभाग के कार्यालय इस महीने सभी शनिवार को भी खुले रहेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने इस सप्ताह की शुरूआत में सीबीडीटी और सीबीआईसी को बेंगलुरू में एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर करदाताओं की शिकायतों का जवाब नहीं देने के लिए फटकार लगाई थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड आईटी विभाग के लिए शीर्ष नीति-निर्माण निकाय है, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर विभाग के लिए एक ही प्राधिकरण है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रधान आयकर आयुक्त के स्तर तक के सभी आयकर कार्यालय इस महीने सभी शनिवारों को खुले रहेंगे। यह व्यवस्था 12 मार्च से ही शुरू हो जाएगी। आम तौर पर शनिवार और रविवार को आयकर विभाग के कर्मचारियों के लिए छुट्टी का दिन है। वित्त वर्ष के खत्म होने से पहले आयकर दाताओं की सभी शिकायतों को दूर करने के लिए ये कदम उठाया गया है। इस फैसले की वजह से मार्च के महीने में तीन अतिरिक्त दिन काम किया जा सकेगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा करदाताओं की शिकायत दूर की जा सकेगी।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी की तेजी रही

- सेंसेक्स 369 अंक की बढ़त के बाद 55 .550 पर बंद
- निफ्टी 5 .55 अंक बढ़कर 16,630 अंक पर बंद

मुंबई, एजेंसी। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों और भूराजनीतिक उठापटक की वजह से बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी से ज्यादा तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरा दौर रहने के बावजूद दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार वैश्विक बाजारों के रुझान पर चल रहे हैं और इसी वजह से उठापटक देखी जा रही है। बीते सपताह पांच कारोबारी दिन सोमवार और मंगलवार को बाजार में कमजोरी और तीन दिन बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। पिछले सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 1,620.73 अंक की गिरावट के साथ 52,713.08 पर खुला और 1,491.06 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 52,842.75 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 447.05 अंक टूटकर 16,000 के स्तर से नीचे 15,798.30 पर खुला और 382.20 अंक की भारी गिरावट के साथ 15,863.15 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 432.36 अंक की गिरावट के साथ 52,410.39 पर खुला और 581.93 अंक की गिरावट के साथ 53,424.26 पर बंद हुआ। निफ्टी शुरूआती कारोबार में 115.75 अंक की गिरावट के साथ 15,747.40 पर खुला और 115.75 अंक की गिरावट के बाद 16,013.45 पर बंद हुआ।




बुधवार को सेंसेक्स 444.51 अंक की बढ़त के साथ 53,868.60 पर खुला और 1,223.24 अंक की तेजी के साथ 54,647.33 पर बंद हुआ। निफ्टी 117.10 अंक चढ़कर 16,130.55 पर खुला और 331.90 अंक की तेजी के साथ 16,345.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स अंकों की तेजी के साथ 55,809 खुला और 817.06 अंक बढ़कर 55,464.39 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 411 अंकों की तेजी के साथ 16,757 पर खुला और 249.55 अंक बढ़कर 16,594.90 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 414.44 अंक की गिरावट के साथ 55,049.95 पर खुला और 369.56 अंक की बढ़त के बाद 55.550.30 पर बंद हुआ। निफ्टी 5.55 अंक बढ़कर 16,630.45 अंक पर बंद हुआ।

## महिला विश्वकप : भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 155 रनों से हराया

### मैन ऑफ द मैच : मंधाना

हैमिल्टन, एजेंसी। स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर के शानदार शतकों के बाद गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला विश्वकप के अपने तीसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 155 रनों से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने मंधाना के 123 और हरमनप्रीत के 109 रनों की सहायता से आठ विकेट पर 317 रनों का बड़ा स्कोर बनाया था। इस प्रकार वेस्टइंडीज टीम को जीत के लिए 318 रनों का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए वेस्टइंडीज टीम 40 ओवर ओर तीन गेंदों में ही 162 रनों पर सिमट गयी। डिएंड्रा डॉटिन ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाये और हेले मैथ्यू ने 43 रनों का योगदान दिया। बाकि बल्लेबाजी भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायीं और एक के बाद एक पेवेलियन लौट गयीं। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 3 जबकि मेघना सिंह ने 2 विकेट लिए। झूलन गोस्वामी , राजेश्वरी गायकवाड़ और पूजा वस्त्राकर ने एक-एक विकेट लिया। भारतीय टीम की यह विश्वकप के तीन मैचों में दूसरी जीत है। पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को हराया था पर दूसरे मैच में उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब तक आईसीसी विश्व कप में अपने सभी सात मैच जीते हैं।

इस मैच में भारतीय टीम की कप्तान मिताली राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। जिसे मंधाना और हरमनप्रीत ने शतक लगाकर सही साबित कर दिया। मंधाना ने 123 रन जबकि हरमनप्रीत ने 109 रन बनाये जिससे भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 317 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी के लिए आई भारतीय टीम को सलामी जोड़ी मंधाना और यस्तिका भाटिया ने 49 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरूआत दिलायी। सेलमेन ने यस्तिका को 31 रन पर आउट कर भारतीय टीम का पहला विकेट लिया। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरीं कप्तान मिताली केवल 5 रन ही बना पायीं पर मिताली ने मैदान में उतरते ही सबसे अधिक विश्वकप मैचों में कप्तानी का रिकार्ड अपने नाम किया। मिताली को हेली मैथ्यूज ने पेवेलियन भेजा।

अनीशा मोहम्मद ने दीप्ति शर्मा को 15 रन पर आउट करके वेस्टइंडीज टीम को तीसरी सफलता दिलाई।इसके बाद स्मृति और हरमनप्रीत के बीच शतकीय साझेदारी हुई। दोनों ने भारतीय टीम के स्कोर 262 तक ले गई। चौथा विकेट मंधाना का गिरा। 290 के स्कोर पर भारतीय टीम का पांचवां विकेट ऋचा घोष के रूप में गिरा। ऋचा 5 रन बनाकर आउट हुईं। आउट होने वाली छठी बल्लेबाज पूजा वस्त्राकर रहीं। अनीशा ने पूजा को 10 रन पर आउट कर वेस्टइंडीज को छठी सफलता दिलायी। हरमनप्रीत आउट होने वाली सातवीं खिलाड़ी रहीं। हरमनप्रीत ने 107 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के की सहायता से 109 रन बनाये। डॉटिन ने झूलन गोस्वामी को 2 रन पर आउट करके भारतीय टीम का 8वां विकेट गिराया। इसके साथ ही भारतीय पारी समाप्त हो गयी।

भारतीय पारी का आकर्षण हरमनप्रीत और स्मृति के बीच चौथे विकेट के लिए 184 रनों की साझेदारी रही।

स्मृति ने एकदिवसीय में अपना 5वां और हरमनप्रीत ने चौथा शतक लगाया। हरमनप्रीत का यह विश्व कप में तीसरा शतक है। इसी के साथ ही वह टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।

वहीं दूसरी ओर लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की ओर से डॉटिन और मैथ्यू ने तेजी से शुरूआत की। टीम ने 5 ओवर में ही 50 रन बना लिए थे। दोनों ने पहले विकेट के लिए 74 गेंदों पर 100 रनों की साझेदारी बनाई। डॉटिन का विकेट गिरते ही वेस्टइंडीज की पारी ढ़हने लगी। इसके बाद उनकी कोई बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक पाईं। उनकी पूरी टीम 162 रन आउट हो गई। यह टूनार्मेंट में वेस्टइंडीज की पहली हार है। टीम ने इससे पहले दोनों मुकाबले जीते थे। इस मैच में भारतीय टीम की गेंदबाज झूलन एक विकेट लेने के साथ ही विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। झूलन के 40 विकेट हो गए हैं। इस प्रकार उसने ऑस्ट्रेलिया की लिन फुलस्टन को पीछे छोड़ा।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ पारी को मंधाना ने सर्वश्रेष्ठ करार दिया




हैमिल्टन, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी विश्वकप में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी 123 रनों की शतकीय पारी को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी करार दिया है। मंधाना को उनकी इस पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का अवार्ड भी दिया गया। उनकी इस पारी का टीम की जीत में अहम योगदान रहा है। मंधाना ने कहा कि युवा यास्तिका भाटिया ने जिस तरह से शुरूआत की उससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला। जब टीम ने तीन विकेट गंवाए तो मुझे अपनी पारी को धीमा करना पड़ा पर हरमनप्रीत आक्रमक बल्लेबाजी करती रही। वह जिस प्रकार से खेली है , उससे मुझे खुशी हुई है। हमें पिछले मैच में अच्छी शुरूआत नहीं मिली थी। हमने इसके बारे में बात की थी। यास्तिका ने इस मैच में शुरू से ही अपने आक्रामक रुख से विरोधी गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था जिसका लाभ टीम को हुआ।

मंधाना ने कहा कि मैं कहूंगा कि यह मेरी शीर्ष तीन पारियों में से एक है। पिछले मैच के बाद हम वास्तव में और बेहतर बनकर उभरे हैं। मैच के हालातों को देखते हुए मैं अपने इस शतक को सबसे ज्यादा रेटिंग दूंगी। मंधाना ने 119 गेंदों पर 123 रन की पारी खेली। इस क्रिकेटर ने अब तक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में पांच शतक लगाये हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

### शारजाह में त्रिकोणीय टी20 क्रिकेट सीरीज खेलेंगी भारतीय नेत्रहीन टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की नेत्रहीन क्रिकेट टीम शारजाह में रविवार से पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ एक त्रिकोणीय टी20 सीरीज खेलेगी यह मैच 19 मार्च तक होंगे। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अनुसार इन मुकाबलों का आयोजन शारजाह के स्काइलाइन यूनिवर्सिटी कैंपस में किया जा रहा है। सीएबीआई अध्यक्ष डॉ. महंतेश जीके ने कहा, 'फाइनल सहित सात मुकाबलों का आयोजन होगा और इसके लिए भारतीय टीम में 17 नेत्रहीन क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।ह्लह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्यसीएबीआई प्रतिभावान नेत्रहीन क्रिकेटरों को निखारने के लिए काम कर रहा है जिससे खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और वह अपनी पूर्ण क्षमता हासिल कर पाएंगे।'

### रोहित सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल

बेंगलोर, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने यहां श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में उतरते ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। रोहित 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले भारत के नौवें खिलाड़ी बने हैं। भारत की तरफ से अब तक सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकार्ड महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम है। सचिन ने सबसे ज्यादा 664 मैच खेले हैं। वहीं दूसरे नंबर पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी हैं। धोनी के नाम 538 मैच हैं जबकि तीसरे नंबर पर पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ हैं। द्रविड़ ने 509 मैच खेले हैं। 458 मैचों के साथ ही विराट कोहली चौथे, 433 मैचों के साथ मो अजहरुद्दीन पांचवें, 424 मैचों के साथ सौरव गांगुली छठे स्थान पर हैं। 403 विकेट लेकर अनिल कुंबले सातवें जबकि 402 मैच के याथ युवराज सिंह आठवें नंबर पर हैं। अब रोहित 400 विकेट के साथ ही नौवें नंबर पर आये हैं।

### झूलन ने फुलस्टन का रिकार्ड तोड़ा


हैमिल्टन, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में एक विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इस विकेट के साथ ही झूलन एकदिवसीय विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। झूलन ने 40 वां विकेट लेने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज गेंदबाज लिन फुलस्टन के 39 विकेट का रिकार्ड तोड़ा। यह रिकार्ड 34 साल पुराना था।

## लखनऊ सुपर जाइंट्स की ओर से खेलेंगे वुड




लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध को कंप्यूटर गेम की तरह बताया है। वुड को आईपीएल की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स ने साढ़े 7 करोड़ रुपये में खरीदा है। वुड के अनुसार अनुबंध मिलना ह्यफुटबॉल मैनेजरह्ल जैसा कंप्यूटर गेम खेलने की तरह है जो वास्तविक नहीं होता है। वुड ने कहा कि जब बोली लगी तो उनकी पत्नी सारा ने पूछा कि यह पाउंड में कितनी राशि होगी। साथ ही मजाकिया लहजे में कहा कि मुझे सभी खाते फ्रीज करने पड़ सकते हैं, जिससे की यह राशि गायब नहीं हो जाए। उन्होंने कहा पर हम खुश थे। यह काफी अजीब अनुभव था। यह कंप्यूटर गेम की तरह लगता है। यह वास्तविक नहीं लगता, जैसे फुटबॉल मैनेजर में ट्रांसफर होते हैं पर जब अनुबंध मिलता है तो यह काफी वास्तविक भी होता है।

वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली 3 टेस्ट की सीरीज के लिए जगह नहीं दिये जाने पर वुड हैरान हैं। वुड ने कहा कि वे इन दोनों को बाहर किए जाने के बारे में जानकर ह्यहैरानह्ल हैं। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा होने की उम्मीद नहीं की थी। इन दोनों का दौरे पर नहीं होना एक अजीब सा अनुभवी होगा।



मैड्रिड में ला लिगा फुटबॉल मुकाबले में गोल रोकते हुए कार्डियाज के गोलकीपर जर्मियास।

## महिला विश्वकप : भारत ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 318 रनों का लक्ष्य दिया


### मंधाना और हरमनप्रीत ने लगाये शतक

हैम्लिटन, एजेंसी। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और अनुभवी बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर के शानदार शतकों से भारतीय टीम ने महिला विश्व कप क्रिकेट के अपने तीसरे मैच में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 318 रनों का बेहद कठिन लक्ष्य दिया है। भारतीय टीम की कप्तान मिताली राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। जिसे मंधाना और हरमनप्रीत ने शतक लगाकर सही साबित कर दिया। मंधाना ने 123 रन जबकि हरमनप्रीत ने 109 रन बनाये जिससे भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 317 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी के लिए आई भारतीय टीम को सलामी जोड़ी मंधाना और यस्तिका भाटिया ने 49 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरूआत दिलायी। सेलमेन ने यस्तिका को 31 रन पर आउट कर भारतीय टीम का पहल विकेट लिया। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरीं कप्तान मिताली केवल 5 रन ही बना पायीं। मिताली को हेली मैथ्यूज ने पेवेलियन भेजा।

अनीशा मोहम्मद ने दीप्ति शर्मा को 15 रन पर आउट करके वेस्टइंडीज टीम को तीसरी सफलता दिलाई।

इसके बाद स्मृति और हरमनप्रीत कौर बीच शतकीय साझेदारी हुई। दोनों ने भारतीय टीम के स्कोर 262 तक ले गई। चौथा विकेट मंधाना का गिरा। 290 के स्कोर पर भारतीय टीम का पांचवां विकेट ऋचा घोष के रूप में गिरा। ऋचा 5 रन बनाकर आउट हुईं। आउट होने वाली छठी बल्लेबाज पूजा वस्त्राकर रहीं। अनीशा ने पूजा को 10 रन पर आउट कर वेस्टइंडीज को छठी सफलता दिलायी। हरमनप्रीत आउट होने वाली सातवीं खिलाड़ी रहीं। हरमनप्रीत ने 107 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के की सहायता से 109 रन बनाये। डॉटिन ने झूलन गोस्वामी को 2 रन पर आउट करके भारतीय टीम का 8वां विकेट गिराया। इसके साथ ही भारतीय पारी समाप्त हो गयी।

## नई जर्सी में नजर आयेगी दिल्ली कैपिटल्स




नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली कैपिटल्स टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सत्र में एक नई जर्सी में नजर आयेगी। कैपिटल्स ने इस नई जर्सी को लांच कर दिया है। कैपिटल्स की टीम ने अपनी इस नई जर्सी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। कैपिटल्स की नई जर्सी सबसे पहले टीम के एक प्रशंसक को दी गयी। नई जर्सी के लांच किये जाने के अवसर पर टीम के अंतरिम मुख्य कार्यकारी विनोद बिष्ट ने कहा कि यह आईपीएल का एक नया सीजन है और हम अपने खिलाड़ियों को इस नई जर्सी में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमारी टीम के प्रशंसकों के लिए यह गौरव का पल है। इसलिए हमें हर स्तर पर उन्हें अपनी यात्रा में शामिल करना होगा।

कैपिटल्स की इस नई जर्सी में लाल और नीले रंग के बराबर डैश बने हैं। नई जर्सी युवा और जीवंत ऊर्जा को दिखाती है। इसमें लाल टीम मैदान में साहस का प्रतीक है, वहीं नीला रंग संतुलन और संयम का प्रतीक है। वहीं बाघ कैपिटल्स के लोगो का एक आंतरिक हिस्सा है। यह बड़ा और साहसी है क्योंकि टीम फिर से मुकाबले के लिए तैयार है।

आईपीएल के इस सत्र की शुरूआत 26 मार्च से होगी। इसमें दिल्ली की टीम को अपना पहला मुकाबला 27 मार्च को मुंबई इंडियंस से खेलना है।

## हेल्स ने आईपीएल से नाम वापस लिया, केकेआर ने फिंच को शामिल किया



मुम्बई, एजेंसी। इंग्लैंड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। हेल्स को आईपीएल के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 1.5 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। हेल्स ने बायो बबल से होने वाली थकान को देखते हुए इस टूनार्मेंट से अपना नाम वापस लिया है। केकेआर ने अब हेल्स की जगह पर ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच को शामिल किया है। फिंच ने अब तक 88 आईपीएल मुकाबलों में 2 शतक और 15 अर्धशतक की सहायता से 2686 रन बनाए हैं। केकेआर टीम को 26 मार्च को आईपीएल के अपने शुरूआती मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलना है।

हेल्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी डाली है। इसमें उन्होंने लिखा है , मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि मुझे आईपीएल से हटना पड़ रहा है। पिछले चार महीने घर से दूर रहने के बाद प्रतिबंधित बायो बबल में और ऑस्ट्रेलिया में स्वयं कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण करने के बाद अब मेरा शरीर एक बार ओर बायो बबल में रहने के लिए तैयार नहीं है। एलेक्स ने अब तक आईपीएल के 6 मैचों में 148 रन बनाए थे। इसमें उन्होंने 13 चौके और छह छक्के भी लगाये थे।

## सैफ अंडर 18 महिला फुटबॉल टूनार्मेंट के लिए भारतीय टीम घोषित




नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल संघ ने 15 से 25 मार्च तक जमशेदपुर में होने वाले सैफ अंडर 18 महिला फुटबॉल टूनार्मेंट के लिये 22 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गयी है। टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी ने कहा कि चयनित खिलाड़ी भारतीय फुटबॉल को आगे ले जाएंगी। डेनेरबी ने कहा ,ह्यह्य सबसे अहम बात यह है कि इतनी कम उम्र में इन्हें फुटबॉल की अच्छी खासी जानकारी है। अब इन्हें आगे जाने के लिए नियमित आधार पर अभ्यास की जरूरत है।ह्लह्ल साथ ही कहा कि बहुत से खिलाड़ी शुरूआत में काफी प्रतिभाशाली होते हैं पर बाद के वे अधिक सफल नहीं होते हैं जबकि औसत प्रतिभा वाले बहुत आगे बढ जाते हैं। इसलिये निरंतर अभ्यास सबसे जरुरी है। उन्होंने कहा कि सैफ जैसे टूनार्मेंट से खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी माहौल में दबाव का सामना करना सीखने में सहायता मिलती है। भारत को इस टूनार्मेंट में अपना पहला मुकाबला 15 मार्च को नेपाल से खेलना है। इसके बाद 19 मार्च को भारतीय टीम बांग्लादेश से खेलेगी। 21 मार्च को फिर से नेपाल से उसका सामना होगा। वहीं 25 मार्च को बांग्लादेश से खेलेगी।

टीम :

गोलकीपर : हेमप्रिया सेरम, मेलोडी चानू केशाम, एडरिजा सारखेल

डिफेंडर : एस्टम ओरोन, निशा, रितु देवी, पूर्णिमा कुमारी, नकीता, काजल, वर्षिका

मिडफील्डर : शिल्की देवी , पूनम, शुभांगी सिंह, प्रियंका सुजीश, मार्तिना थोकचोम, बबीना देवी, नीतू लिंडा ।

फॉरवर्ड : नैता कुमारी, रजिया देवी, अमीषा बाक्सला, सुनीता मुंडा, लिंडा कोम सेरतो ।

## बीसीबी के केन्द्रीय अनुबंध में शाकिब सहित पांच खिलाड़ी शामिल



ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑलराउंडर शाकिब अल हसन सहित पांच क्रिकेटरों को इस साल तीनों प्रारूपों के लिए केन्द्रीय अनुबंध दिया है। बीसीबी ने शाकिब के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाने से इंकार करने के बाद भी उन्हें अनुबंध में शामिल किया है। शाकिब ने दौरे पर जाने से माना करते हुए बीसीबी से ब्रेक मांगा था जिसपर बोर्ड ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनपर सवाल भी उठाये थे।

इससे पहले शाकिब जनवरी में भी निजी कारणों के नाम पर न्यूजीलैंड टेस्ट से बाहर हो गए थे। इसके बाद एक बार फिर उन्होंने कहा कि उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति उन्हें इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करने की नहीं है। बीसीबी ने बाद में उन्हें 30 अप्रैल तक सभी अंतररष्ट्रीय क्रिकेट मैचों से आराम दे दिया।

बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने कहा कि शाकिब नवंबर के मध्य तक उन्हें टेस्ट से दूर रखने के अपने शुरूआती अनुरोध से पीछे हो गए थे। अब की गयी घोषणा से पता चलता है कि बीसीबी इस साल के बाकी टेस्ट मैचों के लिए शाकिब के उपलब्ध होने की उम्मीद कर रही थी। शाकिब के अलावा बीसीबी ने सभी प्रारूपों के अनुबंधों के लिए मुशफकिर रहीम, लिटन दास, तस्कीन अहमद और शोरिफुल इस्लाम के साथ करार जारी रखा है।

वहीं महमुदुल हसन जॉय और यासिर अली, ऐसे दो खिलाड़ी हैं जिन्हें पहली बार टेस्ट क्रिकेट के अनुबंध पर रखा गया है। जबकि बीसीबी ने मोहम्मद सैफुद्दीन, सौम्य सरकार, सैफ हसन, अबू जायद और शमीम हुसैन को इस बार अनुबंध नहीं दिया गया है।

## मंधाना विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं



हैम्लिटन, एजेंसी। आईसीसी महिला विश्वकप क्रिकेट के अपने तीसरे मैच में भारतीय टीम की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 123 रनों की शानदार पारी खेली। यह मंधाना का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में पांचवों जबकि आईसीसी विश्व कप में अब तक का दूसरा शतक है। मंधाना ने 108 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से यह शतक लगाया। महिला विश्व कप में मंधाना ने इससे पहले साल 2017 के विश्व कप में शतक लगाया था।

मंधाना महिला विश्व कप में इस बार सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने अब तक तीन मैचों में एक शतक और अर्धशतक से 281 रन बनाए हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की रचेल हायनेस हैं , रचेल ने अबतक 161 रन बनाये हैं। रचेल दो मैच खेले हैं जबकि मंधाना ने तीन पारियां खेली हैं।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# खूबसूरती निखारे ब्लशर



आप बिना मेकअप किए भी ब्लशर लगाने से बेहद खूबसूरत दिखाई दे सकती हैं। चेहरे पर खिली सुंदर मुस्कान हर किसी को आपकी तरफ आकर्षित कर सकती है। आपकी इसी मुस्कान चार चांद लगा देता है ब्लशर। लेकिन, यदि आपने इसका गलत इस्तेमाल किया तो आप दस साल बड़ी उम्र की भी लग सकती हैं। आप बिना मेकअप किए भी ब्लशर लगाने से बेहद खूबसूरत दिखाई दे सकती हैं। ब्लशर लगाने में आपसे कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए आपका कुछ बातों का जानना बेहद जरूरी है।

**रोजी ग्लो के लिए**

मेकअप में ब्लशर सबसे जरूरी है। इसका इस्तेमाल डल स्किन में फ्रेश और रोजी ग्लो लाने में मदद करता है। इसमें थोड़ा गोल्डेन शिमर मिलाने से यह फीचर्स को बैलेंस कर देगा। इससे आप हल्के फीचर्स को उभार सकती हैं। उसे एक डेफिनिशन दे सकती हैं।

**दें सही कवरेज**

क्रीम ब्लशर, मूस ब्लशर पाउडर, लिक्विड या जेल ब्लशर लगाने का सही तरीका जानना जरूरी है।

**पाउडर ब्लशर**

पाउडर ब्लशर आपको बोल्ड लुक लेता है। क्योंकि इसकी कवरेज मीडियम से हेवी होती है। यह चीक्स को शेप, शेड और कॉन्टूर करने के लिए बेस्ट है। इसे लगाने का सही तरीका है, डोम-शेप्ड ब्लशर ब्रश को ब्लशर पर रखकर गोलाई में घुमाएं। फिर मुस्कराएं और चीक्स के एपल पर हल्का स्ट्रोक्स देते हुए लगाएं। माथे की तरफ ले जाते हुए लगाएं। ब्रश से अच्छी तरह ब्लेंड करें।

**लिक्विड/जेल ब्लशर**

इसे आप चीक्स और लिप्स दोनों के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर दूसरे शेड्स और प्रोडक्ट भी इसके साथ प्रयोग कर सकती हैं। लिक्विड से क्रीम जेल का टेक्सचर अलग-अलग होता है। ये लॉन्गलास्टिंग व नैचुरल मैट स्टेन लुक देते हैं।

# मल्टीग्रेन आटा करे बीमारियों को दूर

गेहूं में अगर दूसरे अनाज को मिला कर आटा पिसवाया जाए तो ऐसे आटे से बनी रोटी की पौष्टिकता बढ़ जाती है। मल्टीग्रेन आटे का इस्तेमाल करने के लिए आमतौर पर भारतीय घरों में रोटी बनाने के लिए गेहूं, बाजरा, मक्का और ज्वार जैसे अनाज का इस्तेमाल करते हैं। गेहूं में अगर दूसरे अनाज को मिला कर आटा पिसवाया जाए तो ऐसे आटे से बनी रोटी की पौष्टिकता बढ़ जाती है। आज हम आपको मल्टीग्रेन आटे से बनी रोटी कई तरह की बीमारियों को दूर करने में फायदेमंद होती है।



## विभिन्न रोगों में मल्टीग्रेन आटे का उपयोग

**डायबिटीज के लिए फायदेमंद है मल्टीग्रेन आटा**

मधुमेह के रोगी 5 किलोग्राम गेहूं के आटे में डेढ़ किलोग्राम चना, 500 ग्राम जौ और 50 ग्राम मेथीदाना मिला कर पिसवाएं। मेथी ब्लडशुगर को नियंत्रित करती है। 5 किलोग्राम गेहूं के आटे में प्रोटीन के मुख्य स्रोत 500 ग्राम सोयाबीन, 1 किलोग्राम चना और 500 ग्राम जौ मिला कर पिसवाए गए आटे की रोटी खाने से बढ़ती उम्र के बच्चों को लाभ होता है।

**प्रेग्नेंट महिलाएं ऐसे करें मल्टीग्रेन आटे का इस्तेमाल**

गर्भवती महिलाओं को गेहूं के आटे में सोया, पालक, मेथी, बथुआ और लौकी जैसी हरी सब्जियों और थोड़ी सी अजवाइन का मिला कर उस का प्रयोग करना चाहिए। मेनोपौज की प्रक्रिया से गुजर चुकी महिलाओं के शरीर में हारमोन परिवर्तित हो जाते हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाओं को हाई ब्लडप्रैशर, हाई कोलैस्ट्रौल और डायबिटीज जैसी बीमारियां घेर लेती हैं। ऐसी स्थिति में 10 किलोग्राम आटे में 5 किलोग्राम गेहूं, 1 किलोग्राम सोयाबीन, डेढ़ किलोग्राम चना और 1 किलोग्राम जौ मिला कर उस आटा का प्रयोग करें। मोटापे के शिकार लोगों को गेहूं के आटे के बजाय केवल चना, ज्वार, बाजरा जैसे विभिन्न अनाज से बनी रोटी का प्रयोग करना चाहिए।



# बैगन के फायदे

वजन कम करने या मोटापे की समस्याओं का सामना करने वाले लोगों के लिए, बैगन बहुत ही स्वस्थ भोजन है, क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार का वसा या कोलेस्ट्रोल नहीं होता। बैगन भारतीय उपमहाद्वीप में मूल रूप से पायी जाने वाली सब्ज़ी है, लेकिन अब यह दुनिया भर के सांस्कृतिक व्यंजनों में पायी जाती है। दुनिया भर में बैगन के कई प्रकार की क़िस्मों का उपयोग किया जाता है और यह कई अलग अलग तरीक़ों के व्यंजनों में शामिल होता है। इसे आम तौर पर सब्ज़ियों का राजा कहा जाता है, क्योंकि यह, सांस्कृतिक विरासत में सबसे अधिक बहुमुखी और कार्यात्मक खाद्य पदार्थों में से एक है। यह न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है। बैगन हमें विटामिन, खनिज और पोषक तत्व प्रदान करता है। इसमें विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन बी6, थायमिन, नियासिन, मैग्नेशियम, फ़ोसफ़ोरस, कौपर, फाइबर, पोटेशियम और मैगनीज पाया जाता है।

**बैगन वज़न कम करता है**

वजन कम करने या मोटापे की समस्याओं का सामना करने वाले लोगों के लिए, बैगन बहुत ही स्वस्थ भोजन है, क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार का वसा या कोलेस्ट्रोल नहीं होता। इसमें पाया जाने वाला फ़ाइबर ग्रालिन होर्मोन को बनने से रोकता है, जिससे व्यक्ति हमेशा, भरा हुआ महसूस करता है, और उसे ज़्यादा खाने से रोकता है।

**कैंसर के लिए लाभदायक**

बैगन में पाए जाने वाले एंटीओक्सिडेंट्स, विभिन्न बीमारियों से हमारी रक्षा करते हैं, इसमें पाया जाने वाला विटामिन सी हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली का अहम हिस्सा है। इसमें मैगनीज होता है जो एक प्राकृतिक एंटीओक्सीडेंट है। नियसिन, और क्लोरोजेनिक एसिड फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं। फ्री रेडिकल्स हमारी तंत्रिका को बिगाड़ने, अल्ज़ाइमर रोग और मनोभ्रंश की उपस्थिति को उत्पन्न करते हैं।



# खूबसूरती में चार चांद लगाए नारियल

अगर आप अपने लिए खूबसूरत रंगरूप चाहती हैं तो नारियल पर डालिए एक नजर.. क्या आप जानते हैं कि नारियल प्रकृति का सबसे ज्यादा बहुपयोगी फल है? प्राचीन काल से ही सेहत और सुंदरता पाने के लिए इसका अलग अलग तरह से इस्तेमाल किया गया है. हम इसका इस्तेमाल करते हैं, फिर भी यह नहीं जानते हैं कि इसके अलगअलग रूप जैसे पानी, गूदा, तेल और मलाई खूबसूरती निखारने का सर्वोत्तम तरीका है...

**रंगरूप संवारे... खूबसूरत अहसास जगाए**

नर्म, मुलायम और निखरे रंगरूप के लिए नारियल तेल से बढ़कर और कुछ नहीं। नारियल तेल तेजी से त्वचा में समा जाता है और इसे भीतर से खिला-खिला और दमकता बनाता है। इसके अलावा रूखी, खुरदरी और झुर्रियों से युक्त त्वचा को चिकना बनाने में यह अति उत्तम है।

वर्जिन नारियल तेल- इसमें है एंटीऑक्सीडैंट, जो त्वचा को फ्री रैडिकल्स से सुरक्षित रखते हैं, जिनके कारण त्वचा अपना लचीलापन खो देती है। यह उम्र और तेज धूप के कारण दिखाई देने वाले बदसूरत दाग-धब्बे भी दूर करता है।

**बाल... आज और कल**

बाल आपकी खूबसूरती का एक खास हिस्सा है। अगर आप दक्षिण भारत की अधिकतर स्त्रियों के बाल देखेंगे तो पाएंगे कि इनके बाल कितने घने, लंबे, काले चमकीले होते हैं। इनका रंगरूप भी कितना मुलायम औद बेदाग होता है। इसका क्या राज है? दरअसल, ये स्त्रियां अपने भोजन में और रंगरूप संवारने के लिए हर दिन नारियल तेल का इस्तेमाल करती हैं। नारियल तेल बालों की जड़ों को पोषण देकर, इसके स्वाभाविक और स्वस्थ विकास को बनाए रखता है। यह सिर की त्वचा को ठंडक पहुंचाता है। नारियल तेल को हल्का सा गर्म करें और बालों पर लगाएं। खास तौर पर बालों की जड़ों पर। इसे रात भर रहने दें और सुबह बालों में शैम्पू कर लें। यह निश्चित रूप से साबित हो चुका है कि शुद्घ नारियल तेल के नियमित इस्तेमाल से बालों का झड़ना 50% तक कम हो जाता है।

# क्यों जरूरी है ब्रेस्टफीडिंग



**शिशु के पोषण के साथ साथ एक मां को स्तनपान कराते समय स्वच्छता का भी अधिक ध्यान देना चाहिए। दुनिया भर में केवल पांच में से दो बच्चे जन्म के दो घंटे के भीतर स्तनपान का लाभ ले पाते हैं – वह सुनहरे घंटे शिशु को बढ़ने और विकसित होने का सबसे अच्छा मौका देते है। ब्रेस्टफीडिंग नई माताओं को अपने शिशु के साथ शारीरिक और भावनात्मक रूप से बांड बनाने में मदद करती है। जन्म से लेकर छह महीनों तक शिशु के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान बहुत महत्वपूर्ण है। मां का दूध शिशुओं में शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के साथ, पोषक तत्व भी प्रदान करता है।**

शिशु के साथ-साथ स्तनपान मां के लिए भी अति लाभदायी होता है। स्तनपान के सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक लाभ यह है कि स्तनपान कराने की सुविधा देने वाला मुख्य हार्मोन गर्भाशय को उसकी पूर्व स्थिति मे लाने में मदद करता है। नई माताओं में यह मोटापा और ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने के साथ-साथ स्तन और ओवेरियन कैंसर के खतरे को भी कम करता है। पहले के समय में माताएं घर पर रह कर शिशु का लालन- पोषण करती थी और उनको छह माह से लेकर साल भर तक स्तनपान कराती थी। लेकिन आज की परिस्थिति कुछ अलग है। आजकल अधिकांश माताएं काम पर जाती हैं और उन्हें लंबे समय तक घर से दूर रहना पड़ता है। हालांकि पिछले कुछ महीनों से बहुत सी माताएं घर से ही काम कर रही हैं , लेकिन घर के काम और ऑफिस के रूटीन के चलते वह हर समय शिशु को स्तनपान नहीं करा पाती , जिससे नई माताओं के लिए स्तनपान का अभ्यास जारी रखना मुश्किल हो जाता है। लेकिन, यह सुनिश्चित करना बेहद ज़रूरी है कि शिशु कम से कम छह महीने से लेकर एक साल तक के लिए विशेष रूप से स्तनपान पर निर्भर रहे।

# रस्सी कूदें और कद बढ़ाएं



अगर आपका बच्चा खेल-खेल में रस्सी कूदता है, तो ये जानकर आपको खुशी होगी कि ये एक ऐसा खेल है जो व्यायाम भी है और साथ ही सेहत को कई प्रकार से फायदा पहुंचाता है। ये भी कहा जाता है कि रस्सी कूदने से छोटे कद वालों को अपनी हाइट बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके अलावा भी रस्सी कूदने के कई फायदे होते हैं, आइए जानते हैं -

- रस्सी कूदना शरीर के रक्तसंचार को बढ़ाने के साथ ही आपको ऊर्जावान बनाने के लिए काफी फायदेमंद है। यह उत्साह बढ़ाने का भी बेहतरीन जरिया है।
- वजन कम करना हो या फिर शरीर की बढ़ी हुई चर्बी कम करना हो, रस्सी कूदना सबसे आसान विकल्प है, जो आप जब चाहें आजमा सकते हैं।
- बढ़ती उम्र में रस्सी कूदना, कद बढ़ाने के लिए बढ़िया एक्सरसाइज है। खेल-खेल में ही यह हाइट बढ़ाने का एक प्रभावी तरीका साबित होता है।
- यह आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है, तनाव को कम करता है साथ ही चेहरे पर प्राकृतिक चमक लाने के लिए भी सहायक है।
- यह शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाता है, साथ ही हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके अलावा शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे आप स्वस्थ्य बने रहते हैं।

# बालों से निकालें हाईलाइट कलर

बालों पर मन मुताबिक कलर ना हो पाया है और आपको लगता है कि वो हेयर कलर आप पर बिल्कुल भी सूट नहीं करता तो उसे बिना कुछ सोंचे समझे निकाल डालिये। प्रस्तुत हैं ये टिप्स। बालों को नया रंग देने या उन्हें हाईलाइट करने से आपकी पर्सनालिटी में निखार आता है। पर कभी–कभार बालों पर मन का रंग ना चढ़ने की वजह से सारा मूड खराब हो जाता है। ये रंग बड़े पक्के होते हैं और लगभग 6 महिने तक आपके बालों के साथ रहते हैं। पर बालों पर मन मुताबिक कलर ना हो पाया है तो इसका ये मतलब बिल्कुल भी नहीं है कि आपको उस गलती के साथ जीना पडेगा। अगर आपको लगता है कि आपके बालों का हेयर कलर आप पर बिल्कुल भी सूट नहीं करता तो उसे बिना कुछ सोंचे समझे निकाल डालिये।

**विटामिन सी टेबलेट**

बाजार से जा कर सबसे सस्ती विटामिन सी की टेबलेट्स खरीद कर ले आइये। उसके बाद करीबन 25-30 टेबलेट को पीस कर पानी के साथ पेस्ट बना लें। अब इसे हल्के हल्के अपने सिर पर लगा कर मालिश करें और 30 मिनट तक ऐसे ही रखने के बाद बालों को शैंपू से धो लें। ऐसा करने से बालों का रंग दो-तीन शेड हल्का हो जाएगा।

**हॉट आयल ट्रीटमेंट**

इस ट्रीटमेंट को आप घर पर भी कर सकती हैं। इससे बाल जड़ से मजबूत होते हैं और बालों का कलर भी हल्का हो जाता है। लेकिन इस ट्रीटमेंट को एक हफ्ते में एक बार से ज्यादा ना करें।



**लॉन्ड्री डिटर्जेंट या साबुन**

बालों से रंग को छुडाऩे के लिये अपने शैंपू में डिटर्जेंट या कपड़े धोने वाला साबुन मिला कर बाल धोएं। इस विधि को आप कई बार प्रयोग कर सकती हैं। ध्यान रहे कि इसमें ज्यादा ब्लीचिंक कंटेंट ना रहे वरना बालों को नुक्सान भी पहुंच सकता है।



# आयरन की कमी को करें पूरा

**गर्भावस्था के दौरान अपनी और गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत का सही ध्यान रखना है तो आयरन से जुड़ी इन बातों को नजरअंदाज करने की भूल न करें... आयरन उन महत्त्वपूर्ण पोषक तत्त्वों में से एक है जो प्रैगनैंसी में आप को और आप के शिशु को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। प्रैगनैंसी के दौरान आयरन की आवश्यकता दोगुनी हो जाती है।**

आयरन का उपयोग शरीर में औक्सीजन का संचार करने के लिए होता है। यह लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाने वाला एक प्रोटीन का घटक है जोकि हीमोग्लोबिन की मदद से पूरे शरीर में औक्सीजन ले जाने का काम करता है। इस के अलावा यह मायोग्लोबिन (मांसपेशियों में पाया जाने वाला एक तरह का प्रोटीन) की मदद से मांसपेशियों में भी औक्सीजन का संचार करने का काम करता है। साथ ही यह कई जरूरी ऐंजाइम्स के उत्पादन के लिए भी जरूरी होता है जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करता है।

प्रैगनैंसी के दौरान आप को अपने और डेली ग्रो करते शिशु के लिए विशेषरूप से दूसरी और तीसरी तिमाही में अतिरिक्त आयरन की जरूरत होती है। सही आयरन की आपूर्ति प्लैसेंटा का सही विकास सुनिश्चित करती है और प्लैसेंटा के जरीए ही गर्भनाल के द्वारा शिशु को सभी पोषक तत्व और औक्सीजन पहुंचती है, जिस से शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से होता है।

**आयरन की कमी पड़ सकती है भारी**

अधिकतर डाक्टरों का यही मानना है कि वैजिटेरियन भोजन करने वाली अधिकतर महिलाएं अकसर कुछ हद तक आयरन की कमी यानी ऐनीमिया की शिकार होती हैं और ये स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब महिला प्रैगनैंट हो, क्योंकि ऐसे में उसे दोगुनी मात्रा में आयरन की आवश्यकता होती है। ऐक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर आप सही मात्रा में आयरन नहीं लेती हैं तो आप को प्रीमैच्योर डिलिवरी, सिजेरियन डिलिवरी और शिशु के विकास में रुकावट का भी सामना करना पड़ सकता है।

# पालक में छिपा है रूप का खजाना

पालक की पत्तियां स्वास्थ्य के लिए तो अच्छी होती हैं ही, रूप निखारने में भी इनका खूब इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप नियमित तौर पर इनका इस्तेमाल करेंगे तो खुद ही महसूस करेंगे कि त्वचा में एक अलग निखार आ गया है। पालक की पत्तियों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके इस्तेमाल से ढलती उम्र के लक्षण कम नजर आते हैं। पालक की पत्तियों में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। इसके अलावा यह विटामिन ए और सी का भी एक अच्छा माध्यम है। लवणों की बात करें तो इसमें मैग्नीशियम, आयरन, पोटैशियम और ऑक्जेलिक एसिड होते हैं। ये सभी तत्व बालों के लिए अच्छे होने के साथ ही त्वचा की देखभाल के लिए भी बेहतरीन रहते हैं। पालक की पत्तियों के कुछ ऐसे उपाय जिन्हें आप अब तक नहीं जानते होंगे :

पालक में विटामिन बी, सी और ई पाया जाता है। इसके अलावा इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और ओमेगा 3 फैटी एसिड्स भी भरपूर होते हैं। ये सभी तत्व बालों की लंबाई के लिए बेहद जरूरी होते हैं। पालक में मौजूद आयरन शरीर में ऑक्सीजन के बहाव को बढ़ाता है। इससे कोशिकाओं में रक्त संचार बढ़ता है। इस वजह से पालक बालों की लंबाई बढ़ाने में मदद करता है।

**बालों का झड़ना कम करें**

आयरन की कमी से एनीमिया होने की आशंका बढ़ जाती है। इस वजह से भी बाल गिरना शुरू हो जाते हैं। पालक में पर्याप्त मात्रा में आयरन पाया जाता है जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाने का काम करता है।



पालक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके इस्तेमाल से ढलती उम्र के लक्षण कम नजर आते हैं .

## आज की रेसिपी

# थाई क्रंची रोल



यह एक यम्मी थाई स्नैक रेसिपी है जिसमें आपको थाई स्वाद के साथ मशरूम, बेबी कॉर्न, बीन्स और अन्य चीजों का स्वाद मिलेगा.

**सामग्री :**

- थाई अदरक, लेमन लीफ ब्रॉकली, मशरूम, बेबी कॉर्न बीन्स, नींबू, धनिया, सॉस, थाई मिर्च का पेस्ट, करी पाउडर, वेज ऑस्टर सॉस, डार सोया सॉस, क्रशड काली मिर्च, सुगंधित मसाला पाउडर

**विधि :**

- कड़ाही में तेल डालें, थाई हर्ब्स, लहसुन, वेजिटेबल सीज़निंग डालें और 5 मिनट तक हिलाएं और फिर थाई चिली पेस्ट सॉस डालें.
- एक स्प्रिंग रोल पेस्ट्री शीट बिछाएं या एक साफ सतह पर लपेटें.
- इसके एक कोने पर 2 बड़े चम्मच फीलिंग रखकर इसे रैप करें, इसके बाद राइट और लेफट दोनें तरफ से टाइट रोल करें.
- अब कड़ाही में तेल गरम करें और मीडियम आंच पर इन्हें फ्राई करें.
- रोल्स को गोल्डन ब्राउन होने तक डीप फ्राई करें, इसे पेपर टॉवल पर निकाल लें और थाई चिली सॉस के साथ सर्व करें.